जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 9 जनवरी, 2022


# ऐतिहासिक

## 45 लाख का सवाल

## 2022 में

## कौन बनेगा कोठीपति?

NO
MIDDLE-MEN
DIRECT
TO CUSTOMER

Kedia's
THE KOTHI
भव्य·उत्कृष्ट·श्रेष्ठ

FIXED PRICE



SIRSI ROAD, VAISHALI EXTENSION, JAIPUR

KEDIA
Transforming Realty

Call: 7877-07-27-37

www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com
www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2021/1523, RAJ/P/2021/1526

*T&C Apply

विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। -अथर्ववेद

# पुराने प्राकृतिक वनों को बचाना विश्व में वानिकी की सर्वोच्च प्राथमिकता है

ऐसे वन जो विकास के उन्नत चरण में हैं या जहाँ विविध प्रजातियों के पुराने, मोटे और बड़े वृक्षों की बहुतायत है उन्हें दुनिया प्राइमरी फॉरेस्ट्स या ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स के नाम से जानती है। ऐसे वनों के पारिस्थितिक, सामाजिक और आर्थिक महत्त्व पर विश्व भर में बड़ी शोध हुई है। ऐसे वनों की पहचान एक कठिन कार्य है, क्योंकि ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स की अभी भी कोई एक मानक परिभाषा नहीं है। फिर भी इन वनों में प्रमुख प्रजातियों की लंबी उम्र, प्राकृतिक गड़बड़ी का कम से कम होना, मानव हस्तक्षेप का कम होना, छाया-सहिष्णुता या छाया में भी उग सकने वाली प्रजातियों की बहुलता, विशिष्ट संरचनाओं, जैसे बड़े-बड़े पेड़, खोखलों में घोंसले बनाने वाले पक्षियों की उपस्थिति और बहुतायत, भारी-भरकम पुराने वृक्षों के यत्र तत्र गिरे-पड़े संचित सूखे तने, मिट्टी के ऊपर पत्तियों और सूखी टहनियों की मोटी परत आदि लक्षणों के संदर्भ में पहचाना और परिभाषित किया जाता है।

प्राचीन ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स की परिभाषा भले ही अभी तक स्पष्ट नहीं हो पायी हो किन्तु वन विभाग में कार्य करने वाले लोगों को इनकी पहचान है। सबसे पहली बात तो यह है कि यहां पर उस क्षेत्र के सर्वाधिक विशाल और प्राचीन वृक्षों का झुण्ड मिलेगा। दूसरी बात यह है कि इन वृक्षों में एपीफाइट्स तथा आर्किड जैसी विभिन्न प्रजातियां वृक्षों की मोटी शाखाओं में उगती हुयी मिलती हैं। इसके साथ ही ऐसे क्षेत्रों में कैविटी-नेस्टिंग बर्ड्स की भी बहुतायत होती है। इन क्षेत्रों में मिलने वाले बड़े वृक्षों में मधुमक्खियों के छत्ते भी प्रायः देखे जाते हैं। इसके अलावा बड़े वृक्षों के मुख्य तने में छाल में निवास करने वाले विविध प्रजातियों के कीड़े-मकोड़े पाये जाते हैं। सैप्रोजायलिक कवक, लाइकेन तथा कीड़ों की प्रजातियां बड़ी संख्या में सूखी गिरी-पड़ी लकड़ी पर निर्भर होती हैं। ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट के नीचे की मिट्टी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें पोषक तत्वों की प्रायः कोई कमी नहीं पाई जाती। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व भी प्रचुर मात्रा में मिलते हैं क्योंकि यदि आग, चराई और कटान नहीं हो रहा है तो बायोजियोकेमिकल चक्र सुचारु रुप से चलते हैं। ऐसा संभव है ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स के आसपास कोई नदी नाला या नम भूमि इत्यादि हो। प्रायः यह भी देखा गया है कि ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स में पौधों और प्राणियों की जो प्रजातियां मिलती हैं वे समीपवर्ती वन क्षेत्रों से कुछ भिन्न हो सकती हैं। इन क्षेत्रों में प्रायः बड़े बीजों वाली प्राणी-विकीर्णित वृक्ष प्रजातियों का बाहुल्य होता है।

उष्णकटिबंधीय वनों में जहां प्रजातियों की विविधता और प्राकृतिक वातावरण पर मानव दबाव दोनों ही अधिक हैं, भूमि-उपयोग परिवर्तन जैव-विविधता को गंभीर खतरे में डालते हैं। कृषि, लकड़ी के लिये कटान, उद्योगों की स्थापना और अन्य उपयोगों के लिये उष्णकटिबंधीय वनों के तेजी से बदलाव उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता को नष्ट कर देते हैं। एक शोध जो 138 अध्ययनों की मेटा-एनालिसिस का उपयोग कर की गयी, के परिणाम उष्णकटिबंधीय जंगलों में मानवीय दखल के कारण विक्षोभ और भूमि रूपांतरण से जैव-विविधता पर पड़ने वाले प्रभाव का वैश्विक मूल्यांकन प्रदान करते हैं (देखें, एल. गिब्सन इत्यादि, नेचर, 478(7369):378-381, 2011)। इस अध्ययन में प्राथमिक वनों जिनमें कोई मानवीय दखल नहीं था और बिगड़े वनों जिनमें मानवीय दखल था, में जैव-विविधता का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। यह पाया गया अवक्रमित या बिगड़े वनों में जैव-विविधता की स्थिति तमाम कारणों से बहुत ख़राब थी। यह वैश्विक शोध निर्विवाद रूप से सिद्ध करती है की वन-विनाश के विविध कारणों का उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता पर अत्यंत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इस शोध के परिणाम स्पष्ट रूप से इंगित करते हैं कि जब उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता को बनाये रखने की बात आती है, तो प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है।

संपूर्ण विश्व के कुल 23 से26 प्रतिशत वन ही अब प्राइमरी या ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स के रूप में बचे हैं। राजस्थान में कई जिलों में ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स अभी भी बचे हुये हैं, हालांकि ऐसे वन उष्णकटिबंधीय शुष्क क्षेत्रों में विशेष रुप से संकटापन्न हैं। संकट के मुख्य कारण आसपास रहने वाली मानव आबादी के पालतू मवेशियों द्वारा चराई, जलाऊ लकड़ी के लिये कटाई और घर बनाने के लिये इमारती लकड़ी की कटाई इत्यादि हैं। ऊपर से प्राकृतिक और मानव-जनित कारणों से आग भी ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को बड़ी हानि पहुँचती है। कई क्षेत्रों में बड़े वृक्षों की शाखाओं को काट कर साल दर साल चारे के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिये कोटा जिले में नदी-नालों के किनारे के पुराने वनों से अर्जुन (कहुआ, कोहड़ा) के बड़े वृक्षों की शाखाओं को काटकर भैंसों के चारे के रूप में उपयोग होता है। हर साल शाखा कटान के कारण इन वृक्षों में फूल, फल और बीज लगने की प्रक्रिया भी बाधित होती है। बीजों का उत्पादन और विकीर्णन नहीं होने से प्राकृतिक पुनरुत्पादन बाधित होता है। जिन क्षेत्रों में बीजों का उत्पादन होता भी है वहां बीज विकीर्णन करने वाली वन्य-प्राणी प्रजातियां ना होने से अब केवल बड़े वृक्ष ही बचे हैं क्योंकि प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं के बराबर है। जो भी थोड़ा बहुत पौधे उगते हैं वे भी बड़े होने के पहले ही चर लिये जाते हैं। आग का भी प्रकोप होता है, हालांकि उष्णकटिबंधीय शुष्क वनों में पिछले 30 वर्षों वनों में प्रायः सतही आग ही लगी है। इससे बड़े वृक्षों को भले ही हानि ना होती हो, किंतु बीजों, बिजौलों व प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बड़ी हानि पहुंचती है। क्लाइमेट चेंज की दशा में आर्द्र तराई क्षेत्रों के वनों में हर जगह पुराने जंगलों मेंजमीन के ऊपर के जैवभार (बायोमास) में कमी आने की भारी आशंका है। उष्ण कटिबंध में वर्ष 2081-2100 के मध्य तक तापमान बढ़ने के कारण इस कमी का अनुमान 41 प्रतिशत और विश्व स्तर पर 29 प्रतिशत है (देखें, एम. लर्जावारा इत्यादि, कार्बन बैलेंस एंड मैनेजमेंट, 16(1):31, 2021)।

**प्राचीन, विशालकाय वृक्षों वाले उष्णकटिबंधीय वन जैव-विविधता की जीती-जागती अनमोल विरासत हैं। इनका संरक्षण वैश्विक प्राथमिकता है। उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता और उससे मानवता को प्राप्त होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ बनाये रखना है तो पुराने प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है। इन वनों के प्रमाण-आधारित प्रबंध में निवेश अनिवार्य है।**

अरावली पर्वत श्रंखला में पुराने वृक्षों वाले प्राकृतिक वन लोगों की आध्यात्मिक आस्था के स्थान के रूप में भी प्रायः मिल जाते हैं। लोग इन क्षेत्रों को देववनों के रूप में पूजते और संरक्षित करते हैं। आस्था के कारण इन क्षेत्रों में हालांकि वृक्षों का कटान नहीं होता लेकिन पशुओं की चराई के कारण प्राकृतिक पुनरुत्पादन की स्थिति ठीक नहीं है। समस्या यहहै कि जहाँ स्थानीय देवी देवता की मूर्ति रखी गई है वहां वृक्षों को हटाकर बड़े धार्मिक परिसर बनाने का चलन बढ़ रहा है, जिससे वनों और पुराने वृक्षों को हानि होती है।

पुराने वनों का संरक्षण और प्रबंध प्रायोगिक रुप से विशेष महत्व रखता है। इन वनों के अनगिनत लाभ हैं। वनानुभव व पारिस्थितिक पर्यटन, मानव के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य हेतु संसाधन, जैव-विविधता व आनुवंशिक संसाधन का संरक्षण,कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन और भंडारण, भौम-जलस्तर में बढ़त व जल-धाराओं, झरनों व नदियों के रूप में पानी की उपलब्धता, देववनों के रूप मेंस्थानीय सांस्कृतिक मूल्यों के वाहक होते हैं। ऐसे वनों के संरक्षण को बढ़ावा देने वाली रणनीतियाँ केवल इन वनों को केन्द्रित कर बनाये जाने के बजाय सम्पूर्ण भू-परिदृश्य के स्तर पर बनाना आवश्यक होता है। पहली बात इनमें बड़े वृक्षों की बहुतायत के कारण बड़ी मात्रा में कार्बन जमा होता है और सैकड़ों साल तक होता रहता है, इसीलिये ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को विश्व के कार्बन भण्डार के रूप में जाना जाता है। क्लाइमेट चेंज मिटीगेशन के लिए यह भण्डार अति महत्वपूर्ण है (देखें, एस. लुस्स्येर्ट इत्यादि, नेचर, 455(7210):213-215, 2008)। दूसरी बात यह है कि पुराने पेड़ों में अपेक्षाकृत स्थिर विकास दर होती है, जो ग्लोबल वार्मिंग के विरुद्ध उल्लेखनीय प्रतिरोध देती है (देखें, एम. कोलेंगेलो इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 801,149684, 2021)। इसके साथ ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसे वन अन्य क्षेत्रों में वनों के पुनर्स्थापन के लिये उन प्रजातियों के बीजों और जैव-विविधता के सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं जो लोगों के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं किन्तु उष्णकटिबंधीय वनों के अन्य क्षेत्रों से स्थानीय रुप से विलुप्त हो चुकी हैं (देखें, डी.एन. पाण्डेय, कन्जर्वेशन बायोलॉजी, 17(2):633-635, 2003)।

इसी बात को ध्यान में रखते हुये राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को चिन्हित कर माइक्रो-रिजर्व्स घोषित कर उनका संरक्षण व संवर्धन एवं सतत विकास किया जाना आवश्यक है। इन क्षेत्रों के अंदर पुराने और बड़े वृक्षों का संरक्षण और साथ में संपूर्ण क्षेत्र का संरक्षण दोनों को ही ध्यान रखना आवश्यक है। इस कार्य के लिए जो निवेश किया जाना आवश्यक है उसमें चराई और कटाई से बचाव के साथ-साथ यहां सूखी गिरी-पड़ी लकड़ी को भी बाहर निकालने से रोकना आवश्यक है। जैसा कि ऊपर बताया गया है सूखे गिरे-पड़े वृक्ष भी तमाम प्रजातियों के संरक्षण के लिये आवश्यक हैं।

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि इन क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं हो रहा है तो वनों के वितान में जहां खुले स्थान मिल रहे हैं वहां पर उसी प्रकार की प्रजातियों का रोपण आवश्यक है जो ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट में पाई जाती हैं। ऐसी प्रजातियां प्रायः बड़े बीजों वाली और चौड़ी पत्ती वाली होती हैं। बड़े बीज होने से इनका विकीर्णन बड़े शरीर वाले प्राणियों द्वारा ही हो सकता है परंतु चूंकि अनेक क्षेत्रों से बड़े शरीर वाले प्राणी विलुप्त हो चुके हैं इसलिए हमें वृक्षारोपण, सीधी बुवाई और डंडारोपण करना आवश्यक हो जाता है। राजस्थान में बड़े बीजों वाली प्रजातियों में आम, महुआ, जामुन, अर्जुन, बहेड़ा, सादड़, कणज, घटबोर, लिसोड़ा, बीजासाल, खाखरा, कड़ाया, सीताफल, बेल, नीम, कचनार, तेंदू, बिस्तेंदू, गोदल, ऊंबिया, इमली, सागवान, बेर, खजूर, अचार या चारोली, कुसुम, हिंगोट, अरीठा, आदि शामिल हैं। कुछ ऐसी प्रजातियाँ भी उगाना चाहिये जो फलों के लिये प्रसिद्ध हैं, भले ही वे छोटे बीज वाली हों। आँवला, बरगद, कैंथगूलर, पीपल, कैर, लिसोड़ा, जाल, खेजड़ी आदि फल के लिये जानी जाती हैं (देखें, डी.एन. पाण्डेय, अरावली के वन्य वृक्षः वनवर्धन एवं पौधशाला प्रबंध, पृष्ठ 1-24, 1992)।

तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स प्रायः अब छोटे कुञ्ज के रूप में ही बचे हैं तो इनका दायरा धीरे-धीरे बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए सबसे उपयोगी यह है कि ऐसे क्षेत्रों को फॉरेस्ट रेस्टोरेशन के लिये चयनित किये जा रहे बड़े क्षेत्रों के अंदर लेकर बड़े दायरे में वृक्षारोपण करना चाहिये। बाहर के दायरे में जहां प्रजाति विविधता कम है या क्षेत्र खाली हो गये हैं वहां पर अर्ली-सक्सेशनल, मिड- सक्सेशनल, और लेट-सक्सेशनल प्रजातियों के मिश्रण का वृक्षारोपण और बुवाई आदि किया जाना उपयोगी रहेगा। जहाँ नमी नहीं है वहां जल और मृदा संरक्षण की विधियों का भी प्रयोग करना आवश्यक है। साथ ही थोड़ी-बहुत वनस्पति जो उस क्षेत्र में हो उसका संरक्षण करना उपयोगी रहेगा। ऐसा करने से धीरे-धीरे ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट का दायरा बढ़ने लगेगा। इस रणनीति का एक लाभ यह भी है कि क्षेत्र में पक्षियों द्वारा विकीर्णित होने वाले बीजों का विकीर्णन भी पूरे वृक्षारोपण क्षेत्र में बढ़ेगा। सुरक्षित क्षेत्र में होने वाला अंकुरण और पनपने वाले पौधों के सुरक्षित बड़े पौधों के रूप में विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

प्राचीन, विशालकाय वृक्षों वाले उष्णकटिबंधीय वन जैव-विविधता की जीती-जागती अनमोल विरासत हैं। इनका संरक्षण वैश्विक प्राथमिकता है। उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता और उससे मानवता को प्राप्त होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ बनाये रखना है तो पुराने प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है। इन वनों के प्रमाण-आधारित प्रबंध में निवेश अनिवार्य है।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

(9 जनवरी- गुरु गोविंद सिंह जयंती विशेष)

# राष्ट्रधर्म, मानव समाज कल्याण एवं नैतिक मूल्यों के प्रबल समर्थक गुरु गोविंद सिंह

सिखों के दसवें आध्यात्मिक गुरु गोविंद सिंह वीरता, शौर्य, साहस, त्याग एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। उनमें ज्ञान, त्याग, बलिदान, भक्ति एवं शक्ति का अद्भुत मिश्रण था। राष्ट्रधर्म की रक्षा, मानव समाज के उत्थान एवं नैतिक मूल्यों की रक्षा के प्रति दृढ़ संकल्पित थे।

गुरु गोविंद सिंह का जन्म 1966 ईस्वी में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को पटना साहिब में हुआ था। उनके पिता का नाम गुरु तेग बहादुर सिंह और माता का नाम गुजरी था। उनके पिता सिखों के नवें गुरु थे।

जब उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिंह ने इस्लाम धर्म में परिवर्तित होने से इनकार कर दिया तब नवम्बर 1675 में औरंगजेब ने उनका सर कलम कर शहीद कर दिया तब मात्र 9 वर्ष के गुरु गोविंद सिंह को औपचारिक रूप से सिखों के दसवें गुरु के रूप में 11 नवंबर 1675 ईस्वी में गादी पर बैठाया गया। गुरु गोविंद सिंह पटना में तीर कमान चलाना, बनावटी युद्ध करना इत्यादि खेल खेलते थे जिसके कारण बच्चे उनको सरदार मानने लगे थे।

गोविंद सिंह ने 1699 ईस्वी में वैशाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने खालसा पंथ की रक्षा के लिए मुगलों और उनके सहयोगियों से चौदह युद्ध लड़े थे। उन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए पूरे परिवार का बलिदान दिया। उनके दो



पन्नालाल मेघवाल


पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत दी। वहीं अपने दो पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सरहन्द के नवाब ने जिंदा दीवारों में चुनवा दिया। गुरु गोविंद सिंह का 7 अक्टूबर 1708 ईस्वी में स्वर्गारोहण हुआ। इससे पहले उन्होंने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब ही अब से सिखों के स्थाई गुरु होंगे।

गुरु गोविंद सिंह ने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए हैं जिन्हें पंच ककार कहा जाता है। गुरु गोविंद सिंह ने सिखों के लिए पांच चीजें अनिवार्य की थी- केश, कड़ा, कृपाण, कंघा, और कच्छा। इसके बिना खालसा वेश पूर्ण नहीं माना जाता है। केश सबसे पहले आते हैं। उन्होंने हर सिख के लिए कृपाण या श्री साहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया। वहीं गुरु गोविंद सिंह ने ही खालसा वाणी दी, जिसे वाहेगुरुजी का खालसा, वाहेगुरुजी की फतेह कहा गया।

गुरु गोविंद सिंह बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। गुरु गोविंद सिंह की गिनती महान लेखकों और रचनाकारों में होती है। उन्होंने जाप साहिब, अकाल उस्तत, विचित्र नाटक चंडी चरित्र, शास्त्र नाम माला, अथ पंख्या चरित्र लिख्यते, जफरनामा और खालसा महिमा जैसी रचनाएं रची। विचित्र नाटक उनकी आत्मकथा माना जाता है। गुरु गोविंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम दसम ग्रंथ है।

गुरु गोविंद सिंह ने कहा था कि जहां पांच सिख एकत्र होंगे वहीं वे निवास करेंगे। गुरु गोविंद सिंह ने समाज में आत्म सम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को डरना नहीं चाहिए और न ही उसे दूसरों को डराना चाहिए। गुरु गोविंद सिंह का जीवन दर्शन था कि धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग है। ईश्वर ने मनुष्य को इसलिए जन्म दिया है ताकि वे संसार में अच्छे कर्म करे और बुराई से दूर रहे। मनुष्य का मनुष्य से प्रेम ही ईश्वर की भक्ति है।

यदि आज भारत में सद्भाव, भाईचारा एवं धर्म स्थापित है तो उसका पूरा श्रेय गुरु गोविंद सिंह को जाता है। गुरु गोविंद सिंह ने कहा था- मन में साधु बनो, व्यवहार में मधुरता लाओ



गुरु गोविंद सिंह

और भुजाओं में सैनिक की वीरता लाओ। तब उन्होंने संत सिपाही का नारा दिया और वे स्वयं सबसे पहले संत सिपाही बने।

गुरु गोविंद सिंह की जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। आज देश में जगह-जगह खालसा पंथ की झांकियां निकाली जाती है। इस दिन खासतौर पर लंगर का आयोजन किया जाता है। आज के दिन पटना साहिब गुरुद्वारे में संगतों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंह से जुड़ी सभी चीजें मौजूद हैं।

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने लंगर व्यवस्था लागू की थी। सिख धर्म के सभी दस गुरुओं ने देश ही नहीं पूरे विश्व में आपसी सद्भाव, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देते हुए मानव-मानव को समान माना। सिख धर्म के सभी धर्म गुरुओं का संदेश है कि कोई व्यक्ति बड़ा और छोटा नहीं है, सभी मनुष्य समान है।देश में व्याप्त जाति व्यवस्था एवं ऊंच-नीच समाप्त करने के लिए यह लंगर व्यवस्था लागू की थी, जो 550 वर्षों से अनवरत चली आ रही है। इस लंगर व्यवस्था से देश-विदेश के लाखों जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध हो रहा है।

देश विदेश में जहां भी आपदा आती है। सिख धर्म के अनुयायी मानव सेवा के लिए जुट जाते हैं। चाहे भूकंप हो, बाढ़ हो कोविड-19 कोरोना काल या किसान आंदोलन हो, सिख धर्म के अनुयायियों ने बढ़-चढ़ कर मानव सेवा की है। कोरोना काल में सिख धर्म के दानवीरों ने कोरोना पीड़ित लोगों को चिकित्सा सुविधा, दवाइयां, गैस सिलेंडर एवं भोजन उपलब्ध कराने का उल्लेखनीय कार्य किया। देश में संकट काल के समय सिख धर्म के अनुयायियों ने तन-मन-धन से मानव सेवा करके आपसी सौहार्द, सद्भाव एवं भाईचारे की मिसाल कायम की है।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार**

# वन क्षेत्र में मादा लेपर्ड शावक का शव मिला

**करौली/मण्डरायल,** (निसं)। मण्डरायल रेंज के ओंड़ क्षेत्र स्थित झिरी भोमपुरा गांव के नाले के पास लेपर्ड के शावक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लेपर्ड का शव वन विभाग की टीम करौली पशु चिकित्सालय लेकर पहुंची है। जहां पोस्टमार्टम कराया गया।

- **मण्डरायल रेंज के ओंड़ क्षेत्र स्थित झिरी भोमपुरा गांव के नाले के पास शव मिला**
- **शव को वन विभाग की टीम करौली पशु चिकित्सालय लेकर पहुंची, पोस्टमार्टम कराया**



करौली पशु चिकित्सालय में मादा लेपर्ड के शव का चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया।

करौली उप वन संरक्षक टेरिटोरियल सुमित बंसल ने बताया कि पशु चिकित्सकों के दल द्वारा शनिवार दोपहर 12 बजे पोस्टमार्टम कराया गया। उन्होंने बताया कि लेपर्ड शावक की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। वन क्षेत्र मे मिला मादा लेपर्ड शावक शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। आठ माह के लेपर्ड शावक की मौत शॉक के कारण होना सामने आया। पोस्टमार्टम के दौरान करौली तहसीलदार धीरेंद्र कर्दम, रेंजर श्याम सुंदर शर्मा, करौली थाना अधिकारी रामेश्वर दयाल, पशु चिकित्सक एमएल मीणा, शिवराम सांवरिया, विनोद बैरवा आदि मौजूद रहे।

# भाई की मौत पर बहन ने दी मुखाग्नि

**टोंक,** (निसं)। टोंक शहर के 20 वर्षीय विद्यार्थी की बैंगलोर से अपने घर लौटते समय हृदयाघात होने से निधन की खबर लगते ही टोंक शहर में शौक लहर दौड़ गई। वहीं जब टोंक शहर में युवक का शव का दाह संस्कार किया तो उसकी बहन ने मुखाग्नि दी।

जानकारी के अनुसार टोंक शहर के आदर्श नगर निवासी राजेश साहू का पुत्र अक्षत साहू पढ़ने के लिए बैंगलोर गया था और वहां से अपने घर के लिए आने की तैयारियां कर रहा था कि गुरुवार को अचानक उसके हृदयाघात होने से मौत हो गई। जिसका शनिवार को अन्तिम संस्कार देवली रोड स्थित सिंधी शमशान घाट पर किया गया। अक्षत के कोई भाई नहीं होने पर उसके अन्तिम संस्कार कार्यक्रम छोटी बहन ने करवाया। यह माहौल देखकर मौके पर मौजूद सब लोगों के आंखों से आंसू नहीं रुक पाए।

# पूनिया ने एक माह का वेतन छात्रावास की कन्याओं की पढ़ाई के लिए दिया

**बाड़मेर,** (निसं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बाड़मेर में किसान छात्रावास पहुंचकर स्व. रामदान चौधरी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर विद्यार्थियों को संबोधित किया साथ ही अपना एक महीने का वेतन किसान छात्रावास में कन्याओं की पढ़ ाई के लिए देने की घोषणा की। डॉ. पूनियां ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष दलपत मेघवाल के जैसलमेर निवास स्थान पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली व जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

डॉ. पूनियां ने दलपत मेघवाल को उपचार के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। 7 और 8 जनवरी को जैसलमेर जिले में संगठनात्मक बैठकें और एफपीओ का उद्घाटन कर शाम को बाड़मेर जिले के संगठनात्मक प्रवास पर पहुंचे डॉ. सतीश पूनियां 9 जनवरी को विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे इसके अलावा बाड़मेर के प्रमुख मंदिरों और मठों में दर्शन करेंगे।

- **जैसलमेर में डॉ. पूनियां ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दलपत मेघवाल को उपचार के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की**



जैसलमेर में पूनिया पर पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया।

## राशिफल रविवार 9 जनवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2078, रेवती नक्षत्र सोमवार प्रातः 8:49 तक, वणिज करण दिन 11:09 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृश्चिक, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।


आज भद्रा दिन 11:09 से रात्रि 11:47 तक रहेगी। आज गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती, भानु सप्तमी, पंचक, मुनि गजेन्द्र सुरिश्वर जन्म प्रिस्तुतिक (जैन)।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:40 से 9:58 तक, लाभ-अमृत 9:58 से 12:24 तक, शुभ 1:52 से 3:10 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:46

**मेष**

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृष**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता से प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यक्तिगत सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**मिथुन**

महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।


**कर्क**

परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।


**सिंह**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**

घर-परिवार में सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आपसी सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**तुला**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार हो सकता है। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।

**वृश्चिक**

परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।

**धनु**


घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ने का भय है। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**मकर**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आज महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यक्तिगत कार्य क्षेत्र के लिए यात्रा संभव है।

**मीन**

व्यक्तिगत कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। शुभ कार्यों में धन खर्च हो सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आज महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 160 प्रभात जयपुर, रविवार 9 जनवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot



ARBiT TODAY

**The Article That Changed History** I have witnessed the brutality of 'kill and burn missions' as the army units, after clearing out the rebels, pursued the pogrom in the towns and villages.

**Home Gym Project**

**Pet-care: Walk The Dog**



# राजनीतिक पार्टियां अब अपना ''डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर'' सुदृढ़ करने में जुटीं

## जैसा कि विदित ही है, चुनाव आयोग ने 15 जनवरी तक राजनीतिक रैलियों, आमसभाओं आदि पर रोक लगायी है, अतः डिजिटल मीडिया की अहमियत बहुत बढ़ गयी है

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 जनवरी। चुनाव की तिथियों की घोषणा तथा 15 जनवरी तक राजनैतिक सभाएं न करने के चुनाव आयोग के निर्देशों के बाद, बड़े राजनैतिक दलों के नेतागण उत्तर प्रदेश तथा अन्य चुनावाधीन राज्यों में अपना डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर तेजी से बढ़ाने में लग गये हैं।

कोविड-19 की तीसरी लहर के उभरते हुये खतरे को मद्देनजर रखते हुये सभा और समारोह रद्द कर देने की स्वैच्छिक घोषणा के बाद, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा आज अपने सोशल मीडिया पेजों पर लाइव आ गई तथा उन्होंने अपने ''लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ'' अभियान पर अपनी बात कही।

भाजपा, जो सोशल मीडिया के खेल में अन्य पार्टियों से बहुत आगे हैं, ने भी अखबारों में पूरे एवं आधे पृष्ठों के ऐसे विज्ञापनों के ढ़ेर लगा दिये हैं, जो उसके अभियान से जुड़े विषयों को

- **यह सभी स्वीकार कर रहे हैं कि, भाजपा डिजिटल मीडिया के उपयोग में सभी पार्टियों से बहुत आगे है, हालांकि कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी भी ''लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ'' के तहत सोशल मीडिया पेज पर सक्रिय हो गयी हैं।**
- **पर, बसपा इस माध्यम के उपयोग में सबसे फिसड्डी है।**
- **सपा नेता अखिलेश यादव तो चुनाव आयोग से आर्थिक मदद डिमाण्ड कर रहे हैं, क्योंकि अखिलेश के अनुसार सभी पार्टियों को ''लैवल प्लेयिंग फील्ड'' उपलब्ध करवाना जरूरी है, चुनाव की दृष्टि से, नहीं तो इस क्षेत्र में भाजपा का पलड़ा अन्य पार्टियों की तुलना में बहुत भारी रहेगा।**

धमाके के साथ प्रस्तुत करने वाले हैं, जैसे ''डबल इंजन की सरकार'', ''सोच ईमानदार'', ''काम दमदार'' तथा ''फर्क साफ है।'' आने वाले दिनों में पार्टी वर्चुअल सभाएं आयोजित करने के लिये 3डी तकनीक को ज्यादा से ज्यादा काम में लेगी। पार्टी राज्य के 1.5 लाख मतदान केन्द्रों में से प्रत्येक में अपने वॉट्सऐप ग्रुप पहले ही बना चुकी है। इस बीच, समाजवादी पार्टी ने राज्य के 403 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक क्षेत्र में पार्टी के वाट्सऐप ग्रुपों में शामिल होने के लिये लोगों को आमंत्रित करने के लिये लिंक्स ट्वीट कर दिये हैं। बसपा फेसबुक पर डॉ. सतीश चन्द्र मिश्रा की रैलियाँ प्रस्तुत कर रही हैं किन्तु इसके अलावा, वह सोशल मीडिया पर फिसड्डी ही दिखाई दे रही है।

चुनाव आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा किये जाने के तुरन्त बाद, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वे चुनाव आयोग से फंड देने की माँग करेंगे, ताकि बढ़ते हुये कोविड-19 केसों के बीच राजनैतिक दल बेहतर डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा, ''भाजपा के पास तो लम्बे समय से मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर है, लेकिन चुनाव आयोग से निवेदन करेंगे कि वह अन्य दलों के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करे, जिससे इस मामले में सभी दलों की स्थिति करीब-करीब समान हो जाये।

सपा प्रमुख ने राज्य के सूचना-विभाग पर भी प्रहार किया तथा कहा कि वह अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन देकर भाजपा के ''फर्क साफ है'' अभियान के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कोई सक्षम व्यक्ति नहीं जो गृह मंत्री का काम कर सके'

जयपुर/जैसलमेर, 7 जनवरी (का.सं.)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि राजस्थान में बीते तीन सालों में 5164 हत्याएं, 17 हजार 644 बलात्कार, 22 हजार 9 अपहरण, 19 हजार 800 नकबजनी, 4061 लूट, 6070 हत्या के प्रयास और एक लाख 4 हजार 383 चोरियां हुईं।

- **डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि राजस्थान में बीते तीन सालों में 5164 हत्याएं, 17 हजार 644 बलात्कार, 22 हजार 9 अपहरण, 19 हजार 800 नकबजनी, 4061 लूट, 6070 हत्या के प्रयास और एक लाख 4 हजार 383 चोरियां हुईं।**

उन्होंने जैसलमेर में पत्रकारों से बातचीत कर अपराधों का यह आंकड़ा गिनाया।

पूनिया ने कहा कि गहलोत सरकार के तीन साल के कार्यकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहद बिगड़ी है।

राजस्थान में यह अब तक का सर्वाधिक बड़ा आपराधिक आंकड़ा है। कांग्रेस के पास कोई सक्षम व्यक्ति नहीं है जो गृहमंत्री का काम कर सके।

# 'चीन ने ''सेफ व सुरक्षित'' विन्टर ओलम्पिक्स आयोजित करने पर पूरा जोर लगाया'

## डब्ल्यु.एच.ओ. द्वारा चीन के इस प्रयास की सराहना करने से चीन का मनोबल बढ़ा

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 जनवरी। ऐसे वक्त में जबकि दुनियाभर के लोगों के सिर पर ओमक्रॉन रूपी तलवार लटक रही है, चीन यह सुनिश्चित करने के लिए जी-जान लड़ा रहा है कि राजधानी बीजिंग में अगले माह विन्टर ओलम्पिक्स का अगले माह एक सुरक्षित व सकारात्मक तरीके से आयोजन हो जाए।

आगामी 4 फरवरी से शुरू होने वाले इन खेलों को संचालित करने की बीजिंग की दृढ़ इच्छाशक्ति वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यू.एच.ओ.) के इस कथन से और मजबूत हुई है कि ''इनकी सुरक्षित मेजबानी की तमाम योजनाओं पर काम चल रहा है।''

लेकिन इनके आयोजन को लेकर सभी देश सहमत नहीं हैं, खासतौर पर अमेरिका तो बिल्कुल नहीं। वाइट हाउस ने गत दिसम्बर माह में घोषणा की थी कि चीन के चिंताजनक मानवाधिकार रिकॉर्ड को देखते हुए वह अपने राजनयिकों को बीजिंग नहीं भेजेगा, तथापि उसने कहा था कि अमेरिका के एथलीट्स वहां जा सकेंगे और उन्हें सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा।

ओलंपिक खेलों में अमेरिका और

- **चीन किसी भी हद तक जाने को तैयार है शीतकालीन ओलम्पिक के शानदार आयोजन के लिये।**
- **पर, अमेरिका व उसके मित्र देश चीन के विन्टर ओलम्पिक के आयोजन को ज्यादा महत्व देने को तैयार नहीं।**
- **टोक्यो में आयोजित समर ओलम्पिक्स में अमेरिका ने खिलाड़ियों के अलावा एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल भी भेजा था, जिसका नेतृत्व अमेरिका के राष्ट्रपति की पत्नी ने किया था।**
- **चीन ने ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, अब चीन शीतकालीन ओलम्पिक में भी अपने प्रदर्शन की पहली बार छाप छोड़ने के लिए लालायित है।**

अन्य देशों के उच्च स्तरीय सरकारी प्रतिनिधि प्रायः उपस्थित रहते हैं। अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडन ने टोक्यो में आयोजित समर ओलम्पिक्स में अमेरिकी प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व किया था।

वाइट हाउस की प्रैस सचिव जेन साकी के अनुसार अमेरिका इस ओलम्पिक के धूमधड़ाके के में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उनका देश वर्ष 2022 के खेलों के लिए अपना अधिकारिक प्रतिनिधिमण्डल नहीं भेज रहा है। यह अपने आप में एक स्पष्ट संदेश है।

उन्होंने कहा कि ''शिन्ज़ियांग में अत्याचारों और मानवाधिकारों के प्रबल उल्लंघनों को देखते हुए अमेरिका के राजनयिक या उसका अधिकारिक प्रतिनिधिमण्डल इन खेलों को साधारण तौर पर लेते और हम ऐसा बिल्कुल नहीं कर सकते।''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोलकाता में हर दूसरे व्यक्ति को करोना?

कोलकाता, 8 जनवरी। देश के कई राज्यों में करोना की तीसरी लहर कहर बरपाने लगी है। कोलकाता में हर दूसरा व्यक्ति करोना संक्रमित मिल रहा है। महानगर में संक्रमण दर बढ़कर 53.1 फीसदी हो गई है।

पश्चिम बंगाल के राजधानी शहर में बीते 24 घंटे में 7484 नए कोविड-19 मरीज मिले। यह संख्या राज्य के सभी जिलों में इस दौरान

- **कोलकाता में करोना टैस्ट कराने वाला हर दूसरा व्यक्ति कोविड पॉज़िटिव निकल रहा है।**

मरीजों की तुलना में सर्वाधिक है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे में कुल 18,212 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल की संक्रमण दर बढ़कर 26.21 हो गई है। शुक्रवार को राज्य में 69,158 टैस्ट किए गए थे, इनमें से 18,212


( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बयाना में वीरेश भावरा को पंजाब का डीजीपी बनाए जाने पर हर्ष का माहौल

बयाना 8 जनवरी, (निस)। बयाना निवासी वीरेश भावरा को पंजाब का नया डीजीपी बनाए जाने पर उनके परिवार व कस्बे में हर्ष का महौल है। कई लोगों ने आतिशबाजी कर व मिष्ठान वितरित कर

- **भावरा की पत्नी भी आई.ए.एस. अधिकारी हैं।**
- **वीरेश भावरा वरिष्ठ अधिवक्ता व स्वतंत्रता सेनानी रहे गोपालराम भावरा के ज्येष्ठ पुत्र हैं।**

इसकी खुशी जताई। वीरेश भावरा वरिष्ठ अधिवक्ता व स्वतंत्रता सेनानी रहे गोपालराम भावरा के ज्येष्ठ पुत्र है। इससे पूर्व वह पंजाब के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के पद पर तैनात थे।



वीरेश भावरा

वीरेश भावरा 1987 बैच के आईपीएस अफसर है।

शनिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने उनके नाम को स्वीकृति देते हुए उन्हें पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी। वीरेश भावरा के 8 साल सहपाठी रहे वरिष्ठ पत्रकार राजीव झालानी ने बताया कि वीरेश भावरा बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्टेशन डवलपमैंट फीस

नई दिल्ली, 8 जनवरी। रेल का सफर जल्द ही महंगा होने वाला है। ट्रेन में टिकट बुक करने के लिए 50 रुपए तक ज्यादा देने होंगे। रेल मंत्रालय ने नए सिरे से विकसित किए गए रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन डेवलपमेंट फीस (एस.डी.एफ.) वसूलने का फैसला किया है। रेलवे के मुताबिक यह फीस अलग-अलग क्लास से यात्रियों के लिए अलग-

- **अब रेल टिकट पर यात्रियों से स्टेशन डवलपमैंट फीस भी वसूल करेगा रेलवे।**

अलग होगी। उपनगरीय और सीजन टिकट को इससे अलग रखा गया है। यह फीस उस स्टेशन से रेल में चढ़ने और उस स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों से वसूली जाएगी। हालांकि ये किन स्टेशनों के लिए और कब से लागू होगा इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है।

इसके तहत जिन रेलवे स्टेशनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दस मार्च को 690 विधानसभा सीटों के नतीजे आने से तय होगा, मोदी पर कितना विश्वास बाकी है जनता का

## यू.पी. की 403 सीटों पर सात चरणों में मतदान सात मार्च तक पूरा होगा, पर भाजपा के मु.मंत्री की स्थिति संघर्षमय है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 जनवरी। चुनाव आयोग ने गोवा, पंजाब, मणिपुर, उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम आज घोषित कर दिया। उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण के चुनाव 10 फरवरी को होंगे तथा सभी पाँच राज्यों के चुनाव परिणाम 10 मार्च को घोषित किये जायेंगे।

10 मार्च को घोषित होने वाले ये चुनाव परिणाम जनता के मूड का संकेत देंगे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का एक महत्वपूर्ण टैस्ट होंगे। ये चुनाव परिणाम इस बात का भी संकेत देंगे कि उन्हें जनता का विश्वास प्राप्त है या नहीं तथा क्या वे पार्टी की

- **पंजाब की 117 सीटों पर भाजपा की हालत खस्ता है तथा संघर्ष कांग्रेस व आप के बीच माना जाता है।**
- **उत्तराखण्ड में भी भाजपा को कांग्रेस की मजबूत चुनौती है तथा भाजपा द्वारा तीन बार मु.मंत्री बदलना, मजबूती की निशानी नहीं मानी जा सकती।**
- **मणिपुर में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस व तृणमूल भी कमजोर स्थिति में हैं।**
- **गोवा में कोविड के प्रकोप के कारण चुनाव अभियान कमजोर रहने की आशंका है।**

जीत के मुख्य कर्णधार हैं।

इसके साथ ही ये परिणाम कांग्रेस, जिसकी राजनैतिक किस्मत निम्नतम स्तर तक पहुँच चुकी है, के लिये भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह उत्तर प्रदेश में राजनैतिक जमीन तलाश करने के लिये पूरी कोशिश कर रही है। वहाँ पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा दो साल से अधिक समय से कड़ी मेहनत कर रही हैं ताकि पार्टी राज्य की राजनीति में प्रासंगिक व महत्वपूर्ण कारक के रूप में उभरकर आ सके।

उधर राज्य के मुख्यमंत्री का राजनैतिक भविष्य भी दाँव पर लगा हुआ है, क्योंकि सत्ता में बने रहने में विफल रहने पर मोदी की जगह पार्टी का मुख्य स्टार बनने के उनके सपने का अंत हो जायेगा और वे पार्टी का ध्रुव तारा नहीं बन पायेंगे। मोदी और योगी के बीच अंदरूनी तनाव एवं आंतरिक अनबन की स्थिति है, भले ही ये दोनों लोग आपसी विरोध को छिपाने की अपने-अपने स्तर पर पूरी कोशिश कर रहे हैं।

सभी उपलब्ध संकेतों के अनुसार,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# आयोगों में नियुक्ति को लेकर भेजे गए नामों पर आलाकमान की मुहर बाकी

## 8-9 लोगों को जनवरी और फरवरी में मिलेगा राजनीतिक नियुक्तियों का तोहफा, बाकियों को बजट सत्र समाप्त होने का करना पड़ेगा इंतजार

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान की कांग्रेस सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर काउंट डाउन शुरू हो चुका है। इसका कारण यह है कि कई बार राजस्थान उच्च न्यायालय की ओर से कहे जाने के बावजूद अभी तक आयोगों में नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। ऐसे में अब राजस्थान सरकार ने कहा है कि फरवरी अंत तक आयोगों में नियुक्ति दे दी जाएगी। ऐसे में आने वाले महीने में 8 से 9 लोगों को खुशखबरी मिल सकती है। हालांकि राजनीतिक नियुक्तियों की चाहत बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता लाइन में लगे हुए हैं, लेकिन अधिकांश लोगों को निराशा ही हाथ लगने वाली है। हालांकि कुछ लोगों को राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के बाद में भी नियुक्तियां दी जाएंगी।

दरअसल राजस्थान उच्च न्यायालय में विभिन्न आयोगों के खाली पदों को लेकर लगातार सुनवाई चल रही है और सरकार की ओर से कई बार डेडलाइन दी जा चुकी है। एक बार फिर सरकार की ओर से कहा गया है कि इन आयोगों में फरवरी अंत तक नियुक्ति कर दी जाएगी।

> ■ मुख्यमंत्री गहलोत, प्रभारी माकन और संगठन महासचिव वेणुगोपाल इन नियुक्तियों पर काफी चर्चा कई बार कर चुके हैं

ऐसे में संभावना बन रही है कि राजस्थान सरकार की ओर से जनवरी में नियुक्तियों का काम शुरू कर दिया जाएगा और फरवरी अंत तक के लिए दी गई डेटलाइन तक इन सभी महत्वपूर्ण आयोगों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी जाएगी।

जानकारों के अनुसार कहा जा रहा है कि कांग्रेस सरकार की ओर से राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर कांग्रेस आलाकमान तक नाम भेज दिए गए हैं और इन नामों पर चर्चा होने के बाद जैसे ही हरी झंडी मिलेगी। वैसे ही राजस्थान सरकार इन नामों की घोषणा कर देगी।

राज्य सरकार की ओर से प्रमुख रूप से सबसे पहले महिला आयोग, किसान आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, नि:शक्तजन आयोग, एससी आयोग, एसटी आयोग ,ओबीसी आयोग, गौ सेवा आयोग, जनजाति आयोग में अध्यक्ष बनाए जाने का काम किया जाना है। यह सभी आयोग महत्वपूर्ण हैं और इनका काम बिना अध्यक्ष रुका हुआ है। इसलिए राजस्थान उच्च न्यायालय में इन आयोगों में नियुक्ति को लेकर सुनवाई चल रही है।

जानकारों के अनुसार कांग्रेस सरकार की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली आलाकमान को इन आयोगों में नियुक्ति को लेकर संभावित नाम भेज दिए हैं। इनके बारे में प्रभारी अजय माकन, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ में भी चर्चा हो चुकी है और अब इस चर्चा के बाद जैसे ही पार्टी आलाकमान की ओर से नामों पर अंतिम मुहर लगा दी जाएगी, उसके तुरंत बाद इन आयोगों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी जाएगी।

वैसे तो राजस्थान में बोर्ड, निगम, आयोग और अकादमियों की संख्या 100 से ज्यादा है, लेकिन इतनी सारी नियुक्तियां किसी भी सरकार में अभी तक नहीं हुई है। दूसरी ओर आयोग संवैधानिक स्थितियों से जुड़े हुए हैं, और इनमें नियुक्तियां किया जाना जरूरी होता है। इसलिए राजस्थान सरकार भी संवेधानिक मान्यताओं की पालना करते हुए आयोगों में नियुक्तियां फरवरी अंत तक करेगी। इन नियुक्तियों के अलावा जिन लोगों को राजनीतिक रुप से सरकार की ओर से नवाजा जाना है उन लोगों को विधानसभा की बजट सत्र के बाद मौका मिल सकता है।

## जिफ के दूसरे दिन चलता रहा दिलचस्प चर्चाओं का दौर


**जयपुर**, (का.सं.)। शहर में चल रहा जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जिफ का दूसरा दिन देश दुनिया से आए फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों, लेखकों, अभिनेताओं, अभिनेत्रियों के आपसी संवाद के नाम रहा। जीटी सेन्ट्रल के आइनॉक्स में एक ओर सुबह से रात तक फिल्मों की स्क्रीनिंग चल रही थी, वहीं इसमें शिरकत करने आए फिल्मकार विभिन्न विषयों पर एक दूसरे से विचार-विमर्श करते नजर आए। चेन्नई से आए कामराज सुन्दरम् ने बताया कि उन्होंने वॉयलेंस और सेक्सुएलिटी के खिलाफ फिल्म का निर्माण किया है। वह हमेशा विभिन्न सामाजिक विद्रूपताओं पर आधारित फिल्मों का निर्माण करते आए हैं।

फिल्म समारोह में दिल्ली के कहानीकार सुनील पप्पू ने कहा कि वे पैदाइशी एक कहानीकार हैं। वे मानते हैं कि हर आदमी में एक कहानी छिपी हुई है। किसी में संगीत की कहानी होती है, तो किसी में चित्रकला से जुड़ी कोई कहानी होती है। मेरे भीतर जो कहानी छिपी है, मैं उसे लिखकर स्क्रीन पर प्रस्तुत करता हूं।

## आईएएस इंद्रजीत यादव को जोधपुर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त लगाया

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार ने आज एक आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के दो अफसरों को पदस्थापन दिया है। आदेशानुसार आईएएस इंद्रजीत यादव को जोधपुर में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त के पद पर लगाया गया है। वही अंजली राजोरिया को उदयपुर में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त के पद पर लगाया है।

# अशोक गहलोत की टिप्पणी अशोभनीय और गैर जिम्मेदाराना : राजेन्द्र राठौड़



**भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हुई चूक के संबंध में कार्यवाही करने की मांग को लेकर राज्यपाल कलराज मिश्र को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा, विधायक अशोक लाहोटी एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा मौजूद रहे।**

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पंजाब सरकार द्वारा सुनियोजित साजिश के तहत गंभीर चूक बरतने के संबंध में आज भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र को ज्ञापन सौंपा एवं भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होने, दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा कांग्रेस पार्टी, उनकी सरकार एवं उनके नेतृत्व को प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ इस प्रकार की लापरवाही एवं अक्षम्य अपराध नहीं करने के संबंध में उचित निर्देश दिए जाने की मांग की।

राठौड़ ने बताया कि पंजाब में बठिंडा हवाई पट्टी पर प्रोटोकॉल के अनुसार राज्य के मुख्य सचिव एवं पुलिस विभाग के मुखिया की उपस्थिति आवश्यक थी, लेकिन दोनों ही उपस्थित नहीं हुये व षड्यंत्र के तहत ओवरब्रिज के बीच में प्रधानमंत्री को फंसाया गया। ईश्वर की कृपा से प्रधानमंत्री सुरक्षित निकल गये लेकिन आज सभी देशवासियों के मन में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में हुई तथाकथित चूक को लेकर ऐसे ही कई सवाल उठ रहे हैं और आमजन आशंकित हैं कि ऐसे यदि कांग्रेस शासित राज्यों में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सुनियोजित साजिश के तहत चूक की जायेगी तो भविष्य में क्या होगा? इस दौरान राठौड़ ने 6 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा देश में पूर्व में दो-दो प्रधानमंत्रियों की हत्या को देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जोड़ने के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे अशोक गहलोत द्वारा जो टिप्पणी की गई वह अशोभनीय एवं गैर जिम्मेदाराना है। वहीं गुलाबंचद कटारिया ने कहा कि इस तरीके की बयानबाजी दुर्भाग्यपूर्ण सही नहीं है, जो बेहूदा तरीके से और मुख्यमंत्री होने के बावजूद इस तरीके बयान गलत है।भाजपा प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा, विधायक अशोक लाहोटी एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा उपस्थित रहे।

## आदेश की पालना नहीं करने पर सीएमएचओ सहित अन्य को अवमानना नोटिस

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद याचिकाकर्ताओं की कोविड सहायक के तौर पर सेवाएं जारी नहीं रखने देने पर सवाई माधोपुर के सीएमएचओ सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। न्यायाधीश सुदेश बंसल ने यह आदेश सईम खान व अन्य की अवमानना याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रमाकांत गौतम ने अदालत को बताया कि सवाई माधोपुर में कोविड सहायक के तौर पर तैनात याचिकाकर्ताओं को विभाग ने सेवा से हटा दिया था। इसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट ने गत 18 सितंबर को आदेश जारी करते हुए याचिकाकर्ताओं की सेवा जारी रखने के निर्देश दिए थे। अवमानना याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश के बावजूद याचिकाकर्ताओं को पुन: सेवा में नहीं रखा गया है। ऐसे में दोषी अधिकारियों पर अवमानना की कार्रवाई की जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# पांच मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार



**जयपुर के सांगानेर सदर थाना इलाके में पुलिस ने पांच मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब एक दर्जन मोबाइल सहित वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की है।**

**जयपुर**। सांगानेर सदर थाना इलाके में मोबाइल लूट की वारदातें बढ़ी तो पुलिस हरकत में आ गई और त्वरित कार्रवाई को अंजाम देते हुए पांच मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब एक दर्जन मोबाइल सहित वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की है।

डीसीपी (साउथ) मृदुल कच्छावा ने बताया कि गिरोह के बदमाश कन्हैया लाल धाकड़ उर्फ काना (21) निवासी टोडारायसिंह हाल मालपुरा गेट, घनश्याम बैरवा (21) निवासी चाकसू हाल मुहाना, कैलाश उर्फ हेमन्त महावर (19), मनोज कुमार सैनी (20) निवासी हिंडौन सिटी हाल मालपुरा गेट और नाजिम खान (19) निवासी श्योपुर मध्यप्रदेश हाल मालपुरा गेट को गिरफ्तार किया है। आरोपित नशे के आदि है जो कि अपने शौक पूरा करने के लिए राहगीरों से झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लेते है और सिम निकालकर मजदूर क्लास लोगो को कोई न कोई बहाना बनाकर सस्ते दामों पर बेच देते है।

# क्यों ना आईएएस अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई अमल में लाई जाए : हाईकोर्ट

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने एलडीसी भर्ती-2013 से जुड़े मामले में अभ्यर्थियों को अदालती आदेश के बावजूद नोशनल परिलाभ नहीं देने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख पंचायती राज सचिव राजेश्वर सिंह, टोंक जिला परिषद के सीईओ नवनीत कुमार और बीडीओ ताराचंद जाटव को अवमानना नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों ना उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई अमल में लाई जाए। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश मुकेश कुमार की अवमानना याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि एलडीसी भर्ती-2013 से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने 18 अगस्त 2018 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता व 10 अन्य को नोशनल परिलाभ के लिए जिला परिषद में अपना अभ्यावेदन देने को कहा था। जिसकी पालना में नौ याचिकाकर्ताओं ने बूंदी जिला परिषद के समक्ष अभ्यावेदन पेश किया। जिसका निपटारा करते हुए बूंदी जिला परिषद सीईओ ने 21 जनवरी 2019 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ताओं को परिलाभ दे दिया। वहीं याचिकाकर्ता ने 11 अक्टूबर 2018 को टोंक जिला परिषद के सीईओ को अभ्यावेदन दिया, लेकिन उसका अभ्यावेदन तय नहीं किया गया। याचिका में कहा गया कि एक ही आदेश से हाईकोर्ट 11 अभ्यर्थियों को राहत दी थी, लेकिन अवमानना कर्ता अफसरों ने याचिकाकर्ता को लेकर आदेश की पालना नहीं की। ऐसे में दोषी अफसरों को दंडित किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# 'दोषी पुलिस अधिकारियों पर क्यों नहीं की कार्रवाई?'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद निचली अदालत को थाने में ही जमानत लेने की जानकारी देने के प्रकरण में पुलिस के आलाधिकारियों से पूछा है कि दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की। इसके साथ ही अदालत ने डीजीपी, आईजी जयपुर रेंज और एसपी अलवर सहित अन्य से जवाब मांगा है।

जस्टिस फरजंद अली ने यह आदेश रामजीवन की आपराधिक याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता निशांत शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने 21 फरवरी 2020 को अलवर के रैणी थाने में आरोपी मंजू, पूजा और सुरेश चन्द्र के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज कराया था।

निचली अदालत ने दोनों महिला आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी भी खारिज की थी।

## नेट-थियेट पर सजी जयपुर कत्थक की झनझन

**जयपुर** (का.सं.)। जयपुर घराने के कत्थक पर उभरती कत्थक नृत्यांगना रानू शर्मा और शिल्पी शर्मा के कथक नृत्य में शुद्ध नृत्य के साथ-साथ घराने की लटक भी देखने को मिली। उन्होंने नृत्य की शुरुआत राम भजन निलामभूज श्यामल कौन लांगम, सीता समारोह पीतवाम भागम पर पारंपरिक कथक की बारीकियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

नेट-थियेट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि जयपुर कथक घराने का शुद्ध कथक जिसमें आमद, परण, तिहाई ,चक्करदार बंदिशों से जयपुर कथक की तकनीक को दर्शाया। कथक नृत्य की ऑनलाइन देख रहे दर्शकों ने बेहद सराहना की। कार्यक्रम में तबला, पढंत और गायन पर नृत्य गुरु जय कुमार जबड़ा ने अपने सुरीले वादन और गायन से कथक को परवान चढाया सारंगी पर मनोहर लाल टांक की उंगलियो का ऐसा जादू चला कि लोग वाह-वाह कर उठे।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय पिताजी श्री डालचंदजी (साहब) (पीएचईडी) पुत्र श्री आनंदीलालजी का स्वर्गवास 07.01.2022 को हो गया। तीये की बैठक 09.01.2022 को शाम 4.00 से 5.00 बजे शिव मंदिर, घाटगेट पर होगी।

**शोकाकुल**-मनफूली देवी (माताजी), कमलेश देवी (धर्मपत्नी), गोपाल-मंजू देवी (चाचा-चाची), मनीष-तोषी, विकास-पूजा (पुत्र-पुत्रवधू), सोनू, आशीष, शुभम, कान्हा (पुत्र), मोहन-प्रमिला देवी, बंशी-सुनीता, राजेन्द्र-सुमित्रा, स्वदेश-ममता, लक्ष्मण-माया (भ्राता-भ्रातावधू), राजू-विमला, मानसिंह-सरोज (बहन-बहनोई), सुरेश-लक्ष्मी, किरण-ममता, सोनू-निशा, विजय-सुनीता, रवि-वंदना (पुत्री-दामाद), दीपिका, वंश, हार्दिक एवं समस्त मौर्य परिवार, घाटगेट।

मो. 9351696613, 8769235568

# ज्ञान के प्रसार में विश्व में विशिष्ट पहचान बनाए राजस्थान विश्वविद्यालय : कलराज मिश्र

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने राजस्थान विश्वविद्यालय को ज्ञान के प्रसार और शोध-अनुसंधान के नवाचारों में विश्वभर में विशिष्ट पहचान बनाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, तकनीकी,

> ■ 'शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना होना चाहिये'

उद्योग, पूंजी, श्रम और संस्कृति सभी क्षेत्रों में देश कैसे सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे, विश्वविद्यालय शिक्षण के अंतर्गत इस पर विचार किया जाना चाहिए।

मिश्र राजस्थान विश्वविद्यालय के 31 वें दीक्षान्त समारोह एवं 76 वें स्थापना दिवस पर शनिवार को यहां राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो व्यक्ति को शिक्षित बनाने के साथ आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सके। विश्वविद्यालयों में ऐसे युवा तैयार करने चाहिए जो उद्यमिता के क्षेत्र में वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में शिक्षा में वैचारिक नवाचारों के साथ कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर इस तरह की शोध परियोजनाओं पर कार्य किया जाएं जिनसे स्थानीय संसाधनों के अधिकाधिक उपयोग के साथ नवाचार अपनाते हुए युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा मिले।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों में शोध की दिशा यह नहीं होनी चाहिए कि हम कुछ किताबों को एकत्र कर उनके संदर्भ से एक नयी पुस्तक तैयार कर लें बल्कि इससे समाजोपयोगी विचारों की नई स्थापनाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय को शोध की ऐसी परम्परा का संवाहक बनाए जाने का आव्हान किया जिसमें विद्यार्थियों के चिंतन को नई दिशा मिले। उन्होंने शोध एवं अनुसंधान के अंतर्गत स्थानीय संस्कृति से जुड़े वैभव के संरक्षण का व्यावहारिक मार्ग तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शोध की ऐसी संस्कृति विकसित करने की बात कही जिससे विश्वविद्यालयी शोध एवं अनुसंधान का लाभ वृहद स्तर पर आम जन को मिल सके।

मिश्र ने विश्वविद्यालयी कक्षाओं में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी हेतु अध्यापन में रोचकता का समावेश किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने शिक्षक और विद्यार्थी के निरंतर संवाद, पाठ्यक्रमों में समयबद्ध युगानुरूप परिवर्तन-परिवर्धन के साथ उनमें नवाचारों को बढ़ावा दिए जाने पर भी जोर दिया।

कुलाधिपति मिश्र ने दीक्षान्त समारोह में शारीरिक शिक्षा के दो विद्यार्थियों व दर्शनशास्त्र के एक विद्यार्थी को डीलिट तथा कला, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, विधि, इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी, प्रबंध एवं ललित कला संकाय में 472 को पीएचडी की उपाधि तथा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 113 छात्र-छात्राओं को 119 स्वर्ण पदक प्रदान किये।

राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियों, विकास कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से आदिवासी छात्राओं के लिए दो छात्रावास भवनों का निर्माण तथा शुद्ध पेयजल हेतु बीसलपुर परियोजना से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है।



**कुलाधिपति कलराज मिश्र ने शनिवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में ऑनलाइन पीएचडी की उपाधि तथा स्वर्ण पदक प्रदान किये जिन्हें विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ.राजीव जैन ने विद्यार्थियों को सौंपा।**



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षान्त समारोह एवं 76वें स्थापना दिवस पर शनिवार को राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित किया।**

## दीक्षांत समारोह के बीच बंद हुआ राष्ट्रगान

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय के 31वां दीक्षांत समारोह में राष्ट्रगान का अपमान हुआ। राजस्थान विश्वविद्यालय के पोद्दार इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में कुलपति राजीव जैन सहित सिंडिकेट सदस्यों की मौजूदगी में ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, लेकिन इस दौरान राष्ट्रगान को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई। दरअसल, कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रगान शुरू किया गया। इसके कुछ ही सेकेंड में म्यूजिक सिस्टम खराब होने की वजह से राष्ट्रगान रुक गया।

इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने राष्ट्रगान का चालू रखा। लगभग 40 सेकेंड का वक्त बीत जाने के बाद फिर से म्यूजिक सिस्टम चालू हुआ। जहां से राष्ट्रगान बंद हुआ था, वहीं से फिर से शुरू हुआ। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने फिर से राष्ट्रगान गाया। वहीं, समारोह के दौरान दो बार फायर अलार्म सिस्टम बज गया। जिसे लेकर समारोह में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि गनीमत रही कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ था। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति राजीव जैन ने कहा कि यह एक बड़ी भूल हो गई है। जिसे भविष्य में दोबारा नहीं दोहराया जाएगा।


**Sindhu Nagar Co-operative Housing Society Ltd., JAIPUR**
1434, Bhura Teba, Baba Harish Chandra Marg, Jaipur-302001
Re.No. SNCHS/2022/11 Date: 07.01.2022

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वरूप सिंह चौधरी पुत्र श्री प्रताप सिंह निवासी 171-172, शक्ति नगर निवारू रोड, जयपुर ने समिति कार्यालय में शपथ-पत्र व गुमशुदगी सूचना क्रमांक 126 दिनांक 21.2.2014 को पुलिस थाना झोटवाड़ा जयपुर में प्रस्तुत कर समिति की योजना स्कीम नम्बर 10 (शक्ति नगर) निवारू रोड, जयपुर में भूखण्ड संख्या 154 क्षेत्रफल 252 वर्गगज का डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी करने की प्रार्थना की है। यदि किसी व्यक्ति संस्था व अन्य को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 14 दिवसो में समिति कार्यालय में ऐतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरे मियाद कोई ऐतराज स्वीकार नहीं होगा तथा डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जायेगा।
मोहन लाल शर्मा, सैकेट्री, मो.नं. 9887553732

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक निर्मित मकान C-6, जनकपुरी, धावास, अजमेर रोड, जयपुर में स्थित है, जिस पर मेरे पति श्री जयप्रकाश वर्मा ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त मकान के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे हैं। यह कि मेरे पति श्री जयप्रकाश वर्मा का दिनांक 25 अप्रैल 2021 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त मकान के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त मकान के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती हूँ, यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड C-Scheme (फोन नम्बर 180021018) में सम्पर्क करें। सूचित रहें।
श्रीमती रश्मि धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री जयप्रकाश वर्मा
निवासी : C-6, जनकपुरी, धावास, अजमेर रोड, जयपुर, मो. 9461097167


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-6/21/डी-122 दिनांक-7.1.22

**सार्वजनिक सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हसनुद्दीन खॉं पुत्र श्री रूड़ खां द्वारा आवंटन पत्र, साईट प्लान, रसीद, अपंजीकृत इकरारनामा, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम व पत्र प्रार्थना पत्र के आधार पर दी कृष्णा कॉपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की आवासीय योजना उद्योग नगर के भूखण्ड संख्या 166 कुल क्षेत्रफल 366.66 व.ग. में से 83.33 वर्गगज उपविभाजन/ नियमन/ लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन किया है। समिति द्वारा उक्त भूखण्ड का आवंटन पत्र दिनांक 27.11.1985 को श्रीमती रमकू देवी जैन पत्नी श्री ज्ञानमल जैन के पक्ष में जारी किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में अपने स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सहित आपत्ति उपायुक्त जोन 06, जेडीए, जयपुर के कार्यालय में पेश कर सकते है। नियम अवधि तक कोई आपत्ति/आक्षेप मय दस्तावेज पेश नहीं किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-6, जविप्रा, जयपुर

**आम सूचना** हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य बृजेन्द्र शर्मा पुत्र स्व. ओमप्रकाश शर्मा 60 वर्ष एवं सुषमा दीक्षित उर्फ शालिनी शर्मा पत्नि बृजेन्द्र शर्मा उम्र 58 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी 68/36 प्रतापनगर सांगानेर जयपुर प्रान्त राजस्थान के पुत्र वासव शर्मा व पुत्रवधु निकिता शर्मा उर्फ तान्या शर्मा पुत्री गिरीश चन्द्र शर्मा जो कि मेरे अभिभाष्य व उनके परिवारजनों के कहने व सुनने में नहीं है इनका व्यवहार व संबंध सही नहीं है आये दिन लडाई झगडा करते है इसलिये मेरे अभिभाष्य अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से इन्हे बेदखल करते है तथा परिवार से रिश्ता-नाता व संबंध खत्म करते है भविष्य में मेरे अभिभाष्य व मेरे अभिभाष्य के परिवार जनों का इनसे कोई लेना-देना व संबंध नहीं है। सौ सूचित रहे।
शिवरतन विजयवर्गीय, एडवोकेट, मो. 9414049911

# ग्रेटर नगर निगम के वित्तीय सलाहकार और दो दलालों को एसीबी ने दबोचा

## तीनों आरोपी 3 दिन के रिमांड पर, दलाल धनकुमार के घर से 27 लाख की नकदी और अचलेश्वर मीणा के पास बेशकीमती संपत्ति के दस्तावेज मिले


अचलेश्वर मीणा


धनकुमार जैन


अनिल अग्रवाल

- अफसरों के साथ मिलीभगत कर टैंडर लेने और समय पर बिल पास करने के बदले रिश्वत लेते थे दोनों दलाल
- एसीबी ने पिछले 3 महीने से तीनों के फोन सर्विलांस पर ले रखे थे, अब रिश्वतखोरी में शामिल बाकी अफसरों के बारे में पूछताछ जारी

**जयपुर** (कासं)। एसीबी ने एक बार फिर ग्रेटर निगम में चल रहे घूसकांड का खुलासा किया है। एसीबी टीम ने शुक्रवार देर रात कार्रवाई करते हुए घूसखोर वित्तीय सलाहकार अचलेश्वर मीणा और उसके दो दलालों धनकुमार जैन व अनिल अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। तलाशी में दलाल धनकुमार के घर से 27 लाख की नदी समेत अचल संपत्ति के दस्तावेज जप्त किए है। जबकि अचलेश्वर के घर पर भी बेशकीमती संपत्ति के कागजात हाथ लगे है। एसीबी ने तीनों आरोपियों को शनिवार को अदालत में पेश कर 3 दिन के रिमाण्ड पर लिया है।

एसीबी महानिदेशक बी.एल. सोनी ने बताया कि गिरफ्तार अचलेश्वर मीणा जयपुर के ग्रेटर नगर निगम में वित्तीय सलाहकार है। उसके दलाल धनकुमार जैन और अनिल अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया गया है। मामले में निगम के कुछ अधिकारी-कर्मचारी और ठेकेदारों समेत दलालों की भूमिका की जांच की जा रही है। आरोपित धनकुमार जैन और अनिल अग्रवाल निगम में ठेकेदार हैं। दोनों निगम से जारी टैंडर प्रक्रिया से लेकर कार्य निरीक्षण और माप के साथ ठेकेदारों को बिलों का भुगतान करने तक का ठेका लेते थे। समय पर भुगतान करवाने की एवज में घूसखोर गैंग संबंधित फर्म से रिश्वत के रूप में कमीशन लेती थी। यह दलाल वित्तीय सलाहकार अचलेश्वल के लिए उगाही का काम भी करते थे। एसीबी अब इनसे पूछताछ कर पूरी चेन पर शिकंजा कसने का प्रयास करेगी।

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह ने बताया कि 3 माह पहले ग्रेटर निगम में भ्रष्टाचार की जानकारी मिली। एसीबी ने अपने स्तर पर संदिग्धों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लेकर गतिविधियों पर नजर रखी। शुक्रवार को जानकारी मिली कि दलाल धनकुमार जैन ग्रेटर निगम में आरोपी वित्तीय सलाहकार अचलेश्वर मीणा को मोटी घूस देने जायेगा, इसी दौरान एसीबी ने दोनों को नोटों से भरे बैग के साथ दबोच लिया।

एसीबी ने वित्तीय सलाहकार अचलेश्वर मीणा के सिद्धार्थ नगर और जवाहर सर्किल स्थित आवास पर एक साथ छापेमारी की। उसके घर से बेशकीमती संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं। अन्य टीमों ने ठेकेदार धनकुमार जैन के घर छापा मारा, जहां 27 लाख रुपए और करीब एक दर्जन कृषि भूमि के कागजात बरामद हुए। ब्यूरो ने इसके बाद अनिल अग्रवाल पर शिकंजा कसा। आरोपियों ने निगम के उच्चाधिकारियों के लिए घूसखोरी की रकम एकत्रित करने की बात कबूल की है।

एसीबी अफसरों ने बताया कि काफी समय से जानकारी मिल रही थी कि ठेकेदार धन कुमार जैन और अनिल अग्रवाल अफसरों के मुंह लगे हुए हैं और उगाही का काम करते हैं। किसी भी तरह का टैंडर जारी हो, उसे हासिल करते हैं और काम को सबलेट करते हैं। ठेकेदार किसी भी काम के लिए दो से चार प्रतिशत दलाली अचलेश्वर मीणा को देते थे। बताया जा रहा है कि मैरिज गार्डन ब्लॉक करने, उनकी सील खोलने और अन्य निर्माणों को लेकर भी सील बंद करने और खोलने के काम दोनो दलाल करते थे। सरकारी शह रहती थी, इन सभी संभावनाओं पर एसीबी अफसर काम कर रहे हैं।

## 'डूँगरपुर में भगवान परशुराम की मूर्ति तोड़ने का विरोध'

**जयपुर**। डूँगरपुर जिले के पुनाली गाँव में भगवान परशुराम की मूर्ति तोडे जाने पर ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अम्बिकाप्रकाश पाठक ने कडा विरोध जताया है। पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम को हर समाज अपना आदर्श मानता है और उनकी मूर्ति तोडे जाना पुलिस की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने राज्य सरकार से एक सप्ताह में उसी स्थान पर नई मूर्ति लगाने के साथ ही मूर्ति तोडने वालों के खिलाफ अलग से कानून बनाकर कडड़ी सजा देने की माँग की है।

इसके लिए ब्राह्मण समाज की प्रदेश कोर कमेटी की बैठक सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय पर हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पाठक ने डूँगरपुर में हुई घटना की जानकारी दी तथा एक प्रतिनिधि मण्डल डूँगरपुर भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज को बार बार निशाना बनाया जा रहा है। पहले किसान नेता राकेश टिकेत ने विकास मंत्री शान्ति धारीवाल ने भी ब्राह्मण समाज के लिए टिप्पणी की थी। इसके बाद भगवान परशुराम की मूर्ति तोड़े जाने की घटना बताती है कि राज्य सरकार ब्राह्मण समाज को कमजोर समझने की भूल कर रही है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो जल्द ही समाज के लोग सडड़क पर उतरकर राज्य सरकार का विरोध करेंगे। बैठक में महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शारदा शर्मा, विधि मंत्री एडवोकेट सुषम पारीक, संगठन मंत्री जमुनालाल शर्मा, महामंत्री दामोदर प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष गोवर्धनलाल शर्मा मौजूद थे।

## सार-समाचार

### नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन किया



**जयपुर** (कासं)। शांति देवी जन कल्याण ट्रस्ट सांगानेर की ओर से नववर्ष 2022 के अंग्रेजी कैलेंडर का विमोचन स्वामी बालमुकुंदचार्य महाराज के सानिध्य में हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश पराशर समेत सभी ट्रूस्टी कैलेंडर विमोचन के अवसर पर उपस्थित थे। इनमें रतनलाल कट्टा, योगेश अग्रवाल, कमल जैन, अरविंद अग्रवाल, हेमलता खंडेलवाल, पीकू सिंह, गोपाल सैन मौजूद थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश पाराशर ने बालमुकुंदचार्य महाराज को साफा, माला, शॉल और दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया।

### महिला का वॉट्सऐप हैक किया

**जयपुर**। करधनी इलाके में एक शादीशुदा महिला का वॉट्स ऐप अकाउंट हैक करने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि इलाके में रहने वाली महिला ने हरी नगर कालवाड़ रोड निवासी रिश्तेदार नितिन सिंह (22) पर वॉट्सऐप अकाउंट हैक करने का मामला कोर्ट इस्तगासे से दर्ज करवाया है। कोर्ट ने पुलिस को मामला दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए हैं। पीड़िता ने बताया कि उसने इस संबंध में 8 सितम्बर 2021 को करधनी थाने में एक परिवाद आरोपी के खिलाफ दिया था। परिवाद में बताया था कि उसने अपना मोबाइल फोन को देखा तो उसकी स्क्रीन पर वॉट्सऐप वेब एक्टिव लिखा हुआ था। इस संबंध में पति और देवर को बताया। पता चला कि उसका वॉट्सऐप किसी ने हैक कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि उसकी निजी जानकारियां, निजी चैट और फोटो को आरोपी ने कहीं सेव किया है। शिकायत में बताया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से हैकर लगातार उसको स्टॉक कर रहा है। विवाहिता का आरोप है कि सितंबर में करधनी थाने मे इस संबंध में परिवाद दिया गया था। मगर पुलिस ने खानापूर्ति करते हुए आरोपी को फोन कर जानकारी दे दी। आरोपी ने अकाउंट डिएक्टिव कर दिया। करधनी थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच करवाई जा रही है।

### पुत्रदा एकादशी पर रखेंगे व्रत

**जयपुर** (का.सं.)। पौष शुक्ल एकादशी 13 जनवरी को पुत्रदा एकादशी के रूप में मनाई जाएगी। संतान प्राप्ति की कामना करने वाले श्रद्धालु पुत्रदा एकादशी का व्रत करेंगे। मंदिरों में भगवान श्रीहरि विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-उपासना की जाएगी। गोविंद देवजी मंदिर में एकादशी पर विशेष झांकी सजाई जाएगी। ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। गोचारण लीला के आभूषण से ठाकुर जी को सुसज्जित किया जाएगा। शुक संप्रदाय की प्रधानी पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में एकादशी पर ठाकुर श्री सरस बिहारी सरकार का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि एकादशी व्रत करने से व्रती को अमोघ फल की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि एकादशी तिथि भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। इसलिए एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा एवं उपासना की जाती है। पुत्रदा एकादशी को साल में दो बार आती है। पौष पुत्रदा एकादशी दिसंबर या जनवरी महीने में आती है जबकि श्रावण पुत्रदा एकादशी जुलाई या अगस्त के महीने में आती है।

### स्मैक के लिए चोरी करने वाला पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। स्मैक के नशे की पूर्ति के लिए नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक नकबजन को गलता गेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार पर भी शिकंजा कस माल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार नकबजन विकास मीणा (24) निवासी सूरजपोल अनाज मंडी सहित चोरी का माल खरीदने वाले गोपाल लाल शर्मा (32) निवासी लक्ष्मीनारायणपुरी, रामगंज को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित विकास ने पूछताछ में गलता गेट इलाके की दो वारदातें करना कबूल किया है। उसने सूरजपोल अनाज मंडी के पास सूने मकान से चुराई ज्वैलरी को 6600 रूपए में गोपाल को बेचना कबूला था। इस पर गोपाल के कब्जे से सोने के टॉप्स, एक जोड़ी पायजेब बरामद किए गए हैं। वहीं चोरी का मोबाइल विकास से बरामद हुआ है। आरोपित स्मैकची है जो नशापूर्ति के लिए वारदातों को अंजाम देता है।

### तीन लोगों के खाते से नकदी निकाली

**जयपुर**। कमिश्नरेट के सांगानेर, झोटवाड़ा और जालूपुरा थाना इलाके में जालसाजों द्वारा एक युवती सहित तीन लोगों के बैंक खातों से रूपए निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया पाश्र्वनाथ नगर, सांगानेर निवासी नंदकिशोर लखेरा के बैंक खाते से 60 हजार रूपए और अरुण वाटिका, झोटवाड़ा निवासी ख्याति शेखावत के बैंक खाते से जालसाजों ने 49 हजार रूपए निकाल लिए। वहीं जालूपुरा थाने में सुनील कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि जालसाज ने परिचित बनकर कॉल किया और पेमेंट भेजने के बहाने पत्नी के बैंक खाते से तीन बार में 75 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### 'प्रभु श्रीराम से मिलाते हैं हनुमानजी'

**जयपुर** (का.सं.)। हरिनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में 108 हनुमत चरित्र कथाओं की श्रृंखला में बरकतनगर में किसान मार्ग पर हो रही 54वीं तीन दिवसीय कथा के दूसरे दिन शनिवार को। व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने हनुमान जी महाराज के गुणों का बखान किया। राम दुआरे तुम रखवारे होत न आज्ञा बिनु पैसारे...चौपाई की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जी महाराज ने अनेकों को प्रभु श्रीराम से मिलवाया है। वे राम दरबार के द्वारपाल हैं उनकी सहमति के बिना कोई रामजी से नहीं मिल सकता। सुग्रीव और विभीषण को तो प्रत्यक्ष रूप में हनुमान जी ने प्रभु श्रीराम से मिलवाया। लंका की अशोक वाटिका में बैठी सीता माता हो या बडे राम के नहीं मिमने के दुख में प्राण त्यागने की सोच रहे भरत जी को भी उन्होंने प्रभु का सामिप्य प्राप्त करवाया। प्रभु राम के हर बड़े से बड़ा कार्य हनुमानजी महाराज ने किया। इतना होते हुए भी अहंकार हनुमान जी महाराज को छू भी नहीं सका। हमें भी प्रभु श्रीराम की भक्ति के लिए हनुमान जी महाराज से अरदास लगानी चाहिए। एक अन्य चौपाई सब सुख लहैं तुम्हारी सरना तुम रक्षक काहू को न डरना...की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जी महाराज सब सुख देने वाले हैं, क्योंकि उनके ह्दय में भगवान राम बसते हैं।

### जयपुर मैराथन 13 मार्च को

**जयपुर** (का.सं.)। जयपुर मैराथन का 13वां संस्करण 6 फरवरी के बजाय अब 13 मार्च को आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश के रनर्स शिरकत करेंगे। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा होने वाला यह वार्षिक आयोजन हर वर्ष फरवरी के पहले रविवार को पिछले बारह वर्षो से अनवरत रूप से आयोजित होता रहा है लेकिन इस वर्ष कोविड के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इसके आयोजन को 6 फरवरी के स्थान पर 13 मार्च को किया जाना प्रस्तावित है। वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया और संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने यह जानकारी दी है।

### युवती का मोबाइल छीना

**जयपुर( कासं )**। सांगानेर सदर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवती का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया टीबा कॉलोनी, प्रताप नगर निवासी ज्योति रावत 7 जनवरी की शाम ग्लोबल सर्किल से गुजर रही थी। इस दौरान बाइक सवार मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में पौषबड़ा आज

**जयपुर** (का.सं.)। बैनाड़ रोड के शुभरामपुरा स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रविवार को सुबह 11 बजे से पौष बड़ा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। राजेंद्र सदानंद महाराज के सान्निध्य में ठाकुर जी को भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। इस मौके पर राम नाम संकीर्तन भी होगा। श्री हरिओम जन सेवा समिति राजस्थान की टीम प्रसादी वितरण की जिम्मेदारी संभालेगी।

## लोहड़ी में करें गौकाष्ठ का उपयोग : पुनीत कर्णावट

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने जयपुरवासियों से लोहड़ी में गौकाष्ठ के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि होलिका दहन, लोहड़ी और हवन आदि त्यौहारों व अनुष्ठानों में गौकाष्ठ के उपयोग को बढ़ावा दें।

पुनीत कर्णावट ने कहा कि पूर्व में होलिका दहन पर गौकाष्ठ उपयोग में लेने का आव्हान किया था, जिस पर शहर में 900 से अधिक स्थानों पर गौकाष्ठ से होलिका दहन करने की अभिनव पहल हुयी थी। वृक्षों की बेतहाशा कटाई से पशु-पक्षियों के जीवन पर प्राकृतिक सुविधाओं के अभाव का संकट तथा लगातार बिगड़ते पर्यावरण संतुलन से इंसान के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पृथ्वी पर ऑक्सीजन उत्सर्जन का एक मात्र प्राकृतिक स्त्रोत वृक्ष हैं, जिसके महत्व को कोरोनाकाल में हमने भली भांति देखा व समझा है। इसलिए भावी पीढ़ी को संतुलित पर्यावरण एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने की दृष्टि से भी जरुरी है कि लकड़ी के विकल्प के तौर पर गौकाष्ठ का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए। भारतीय संस्कृति एवं शास्त्रों में गाय के गोबर व अन्य उत्पादों को पवित्र व वातावरण शुद्धि का उत्पाद माना गया है इसलिए गौउत्पादों को बढ़ावा देने के लिए गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु व्यापक प्रयासों की जरूरत है।

## आमेर में बिजली गिरने से सड़क पर हुआ गड्ढा

**जयपुर** (कासं)। आमेर क्षेत्र के गांव लबाना में लेसुवा की ढाणी में शुक्रवार देर रात बिजली गिरी। इस दौरान धमाके के साथ सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया। गड्ढा इतना बड़ा था कि नजदीक खड़ी स्कूल बस उसमें समा गई। गनीमत रही कि बस में कोई मौजूद नहीं था, इस वजह से जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज धमाके के साथ बिजली गिरी थी। हम लोग घर से बाहर आ गए। देखा तो एक पुराना कुआं टूट गया गया। मिट्टी धंसने से सड़क पर भी बड़ा गड्ढा हो गया। सड़क पर ही खड़ी बस भी गड्ढे में समा गई। इस हादसे से नजदीक बने मकान को काफी नुकसान हुआ। धमाके की वजह से मकान की दीवारों में दरार आ गई है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय सरपंच ने बताया कि घटना से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन सड़क में बड़ा गड्ढा हो गया है। यातायात प्रभावित हो रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन की मदद से जल्द ही गड्ढे को भरने के साथ ही नजदीक बने मकान में हुए नुकसान को दुरुस्त कराने का काम जारी है। वहीं, जेसीबी की मदद से बस को बाहर निकाला गया।

## 1800 बच्चों को वैक्सीन लगवाई


श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल में लगातार तीसरे दिन 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को वैक्सीन लगाई गई।

**जयपुर** (का.सं.)। श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग का तीन दिवसीय वैक्सीनेशन कैम्प के तीसरे दिन कैम्प का शुभारम्भ एसीबी के महानिदेशक बी.एल. सोनी, आईएएस राजेन्द्र सिंह शेखावत, आरयूएचएस के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अजीत सिंह शक्तावत, सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉ. गिरीश चौहान, डॉ. उमेश खंडेलवाल और किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव जितेन्द्र सिंह बसेठ ने किया। तीन दिवसीय शिविर में 1800 विद्यार्थियों को वैक्सीनेट किया गया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के संरक्षक जालिम सिंह आसपुरा, नगेन्द्र सिंह बगड़ उपाध्यक्ष, गुलाब सिंह मेड़तिया सचिव, राजेन्द्र सिंह जेरठी संयुक्त सचिव, प्रो. भवानी सिंह शिक्षा सलाहकार, मनीषा सिंह प्रिंसीपल एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बी.एल. सोनी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए भावी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अन्त में गुलाब सिंह मेड़तिया ने आगन्तुक अतिथियों, डॉक्टर, अभिभावक व विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सत्यपाल यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित प्रकाश सोनी उर्फ जयप्रकाश (41) इलाके स्थित रोहित नगर दित्तीय का रहने वाल है। आरोपित ने एक युवती को शादी का झांसा देकर होटल में दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद उसे ब्लैमेल कर रहा था। मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

## अंडा गैंग के सरगना समेत तीन गिरफ्तार

### मालपुरा गेट पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो कार, दो बाइक, मास्टर चाबी और कई फर्जी नंबर प्लेटें जब्त की


मालपुरा गेट पुलिस ने अंडा गिरोह के सरगना समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। जेल से बाहर आकर वाहन चोरी की वारदातें करने वाले अंडा गिरोह के सरगना सहित तीन बदमाशों को मालपुरा गेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई दो कार, दो बाइक, मास्टर चाबी सहित कई कारों की नंबर प्लेट्स बरामद हुई है।

डीसीपी (ईस्ट) प्रह्लाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि धौल्या उर्फ अण्डा गैंग का गिरफ्तार सरगना रामप्रसाद उर्फ राजवीर (25) निवासी बौंली जिला सवाई माधोपुर है, जबकि इसके साथी घनश्याम गुर्जर (28) निवासी निवाई और सलमान उर्फ लाला (22) निवासी मालपुरा गेट को भी गिरफ्तार किया गया है। सरगना रामप्रसाद उर्फ राजवीर शातिर किस्म का वाहन चोर है, जिसके खिलाफ पूर्व में चोरी के 24 प्रकरण दर्ज हैं। वह हाल ही में नवंबर माह में जेल से जमानत पर बाहर आया था और अपने साथियों के साथ वारदातें करना शुरू कर दिया। थानाधिकारी रायसल सिंह ने बताया कि आरोपित रामप्रसाद और उसके साथियों ने पूछताछ में अब तक शहर में 50 वारदातें करना कबूल किया है। आरोपी जयपुर से वाहन चुरा कर भीलवाड़ा ले जाते थे, जहां कबाड़ी को बेच देते थे। फिलहाल नेटवर्क खुलासे को लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## मोहित जैन ने अपनी लेखन यात्रा और अनुभव बताया

**जयपुर**। शहर के युवा लेखक मोहित जैन शनिवार को अशोक क्लब में अपनी पहली किताब व्हाट द यंग डोंट टेल को लेकर अपनी राइटिंग जर्नी और एक्सपीरियेंस शेयर किए। इस मौके पर लेखक मोहित के पिता पारस जैन और सोश्यल एन्टरप्रेन्योर, एचआर कसंल्टेंट फाउंडर एडब्ल्यूई अलका बत्रा भी मौजूद रहीं। अलका बत्रा ने शहर के आर्ट, कल्चर व लिटरेचर समेत अन्य विधाओं के यूथ टैलेंट को प्रमोट करने समेत उन्हें मुनासिब मंच देने की एक पहल शुरू की है। इसी के तहत युवा लेखक मोहित अपनी किताब को लेकर रू-ब-रू हुए। युवा लेखक मोहित ने बताया कि व्हाट द यंग डोंट टेल एक ऐसी कहानी है जो नए युवाओं के मानस को उजागर करती है। बड़ों के साथ संचार की खाई को पाटती है। यह आधुनिक समय के मैट्रिक्स के चंगुल से निर्वाण के आनंद तक के छिपे हुए मार्ग को रोशन करता है। अपनी पहली किताब में मोहित ने भारत के कल्चर के साथ दुनिया के कई शहरों की जीवन शैलियां व नजरियात को पिरोने की पुरजोर कोशिश की है। इसमें युवा मन का रोमांस, रोमांच व बेचैनी समेत अपने सुनहले सपनों को पूरा करने की बानगी भी दिखाई देती है।

किताब की विषयवस्तु के मुताबिक अयान चार साल की उम्र में बियांका से मिलता है। वे तब तक सबसे अच्छे दोस्त बन जाते हैं, जब तक कि एक बिखरती हुई घटना उनके जीवन को अलग नहीं कर देती है। अयान को अजमेर शहर के एक बोर्डिंग स्कूल में भेज दिया जाता है। अयान व बियांका अपनी किशोरावस्था में एक-दूसरे को पत्र लिखते हैं। अयान एक लड़कों के स्कूल के रोमांच और संकटों के बारे में लिखता है, जबकि बियांका मुंबई में एक मां के साथ बड़े होने के बारे में लिखती है। आठ साल बाद वह फिर से सपनों के शहर में उससे मिलता है। अब तक बियांका का अतीत एक ऐसा दुश्मन है, जिसे अयान परास्त नहीं पाता है। खुद को उससे दूर करने की आवश्यकता से हिले हुए और प्रेरित होकर अयान अपनी पहचान की तलाश में पश्चिम की यात्रा करता है। वह आकर्षक कैनेडाई रॉकीज के माध्यम से ग्लैमरस न्यूयॉर्क शहर के माध्यम से-21वीं सदी की गफलत और ड्रग्स के दलदल को बेहर करीब से देखता है।

## जयपुर में 1866 नए करोना संक्रमित मिले

### सबसे ज्यादा 122 नए संक्रमित वैशाली नगर में मिले हैं

- राजधानी में एक्टिव केस बढ़कर साढ़े सात हजार के पार हो गए हैं।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में शनिवार को 14 हजार 359 जांचों पर 1866 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 122 नए संक्रमित वैशाली नगर में मिले हैं। इस बीच राजधानी में एक्टिव केस बढ़कर साढ़े सात हजार के पार हो गए हैं।

जयपुर में शनिवार को 96 इलाकों में नए करोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें लगातार दूसरे भी सबसे ज्यादा वैशाली नगर में 122 रोगी मिले है। इसके अलावा सोडाला में 99, झोटवाड़ा में 88, अजमेर रोड इलाके में 65, जवाहर नगर में 62, टोंक रोड इलाके में 59, शास्त्री नगर में 55, मानसरोवर में 45, मालवीय नगर में 41, अग्रवाल फार्म में 39, आमेर, बनीपार्क, पत्रकार कॉलोनी व सीतापुरा में 38-38, विद्याधर नगर, सी-स्कीम व पत्रकार कॉलोनी में 37-37, लालकोठी 34, सांगानेर, सिविल लाइंस व आदर्श नगर में 33-33, एसएमएस में 31, ब्रह्मपुरी में 30, जौहरी बाजार व किरण पथ में 29-29, झालाना में 28, जेएलएन रोड पर 25, कोटपूतली व इंदिरा गांधी नगर में 24-24, गांधी नगर में 22, चांदपोल में 21, तिलक नगर में 20, गोविंदगढ़ में 19, गोपालपुरा में 18, दुर्गापुरा व जगतपुरा में 17-17, त्रिवेणी नगर में 16, गुर्जर की थड़ी में 15, खातीपुरा में 14, सुभाष चौक व विराट नगर में 13-13, घाटगेट में 12, बरकत नगर, टोंक फाटक, राजापार्क व शाहपुरा में 11-11, बस्सी, सेंट्रल जेल घाटगेट, हसनपुरा व सिरसी में 10-10, जामडोली, किशनपोल व रामगंज में 9-9, जमवारामगढ़, बाइस गोदाम, एमडी रोड व फुलेरा में 8-8, माणक चौक व बगरू में 7-7, चौड़ा रास्ता, आमेर रोड, दूदू, महेश नगर व भांकरोटा में 6-6, गंगापोल, अम्बाबाड़ी, रामबाग, रामगढ़ मोड़, हरमाड़ा व जोबनेर में 5-5, जयसिंहपुरा खोर में 4, करतारपुरा में 3, खोह नागोरियान, सांभर, जालूपुरा, अजमेरी गेट, गोनेर रोड, चाकसू, ईदगाह, सीकर रोड, सिंधी कैम्प, ट्रांसपोर्ट नगर व पुरानी बस्ती में 2-2 और गलता गेट, छोटी चौपड़, जोरावर सिंह गेट, किशनगढ़ रेनवाल, लुणियावास, एमआई रोड, फागी, स्टेशन रोड, त्रिपोलिया बाजार तथा वाटिका में 1-1 नया मरीज मिला है।

वहीं 75 संक्रमित ऐसे है जिन्होंने जांच कराते समय सही पता नहीं लिखवाया है। इधर राजधानी जयपुर में करोना के एक्टिव केस बढ़कर 7545 हो गए हैं। वहीं संक्रमण दर 12.99 फीसदी हो गई है।

## साढ़े चार लाख से ज्यादा लोगों का टीकाकरण हुआ

- डेढ़ लाख अधिक किशोर को कोविड टीका लगाया

**जयपुर**। प्रदेश में शनिवार को साढ़े चार लाख कोविड टीके लगाए गए। इनमें 15 से 18 आयु वर्ग के किशोरों को डेढ़ लाख से अधिक टीके लगाए गए।

चिकित्सा विभाग के अनुसार प्रदेश में शनिवार को 4 लाख 50 हजार 750 लोगों का टीकाकरण हुआ। इनमें 2 लाख 82 हजार 959 लोगों को पहली खुराक एवं 1 लाख 67 हजार 791 लोगों को दूसरी खुराक लगी। इनमें 15 से 18 आयु वर्ग के किशोरों को 1 लाख 58 हजार 588 टीके लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में 6 दिनों में इस वर्ग के 17 लाख 95 हजार 442 लोगों को करोना की पहली खुराक लगी। प्रदेश में अब तक 8 करोड़ 56 लाख 64 हजार 258 टीके लग चुके हैं। इनमें 4 करोड़ 94 लाख 20 हजार 901 को पहला और 3 करोड़ 62 लाख 43 हजार 357 को दोनों टीके लग चुके हैं।



## Play God Day

In recent culture films such as Bruce Almighty explore the idea of what it means to play god and what those powers should entail. The discussion of 'playing god' has become more prominent even as technology advances and humans delve into new areas of biology and other fields. Therefore 'Play God Day' can serve as a great way of encouraging you to engage with life more courageously and passionately, simultaneously encouraging you to think of the higher principles and purposes that you wish to align yourself with.

#LIFESTYLE

# Home Gym Project

These inspiring home gym ideas will turn your spare room into a beautiful space that you will actually enjoying working out in.



Home gym ideas are a great way to incorporate wellness and vitality into your home without the hassle of an expensive gym membership.

A cleverly-designed home gym that factors in key interior design elements, which are both visually appealing and fully-functional, makes the prospect of a workout far more enticing.

Use our guide on how to build a home gym for home gym ideas that are stylish - and most importantly, functional.

### The Ideal Setting

In order to design a home gym that is perfect for you, first be honest about what you will actually do there and the equipment you need to reach your fitness goals.



When drawing up the floor plan, be practical about the size of the room you have and what will fit in comfortably. You won't enjoy exercising if everything is too close together and you are left with very little space for stretching.

It is also worth adding a few individual touches, something to make the space personal to you, such as beautiful artwork, neon signage, motivational messages or captivating photography.

### Get The Acoustics Right

The interior design and acoustics of your home gym are as fundamental as the equipment you choose.

People often assume an at-home gym is all about the equipment; it's not, just as an actual gym isn't just about the equipment. It's about the music, the lighting, the atmosphere; the same is said for your at home workout space. Make sure you're creating an experience for when you exercise; much like they do in boutique gyms.

### Focus On Functionality

Functionality is key for your home gym ideas, spaces should be zoned to ensure all exercises can be undertaken with adequate space.

Size is very important - you need to have enough space to achieve your goals for the space. If you're a regular gym goer, you'll be in there a lot, so it needs to be space you enjoy spending time in, and have enough space to feel relaxed and not cramped. If a simple yoga or meditation space is all you require from your home gym, don't be afraid to keep it as just that - no frills - just pure relaxation.

### Workout Zone

It's a good idea to clearly define the different spaces 'zones' within your home gym ideas for example a yoga area, a weights section, a cardio corner. Each exercise comes with a different mentality, and that should be reflected in the space itself.

### Flooring


Strong, hard-wearing flooring is a must for a home gym. Wood flooring ideas are versatile enough for every room - home gym included - and creates a seamless flow when laid throughout a home. Smart enough for a grand or small space yet with the durability to withstand splashes, spills and high traffic. It's also a neutral base for layering yoga and floor mats when you want that extra comfort or protection from the hard surface.

### Gym Equipment

When choosing home gym equipment for a space, opt for one piece of equipment that can do it all. There has been an increase in requests for home gyms that include the most up-to-date and space-saving equipment which includes dumbbells, elastic bands and a training mat in its compact design.

### Set The Lighting

Getting the lighting right in a home gym is crucial to the overall ambience and safety of your space. The best lighting for home gyms can be used to highlight architectural features an equipment, create illusions of space and define zones. In fact, lighting is one of



the most versatile design tools that can be used to enhance any room in your home.

Classic lighting structures like pendant lamps and wall sconces have stood the test of time, but don't be afraid to embrace a brave new world. LED technology has made it possible for light fittings to come in a wider array of designs.



Prime Minister Indira Gandhi told the then editor of the Sunday Times, Harold Evans, that the article had shocked her so deeply it had set her, "on a campaign of personal diplomacy in the European capitals and Moscow to prepare the ground for India's armed intervention," he recalled. Not that this was ever Mascarenhas' intention. He was, Evans wrote in his memoirs, "just a very good reporter doing an honest job." He was also very brave. Pakistan, at the time, was run by the military, and he knew that he would have to get himself and his family out of the country before the story could be published – not an easy task in those days. "His mother always told him to stand up and speak the truth and be counted," Mascarenhas's widow, Yvonne, recalled (he died in 1986). "He used to tell me, put a mountain before me and I'll climb it. He was never daunted."







# The Article That Changed History

#BANGLADESH WAR

Mark Dummett

On 13 June 1971, an article in the UK's Sunday Times exposed the brutality of Pakistan's suppression of the Bangladeshi uprising. It forced the reporter's family into hiding and changed history.

Abdul Bari had run out of luck. Like thousands of other people in East Bengal, he had made the mistake – the fatal mistake – of running within sight of a Pakistani patrol. He was 24 years old, a slight man surrounded by soldiers. He was trembling because he was about to be shot.

So starts one of the most influential pieces of South Asian journalism of the past half century.

Written by Anthony Mascarenhas, a Pakistani reporter, and printed in the UK's Sunday Times, it exposed for the first time the scale of the Pakistan army's brutal campaign to suppress its breakaway eastern province in 1971.

Nobody knows exactly how many people were killed, but certainly a huge number of people lost their lives. Independent researchers think that between 300,000 and 500,000 died. The Bangladesh government puts the figure at three million.

The strategy failed, and Bangladeshis are now celebrating the 40th anniversary of the birth of their country. Meanwhile, the first trial of those accused of committing war crimes has recently begun in Dhaka.

There is little doubt that Mascarenhas' reportage played its part in ending the war. It helped turn world opinion against Pakistan and encouraged India to play a decisive role.

Prime Minister Indira Gandhi told the then editor of the Sunday Times, Harold Evans, that the article had shocked her so deeply it had set her, "on a campaign of personal diplomacy in the European capitals and Moscow to prepare the ground for India's armed intervention," he recalled.

Not that this was ever Mascarenhas' intention. He was, Evans wrote in his memoirs, "just a very good reporter doing an honest job".

He was also very brave. Pakistan, at the time, was run by the military, and he knew that he would have to get himself and his family out of the country before the story could be published – not an easy task in those days.

"His mother always told him to stand up and speak the truth and be counted," Mascarenhas's widow, Yvonne, recalled (he died in 1986). "He used to tell me, put a mountain before me and I'll climb it. He was never daunted."

### The Genocides He Saw

When the war broke out, what was then East Pakistan, in March 1971, Mascarenhas was a respected journalist in Karachi, the main city in the country's dominant western wing, on good terms with the country's ruling elite. He was a member of the city's small community of Goan Christians, and he and Yvonne had five children.

The conflict was sparked by elections, which were won by an East Pakistani party, the Awami League, which wanted greater autonomy for the region.

While the political parties and the military argued over the formation of a new government, many Bengalis became convinced that West Pakistan was deliberately blocking their ambitions.

The situation started to become violent. The Awami League launched a campaign of civil disobedience, its supporters attacked many non-Bengali civilians, and the army flew in thousands of reinforcements.

On the evening of 25th March, it launched a pre-emptive strike against the Awami League, and other perceived opponents, including the members of intelligentsia and Hindu community, who at that time made up about 20% of the province's 75 million people.





> I have witnessed the brutality of 'kill and burn missions' as the army units, after clearing out the rebels pursued the pogrom in the towns and villages. I have seen whole villages devastated by 'punitive action'. And in the officer's mess at night I have listened incredulously as otherwise brave and honourable men proudly chewed over the day's kill.

In the first phase of many notorious war crimes, soldiers attacked Dhaka University, lining up and executing students and professors.

Their campaign of terror then moved into the countryside, where they battled local troops who had mutinied.

Initially, the plan seemed to work, and the army decided it would be a good idea to invite some Pakistani reporters to the region to show them how they had successfully dealt with the 'freedom fighters'.

Foreign journalists had already been expelled, and Pakistan was also keen to publicise atrocities committed by the other side. Awami League supporters had massacred tens of thousands of civilians whose loyalty they suspected, a war crime that is still denied by many today in Bangladesh.

Eight journalists, including Mascarenhas, were given a 10-day tour of the province. When they returned home, seven of them duly wrote what they were told to.

But one of them refused. Yvonne Mascaren remembers him coming back distraught: "I'd never seen my husband looking in such a state. He was absolutely shocked, stressed, upset and terribly emotional," she says, speaking from her home in west London.

"He told me that if he couldn't write the story of what he'd seen he'd never be able to write another word again."

Clearly it would not be possible to do so in Pakistan. All newspaper articles were checked by the military censor, and Mascarenhas told his wife he was certain he would be shot if he tried.

Pretending he was visiting his sick sister, Mascarenhas then travelled to London, where he headed straight to the Sunday Times and the editor's office.

Evans remembers him in that meeting as having "the bearing of a military man, square-set and moustached, but appealing, almost soulful eyes and an air of profound melancholy".

"He'd been shocked by the Bengali outrages in March, but he maintained that what the army was doing was altogether worse and on a grander scale," Evans wrote.

Mascarenhas told him he had been an eyewitness to a huge, systematic killing spree, and had heard army officers describe the killings as a 'final solution'.

Evans promised to run the story, but first Yvonne and the children had to escape Karachi.

They had agreed that the signal for them to start preparing for this was a telegram from Mascarenhas saying that "Ann's operation was successful".

Yvonne remembers receiving the message at three the next morning. "I heard the telegram man bang at my window and I woke up my sons and I was: 'Oh my gosh, we have to go to London.' It was terrifying. I had to leave everything behind."

"We could only take one suitcase each. We were crying so much it was like a funeral," she says.

To avoid suspicion, Mascarenhas had to return to Pakistan before his family could leave. But as Pakistanis were only allowed one foreign flight a year, he then had to sneak out of the country by himself, crossing by land into Afghanistan.

The day after the family was reunited in their new home in London, the Sunday Times published his article, under the headline "Genocide".

### 'Betrayal'

It is such a powerful piece of reporting because Mascarenhas was clearly so well trusted by the Pakistani officers he spent time with.

I have witnessed the brutality of 'kill and burn missions' as the army units, after clearing out the rebels pursued the pogrom in the towns and villages.

I have seen whole villages devastated by 'punitive action'.

And in the officer's mess at night I have listened incredulously as otherwise brave and honourable men proudly chewed over the day's kill.

'How many did you get?' The answers are seared in my memory.

His article was - from Pakistan's point of view - a huge betrayal and he was accused of being an enemy agent. It still denies its forces were behind such atrocities as those described by Mascarenhas, and blames Indian propaganda.


However, he still maintained excellent contacts there, and in 1979 became the first journalist to reveal that Pakistan had developed nuclear weapons.

In Bangladesh, of course, he is remembered more fondly, and his article is still displayed in the country's Liberation War Museum.

"This was one of the most significant articles written on the war. It came out when our country was cut off, and helped inform the world of what was going on here," says Mofidul Huq, a trustee of the museum.

His family, meanwhile, settled into life in a new and colder country.

"People were so serious in London and nobody ever talked to us," Yvonne Mascarenhas remembers. "We were used to happy, smiley faces, it was all a bit of a change for us after Karachi. But we never regretted it."



THE SUNDAY TIMES, JUNE 13 1971

GENOCIDE

by ANTHONY MASCARENHAS

(the background to the writing and publication of this remarkable report is told on Page One)





#PET-CARE

Going for walks should be fun and stimulating for your dog. It's also important to exhibit proper etiquette when out in public and on the leash.



# Walk The Dog



Most dogs really love going for walks. It lets them get out of the house with their beloved owners and explore the world around them. Walks are also a great way for the two of you to bond and provide necessary exercise and mental stimulation for your dog. If your dog seems bored or is acting out, it's possible that they're not getting out enough. Consider taking your dog for a walk at least once a day.

### Walk is not difficult

Getting ready to go for a walk is not difficult. Possibly the hardest part is finding the time to do it.When you're busy with work, family, and everything else, the day can quickly get away from you. However, it's important for your dog's health and well-being (not to mention your own), so do your best to make time for it daily.

You will need to choose an appropriate leash for your dog. It should be comfortable for both you and your dog, easy to handle, and not too long; four to six feet is ideal. Before walking puppies, make sure they have been properly introduced to the leash.

Avoid retractable leashes, or at least use them properly. Ideally, your dog should walk at your side. They should definitely not be walking more than a few feet ahead of you because you will not have control if a distraction comes along.

You might also consider a harness over a collar. Harnesses redirect any straining onto the dog's shoulders and chest rather than their neck. It also gives you greater control over your dog and many dogs find them more comfortable to wear when on a leash.

Last but not least, be prepared to have fun. Walking should not be seen as a chore, but as an experience to share with your dog. Show your dog that you're excited about getting some exercise and it will be more willing and excited to go too.

### What You Need

- Collar or harness
- Leash
- Small treats
- Poop bags
- Appropriate clothing (for you and the dog if necessary)

### Carry Poop Bags

Part of being a responsible dog owner is leaving no trace that you were there. That means you should always pick up after your dog! Rather than leaving poop around the neighbourhood or park, it's considerate to carry poop bags with you so you can clean up. No one wants to step in poop.

### Maintain Control

To make the walks enjoyable and safe, you must maintain control of your dog at all times. Keep your dog close to you when you are around other dogs or people by keeping a short leash.

You can make walks less stressful by training loose-leash walking as well. This will let your dog get plenty of chances to sniff around during the walk. After all, your dog's nose is the main way it explores their world.

Consider training your dog to stop and sit at intersections, especially in the city. It's a good safety measure around traffic.

It's also rude to let your dog wander into private yards. Keep your dog on the curb strip side of the sidewalk whenever possible. Be sure to avoid letting your dog eliminate in yards as well. If they do, pick it up!

### Handle Distractions Properly

When out on your walk, pay attention to the environment around you. If you notice potential distractions (like cats, birds, other dogs) before your dog, you may be able to minimize its reaction. You can have your dog sit and look at you while the distraction passes. Keeping some tasty treats in your pocket might help your dog focus on you as well.

Don't assume other people or dogs want to meet your dog. Always ask before you allow your dog to greet others. Make sure your dog is well-socialized and trained on how to properly meet other dogs and people (especially children). If they're not there yet, kindly tell people who try to approach your dog that they shouldn't. It's not rude and is for their own safety.

### Preventing Problems


Walking outside does come with its hazards and it's important to adapt your walks to the day's weather. Keep walks short in hot weather or with senior dogs. It's time to head home if your dog stops walking, begins to slow down, or shows any signs of exhaustion. Contact a vet right away if you see signs of heatstroke.

Avoid asphalt on hot summer days, as the road can burn your dog's paw pads. If it's too hot for your bare feet, it's too hot for your dog. On these days, consider a walk in a grassy park instead and be sure to take some water with you.

Also, if your dog has a short coat, you might want to get a sweater to keep it warm on walks during winters. Dogs are usually more accepting of these than boots and once your dog associates the sweater with the fun of going for a walk, it will likely welcome getting dressed.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott






## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सार्वजनिक निर्माण मंत्री जाटव ने वैर के ओलावृष्टि क्षेत्रों का जायजा लिया

## विधायक जोगिन्दर अवाना ने नदबई के कई गांवों में दौरा कर किसानों की पीड़ा सुनी


सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने वैर विधानसभा के ओलावृष्टि प्रभावित ग्राम पंचायत क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ित किसानों से व्यथा सुनी।

- 'फसल खराबे का पीड़ित किसानों को आपदा राहत नियमों के तहत सहायता दिलायेंगे'
- जिला कलेक्टर ने डीग क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के ओलावृष्टि क्षेत्रों का दौरा किया

**भरतपुर,** (निसं)। सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने वैर विधानसभा के ओलावृष्टि प्रभावित ग्राम पंचायत क्षेत्रों का शनिवार को दौरा कर पीड़ित कृषकों से उनकी व्यथा सुनी। उन्होंने कहा कि वे राज्य सरकार से जिले के पीड़ित कृषकों का पक्ष रखकर अधिक से अधिक मुआवजा राशि दिलाने का प्रयास करेंगे।

जानकारी के अनुसार उन्होंने वैर विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा कर ओलावृष्टि के कारण फसलों में हुए भारी नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित किसानों से मुलाकात की, उन्होंने कहा कि ऐसी विकट परिस्थिति में फसल खराबे का पीड़ित किसानों को आपदा राहत नियमों के तहत जल्द से जल्द सहायता दिलायेंगे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दुरभाष पर आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी वैर मुनव्वर यादव सहित अन्य राजस्व अधिकारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**नदबई संवाददाता के अनुसार** : क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक गांवों में ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने पर विधायक जोगिन्दर अवाना ने करीब आधा दर्जन गांवों में दौरा करते हुए किसानों की पीड़ा सुनी। बाद में खराब फसल का जायजा लेते हुए विभागीय अधिकारियों को खराब फसल की गिरदावरी करने एवं पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। बाद में विधायक ने तलछेरा, बरौलीरान, उटारदा, करीली, कटारा, बरौलीछार,भदीरा, ऊँच व ऐचेंरा में खराब फसल का जायजा लिया।

**भरतपुर संवाददाता के अनुसार** : जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने जिले की डीग क्षेत्र की ग्राम पंचायत साहरई, नाहरौली एवं शयोरावली के ओलावृष्टि क्षेत्रों का दौरा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। जिला कलेक्टर गुप्ता ने अधिकारियों से कहा कि वे ओलावृष्टि से फसल खराबा पीड़ित कृषकों के प्रति संवेदनशील होकर गिरदावरी का कार्य करें जिससे कोई भी पीड़ित कृषक मुआवजा राशि से वंचित न रहें। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी डीग हेमंत कुमार सहित अन्य राजस्व अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

इस मामले में जिले के चारों मंत्रियों सहित विधायकों ने चिंता जाहिर करते हुए जिला कलेक्टर से वर्चुअल कॉफ्रेंस माध्यम से जुड़कर हालात की जानकारी ली और जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता से प्रशासनिक अधिकारियों को क्षेत्रों में भेजकर हालात का जायजा लेने व गिरदावरी कराने सहित हालात का जायजा लेने के निर्देश दिए। कैबीनेट मंत्री भजन लाल जाटव, विधायक जोगेन्द्र अवाना ने स्वयं अपने क्षेत्रों में जाकर ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। जबकि कैबीनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह एवं राज्यमंत्री सुभाश गर्ग ने वीसी के माध्यम से जिला कलेक्टर से वार्ता की।

# अजमेर में सवा इंच बारिश, कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि


अजमेर में बीती रात को बारिश होने से शनिवार की सुबह शहरवासियों के लिये कोहरे से ढकी नज़र आई।

- अचानक बढ़ी सर्दी से बचाव के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में बीती रात को ताबड़तोड़ सवा इंच बारिश हुई। जिसके बाद शनिवार की सुबह शहरवासियों के किए कोहरे से ढकी हुई नज़र आई।

अजमेर में लगभग 11 साल बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से जनवरी महीने में सर्वाधिक मावठ की बारिश हुई है। अजमेर में शुक्रवार रात करीब तीन घंटे में सवा इंच बारिश दर्ज की गई है। अजमेर जिले के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की जानकारी भी प्राप्त हुई है।

इसी दौरान शनिवार सुबह बढ़ी ठंड के कारण मोर्निंग वॉक के दौरान भी लोगों की संख्या कम नजर आई। वहीं दूसरी ओर इस मौसम का अजमेर में ये पहला सर्द घना कोहरे का दिन रहा। इस दौरान सड़क पर चल रहे वाहनों को कम विजिबिलिटी होने के चलते कई दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। अजमेर में अचानक बढ़ी इस सर्दी से बचाव के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया।

## दिवगंत सिपाही सूर्यप्रकाश को श्रद्धा सुमन

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। बांदरसिंदरी थाने के सामने रात्रि को बेकाबू कार की टक्कर से ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल की दर्दनाक मौत हो जाने पर थाने में पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित किये। विधायक सुरेश टांक, पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा, थाना प्रभारी मंजू मुलेवा, भाजपा युवा नेता डॉ विकास चौधरी सहित जवानों व ग्रामीणों ने दुःखद घड़ी में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संवेदना व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। ज्ञातव्य रहे दो दिवस पूर्व रात्रि को जयपुर की तरफ से आ रही बेकाबू कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर जयपुर हाईवे मार्ग पर बांदरसिंदरी थाने के सामने गश्त पर तैनात गांव लदाना, फागी निवासी कांस्टेबल सूर्यप्रकाश गुर्जर (26) के टक्कर मार दी। इससे जवान की मौत हो गई। करीब डेढ़ वर्ष से इसी थाने में तैनात साथी की पलभर में मौत हो जाने पर पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।

# फर्जी फर्म के नाम पर लोगों से माल खरीदकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार


फर्जी फर्म के नाम से लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में राजनगर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**राजसमन्द,** (निसं)। फर्जी फर्म बनाकर लोगों से सामान खरीदरकर ठगी एवं धोखाधड़ी करने के आरोप में राजनगर थाना पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने आपको व्यापारी बताकर फर्जी फर्म के नाम से लोगों से सामान की खरीदारी करता और उसके बाद फरार हो जाता था।

राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि प्रार्थी दीपांशु पाहुजा पुत्र संजय पाहुजा सिंधी निवासी 123 बी सहेली नगर उदयपुर ने 15 अक्टूबर 2021 को आरोपी मितुल पटेल उर्फ मीत कुमार पुत्र भगवान भाई निवासी रवद थाना समी जिला पाटन एवं दांतीवाडा सीड्स शॉप नं. 3 हरीज मेहसाणा रोड जिला पाटण गुजरात के खिलाफ राजनगर थाने में नकली फर्म के नाम से सामान की खरीदारी कर करीब 6 लाख 47 हजार 700 रुपए की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा व गुजरात के पाटन, हिम्मनगर आदि जिले में दबिश देते हुए आरोपी मितुल पटेल उर्फ मीत कुमार पुत्र भगवान भाई निवासी रवद थाना समी जिला पाटन को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लोगों को नकली फार्म का नाम बताकर एक मोटी रकम के सामान का ऑर्डर देता था तथा सामान को मंगवाकर बेच देता था। बाद में पैसे देने के लिए टालमटोल करता और जगह बदलकर भाग जाता था। मामले को लेकर पुलिस द्वारा छानबीन जारी है।

थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि आरोपी मितुल उर्फ मीत कुमार पेटल के खिलाफ गुजरात में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज है। आरोपी काफी शातिर है और अलग-अलग जगहों पर अपना नाम बदल कर रहता था और आरोपी कभी भी एक जगह पर लम्बे समय तक कभी नहीं रहता था। इसी तरह व्यापारियों को अपना निशाना बनाकर उनसे मोटी रकम का माल की खरीदारी कर बेच देता था और माल के रुपये चुकाने के दौरान वह फरार हो जाता था।

## शांतिभंग में नकली किन्नर गिरफ्तार

**राजसमन्द,** (निसं)। शहर के 100 फीट रोड पर नकली किन्नर बनकर लोगों से व दूकानदारों से पैसे वसूली करने के दौरान मौके पर पहुंचे असली किन्नरों से झगड़ा कर शांतिभंग करने के आरोप में राजनगर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि किन्नर पारसमणी निवासी फौज मोहल्ला नाथद्वारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। बताया कि एक व्यक्ति नकली किन्नर बन शहर के 100 फीट रोड पर लोगों व दूकानदारों से पैसे वसूली करने की जानकारी मिली। इस पर मौके पर पहुंच देखा तो एक नकली किन्नर दूकानदारों से पैसे वसूल कर रहा था और असली किन्नरों को देखते ही झगडा पर उतारू हो गया। इस पर हमने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम हेड कांस्टेबल शक्तिसिंह, कांस्टेबल नारायण ने कार्रवाही करते हुए नकली किन्नर से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम शौकीन (28) पुत्र भैरूनाथ जाति नाथ निवासी गौतमपुरा इन्दौर मध्यप्रदेश का होना बताया। इस पर पुलिस ने उसे शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है।

# भीलवाड़ा में शनिवार को 55 पॉजीटिव केस मिले

- 55 में से 51 संक्रमितों को वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी है
- इनमें सबसे ज्यादा मामले सुभाषनगर व शास्त्री नगर क्षेत्र के हैं

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा में शनिवार को कोरोना के 55 नए केस सामने आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले सुभाषनगर व शास्त्री नगर क्षेत्र के हैं। चिंताजनक बात यह हैं कि इन 55 में से 51 संक्रमितों को वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी है। 8 ऐसे संक्रमित भी हैं जो पूर्व में पॉजिटिव मरीजों के संपर्क में आने से संक्रमित हुए हैं। वहीं 17 संक्रमित चिकित्सा विभाग की रैंडम जांच में सामने आए हैं।

आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला के अनुसार शनिवार को सर्वाधिक 17 केस शास्त्रीनगर डिस्पेंसरी क्षेत्र के जूनावास, कुमुद विहार, वैभव नगर, न्यू हाउसिंग बोर्ड व शास्त्रीनगर डी और ई ब्लॉक से सामने आए हैं। इसी तरह सुभाष नगर डिस्पेंसरी क्षेत्र के रमा विहार, आरसी व्यास सेक्टर दो और तीन, सुभाष नगर सी और डी ब्लॉक में 11 पॉजिटिव मिले हैं। बापू नगर में 2, चपरासी कॉलोनी, कमला विहार, रामधाम रोड, पटेल नगर 4, नेहरू विहार और अहिंसा सर्किल 2, मजिस्ट्रेट कॉलोनी 1, पुर क्षेत्र के नर्बदा विहार, चुंगीनाका 4, सुवाणा क्षेत्र के कान्याखेड़ी, मंडपिया और अंशुल सुशांत सिटी 4, शाहपुरा के वार्ड नंबर 4 में 1, मांडलगढ के बरुंदनी, काछोला में 3, कोटडी क्षेत्र के रीठ से 1 केस सामने आया है। डॉ. चावला ने बताया कि इन संक्रमितों में से 30 ऐसे रोगी हैं जिन्होंने सर्दी-जुकाम व खांसी की शिकायत होने से जांच करवाई थी जबकि 8 संक्रमित पूर्व पॉजिटिव मरीजों के संपर्क में आए वहीं कोरोना के बढते संक्रमण के चलते चिकित्सा विभाग द्वारा की जा रही रैंडम जांच में 17 लोग संक्रमित पाए गए हैं।

## पेंथर ने गाय के दो बछड़ों का शिकार किया

**उदयपुर,** (कासं)। सलूम्बर कस्बे के डाल गाव में आए पेंथर में बाड़े में घुस कर दो गाय के दो बछड़ों का शिकार किया। वन रेंज के रेंजर जितेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि शुक्रवार रात में सलूम्बर कस्बे डाल गांव निवासी धोला पुत्र. कालु मीणा के बाड़े में बंधे गाय के दो बछड़ों का शिकार किया। एक बछड़ा खाने के बाद पेंथर चला गया। शनिवार सवेरे जानकारी मिलने पर वनपाल उदयसिंह, वनरक्षक नरेन्द्रसिंह मौके पर पहुंचे। जहां मृतक बछड़ों का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार कराया। रेंजन जितेन्द्रसिंह ने बताया कि तीन-चार दिन पूर्व पेंथर बोरेरेट गांव में पेंथर आया और दो बकरियों का शिकार किया था।


**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला की पत्नी डॉ. अमिता बिडला शनिवार को राजसमंद के वल्लभ संप्रदाय की तृतीय पीठ के प्रभु द्वारिकाधीश मंदिर पहुंची। जहां उन्होंने प्रभु के भोग आरती की व झांकी के दर्शन किए। जानकारी के अनुसार जहां डॉ. अमिता बिडला को मंदिर सहायक अधिकारी गणेशलाल सांचीहर, ऑएसडी विनित सनाढ्य ने मंदिर परंपरा अनुसार इकलई ओढाकर व प्रसाद की टॉरी भेंट की। इससे पहले अपने सार्थी दलों के साथ वे नाथद्वारा पहुंच श्रीनाथजी के दर्शन किए थे।**

## सरवाड़ में ओले गिरे, फसलें प्रभावित

- सरसों में ओले के कारण नुकसान देखने को मिला

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ में झमाझम बारिश के साथ ओले गिरे। इस कारण निकासी के अभाव में प्रमुख चौराहे सड़क लबालब पानी से भर गई। वहीं खेतों में खड़ी फसल सरसों में ओले के कारण काफी नुकसान देखने को मिला। सरसों व चना सहित आदि फसल उपर से टूट गई। फूल गिर गए जिसके कारण काफी नुकसान हुआ है। कुछ समय के लि जमीन पर सफेद परत बिछ गई। किसानों ने गिरदावरी कर मुआवजा देने की मांग की।

# छबड़ा में बारिश के साथ मटर व चने के आकार के ओले गिरे

- ओलावृष्टि से रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा
- जनप्रतिनिधियों ने उचित मुआवजा देने की मांग की

**छबड़ा,** (निसं)। छबड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मावठ का दौर जारी है। शनिवार को अचानक मौसम ने करवट ली और दोपहर 3 बजे के बाद बारिश का सिलसिला शुरू हो गया, इस दौरान कई गांवों में ओलावृष्टि हुई, जिससे रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिन से मावठ गिर रही है। शनिवार को प्रारंभ हुई बारिश के साथ कई गांवों में ओलावृष्टि हुई। क्षेत्र के कडैयाहाट, बटावदापार, गोडियामेहर, खुरई, राजपुरा, धींगाराडी, तेलनी, पाली, फलिया, मोतीपुरा, झरखेड़ी, बामला, बल्डी, नगदा, नगदी, हान्याहैडी, नीमखेडा व अन्य गांवों में मटर व चने के आकार के ओले पड़े। बारिश के बाद सर्द हवाएं चलने से तापमान नीचे गिर गया। बड़ी मात्रा में ओले गिरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। शुक्रवार शाम व शनिवार सुबह भी हल्की बूंदा-बांदी हो रही थी। उसके बाद दिन में मौसम खुल गया। चार बजे के बाद बारिश का सिलसिला जारी रहा। कांग्रेस नगर अध्यक्ष दिग्विजयसिंह ने बताया कि क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों मे काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की है। पूर्व सरपंच इकबाल बुलंद ने भी सरकार से फसलों में हुए नुकसान का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। वहीं कडैयाहाट सरपंच दोली बाई, तेलनी सरपंच रानी बाई व गुगोर सरपंच राजेंद्र खारोल ने भी प्रशासन से फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है।

भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़ ने बताया कि इस ओलावृष्टि से गेहूं, चना सहित सरसों की फसलों में भारी नुकसान हुआ है। वर्तमान में सरसों की फसल में फूलवारी का सीजन है ओलावृष्टि से सरसों के फूल नष्ट हो गए तथा अफीम की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में सरकार को शीघ्र नुकसान का सर्वे करवा कर किसानों को मुआवजा देने के मापदण्ड तय करने चाहिए।

# कोर्ट के रीडर को बदमाशों ने पीट-पीटकर अधमरा किया


हिण्डौन सिटी में घायल रीडर को राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया।

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। अपने बेटे को स्कूटी से स्कूल छोड़ने जा रहे कोर्ट के रीडर को बदमाशों ने रास्ते में रोककर लाठियों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। इधर पुलिस ने मारपीट में घायल रीडर की ओर से पर्चा बयान भी दर्ज कर लिए हैं।

शहर निवासी विष्णु शर्मा जो एससी-एसटी कोर्ट में रीडर के पद पर कार्यरत है। बताया जा रहा है कि वह शनिवार सुबह अपने बेटे को स्कूटी से उसके स्कूल छोड़ने जा रहा था। बताया कि वह अपने बेटे को छोड़कर पीएससी फॉउंडेशन स्कूल से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में 2 बाइकों पर सवार 5 नकाबपोश बदमाश आए और उसे घेकरकर लाठियों से हमला कर दिया। इसके बाद उनको अधमरी हालत में छोड़कर भाग निकले। विष्णु दत्त ने बताया कि उन्होंने हमलावरों से कहा कि उन्हें क्यों मार रहे हैं। कोई गलतफहमी हो तो उसे बात कर दूर कर लें। उन्होंने अपना हेलमेट उतारकर अपनी शक्ल भी हमलावरों को दिखाई, लेकिन हमलावर लगातार लाठियों से पीटते रहे। उन्होंने बताया कि उनके बेटे पुलकित ने शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़कर आए, लेकिन तब तक हमलावर भाग निकले। थोड़ी देर बाद वह बेहोश हो गए। परिजनों ने उनको अस्पताल में भर्ती कराया, तो इलाज के बाद उनको होश आया। नई मंडी के थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित के पर्चा बयान लिए हैं। मामले में जांच करते हुए हमलावरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# अवैध बजरी परिवहन करते सात आरोपी गिरफ्तार, पांच ट्रेलर जब्त

- दो ट्रेलर के चालक नाकाबंदी तोड़कर बजरी ट्रेलर छोड़कर भागे

**बूंदी.** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी परिवहन करते पांच ट्रेलर जब्त कर ट्रेलर चालक व सहयोगी सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन पर खनिज विभाग व सदर थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल के मार्गदर्शन में वृत्ताधिकारी वृत्त बूंदी हेमन्त कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना सदर अरविन्द भारद्वाज के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुये पांच बजरी से भरे ट्रेलर जब्त कर तीन चालक व चार अन्य बजरी परिवहन में सहयोग कर रहे साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दो ट्रेलर के चालक मौका देख कर नाकाबंदी तोड़ कर भागने लगे जिन्हे पुलिस ने पीछा कर पकड़ा तो बजरी ट्रेलर छोड़कर भाग गये। खनिज विभाग की ओर से प्रकरण दर्ज कर आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा हैं। सदर थाना पुलिस ने जितेन्द्र मीणा सर्वेयर खनिज विभाग द्वितीय बून्दी ने रिपोर्ट पेश की 8 जनवरी को समय प्रातः 5.30 बजे पुलिस थाना सदर बून्दी के उदय लाल मीणा मय जाब्ता व खनिज विभाग की संयुक्त चेकिंग के दौरान सिलोर पुलिया एनएच 52 पर अवैध बजरी परिवहन वाहनो की संयुक्त चैकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान हिण्डोली की तरफ से वाहन का चालक को हाथ का ईशारा देकर रुकवाया व वाहन को चेक किया तो वाहन में अवैध बजरी होना पाया इसी दौरान एक ट्रेलर व अन्य ट्रेलर भी हिण्डोली की तरफ से आये जिनको चैक किया तो उक्त सभी वाहनों में अवैध बजरी भरा होना पाया गया। ट्रेलर का चालक मौके से भाग गया व दुसरा चालक भी मौका देखकर भागने में सफल हुआ। उक्त चालकों से बजरी के सम्बन्ध में रवान्ना दस्तावेज नहीं होना बताया उक्त ट्रेलर चालकों के साथ तीन व्यक्ति ओर साथ मिले।


सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बजरी परिवहन करते पांच ट्रेलर जब्त कर ट्रेलर चालक व सहयोगी सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया।

उक्त सभी ट्रेलर चालक एवं साथी व्यक्ति अवैध बजरी खनन कर ले जाना पाया गया। इत्यादि पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अवैध बजरी परिवहन मामले में सदर थाना पुलिस ने रामावतार पुत्र रतनलाल मीणा (28), निवासी झीकली, थाना जहाजपुर, जिला भीलवाड़ा, किशनगोपाल पुत्र रामदयाल, जाति मीणा, (29), निवासी झीकली थाना जहाजपुर, जिला भीलवाड़, डूंगरसिंह उर्फ मुकेश पुत्र मांगीलाल मीणा, (20) निवासी फलिन्डा, पुलिस थाना हिण्डोली, जिला बून्दी, दिलखुश पुत्र ब्रह्मा मीणा (21), निवासी डाटून्दा पुलिस थाना हिण्डोली, जिला बून्दी ,कल्लामुद्दीन उर्फ पप्पु पुत्र बसीर, जाति मुसलमान, आयु (46) निवासी तालाबगांव, पुलिस थाना हिण्डोली, जिला बून्दी, राजु पुत्र प्रकाश, जाति राव गुर्जर (30) निवासी चतरगंज, पुलिस थाना हिण्डोली, जिला बून्दी, प्रवीण पुत्र कन्हैयालाल गुर्जर (21) निवासी कल्याणपुरा, पुलिस थाना बसोली, जिला बून्दी को गिरफ्तार किया है।

# जोधपुर में 515 नये संक्रमित मिले, 34 लोगों को डिस्चार्ज किया

## कलेक्टर ने रेजीडेंसी अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट का अवलोकन किया

**जोधपुर,** (कासं)। कोरोना और ओमिक्रॉन वैरिएंट के बढ़ते मामलों के बाद जोधपुर में शनिवार को 515 संक्रमित सामने आए हैं। 34 जनो को उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया। आज एक जने की मौत हुई है।

जिला कलेक्टर ने शनिवार को रेजीडेंसी अस्पताल परिसर में अग्रवाल समाज द्वारा स्थापित किए गए ऑक्सीजन प्लांट का अवलोकन किया। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट के प्रभारी से प्लांट के बारे में पूरी प्रक्रिया की जानकारी व प्लांट को स्टार्ट करवा कर भी देखा। उन्होंने के प्लांट की क्षमता के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रोटोकॉल अधिकारी मंगलाराम पुनिया व थानाधिकारी सुनील चारण सभी बातचीत की और कहा कि कोरोना गाइडलाइन व नाइट कर्फ्यू की पालना के पूरे प्रयास करें।

उन्होंने सीएमएचओ डॉक्टर बलवंत मंडा व आर सी एच ओ डॉक्टर कौशल दवे को कहा कि डोर टू डोर जाकर भी वैक्सीनेशन का कार्य किया जाए तो और बेहतर होगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह ने उड़ान फाउंडेशन के कोरोना जागरूकता विमोचन किया।

## अलवर में 167 नए कोरोना पॉजिटिव आए

**अलवर,** (निसं)। अलवर में शनिवार को कोरोना के 167 नए केस आए हैं। जबकि एक दिन पहले 219 और उसके पहले दिन 144 कोरोना संक्रमित आए थे। मतलब पिछले तीन दिनों से जिले में 100 से अधिक पॉजिटिव आ रहे हैं। जयपुर व जोधपुर के बाद अलवर में तीसरे नंबर पर सबसे अधिक पॉजिटिव आने का सिलसिला जा रही है।

## हिण्डौन निवासी कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की मौत

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। समीप के गांव लहचौडा निवासी एक वृद्ध ने जयपुर के नारायण हॉस्पिटल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जिसकी कोरोना की पॉजिटिव रिपोर्ट आई थी। मृतक का गांव लहचौडा में गाइडलाइन की पालना करते हुए पीपीई किट पहनकर अंतिम संस्कार किया गया। इधर चिकित्सा विभाग की टीम ने एहतियात के तौर पर 31 लोगों के सैम्पल भी ले लिये हैं और उन्हें होम क्वारंटीन भी कर दिया है। बीसीएमओ ने बताया कि वृद्ध गत कई दिनों से जयपुर में अपने बेटे के पास रह रहे थे। बताया जा रहा है कि उसकी लम्बे समय से तबीयत भी खराब चल रही थी। जिसका जयपुर में ईलाज भी चल रहा था।

# बीकानेर में कोरोना दोहरे शतक के करीब

## सुबह की रिपोर्ट में बीकानेर आईजी प्रफुल्ल कुमार सहित 67 कोरोना पॉजिटिव मिले

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में आज सुबह व शाम की रिपोर्ट में सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 194 रोगी मिले हैं, जबकि हकीकत में यह संख्या दो सौ के पार है। बीकानेर शहर के साथ अब आस-पास के कस्बे और गांव तक चपेट में आने शुरू हो गए हैं। शनिवार सुबह की रिपोर्ट में बीकानेर आईजी प्रफुल कुमार सहित 67 कोरोना पॉजिटिव मिले थे। शाम को 127 नए पॉजिटिव की पुष्टि हेल्थ डिपार्टमेंट ने की है। बीकानेर शहर के अलावा नोखा, देशनोक, नापासर, श्रीडूंगरगढ़, छत्तरगढ़ सहित कई गांवों में भी पॉजिटिव निकले हैं।

- **शहर के साथ अब आस-पास के कस्बे और गांव तक चपेट में आने लगे**
- **कई रोगी नर्सिंग हॉस्टल व मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल से मिले हैं**

अब कोरोना ने मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। आज शाम की रिपोर्ट में कोरोना के कई रोगी नर्सिंग हॉस्टल व मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल से मिले हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी बीकानेर फिर लौटने लगे हैं। शनिवार को मिले पॉजिटिव में 22 रोगी रेलवे स्टेशन पर लिए गए सेम्पल से सामाने आए हैं। इनमें कुछ स्थानीय लोग भी स्टेशन पर जांच करवाने पहुंचे लेकिन अधिकांश रोगी बाहर से बीकानेर आए हैं। चौधरी कॉलोनी, आचार्यों की घाटी, जयनारायण व्यास कॉलोनी, पुरानी गिन्नाणी, वृंदावन होटल, चूनगरों का मोहल्ला, वर्द्धमान होटल, इंदिरा चौक, कसाईयों की बारी, शिव वैली, मुक्ता प्रसाद नगर, पटेल नगर, आर्मी केंट एरिया के जवान भी पॉजिटिव आए हैं। चौपड़ा कटला, शास्त्री नगर, रामपुरा बस्ती से भी पॉजिटिव आ रहे हैं।

नोखा पहले भी हॉट स्पॉट रह चुका है एक बार फिर यहां पांच नए केस आए हैं। देशनोक में शनिवार को छह नए केस मिले हैं। इनमें वार्ड 9, 12 व 22 के निवासी पॉजिटिव है। शनिवार को यहां चार नए केस मिले हैं।

# टोंक जिले के दर्जनों गांवों में ओलावृष्टि, फसल हुई खराब

## करीब आधा घंटे ओलावृष्टि से सफेद चादर बिछ गई

**टोंक,** (निसं)। जिले के टोडारायसिंह क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के चलते लगातार बदलते मौसम ने किसानों को तबाह कर दिया। क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में ओलावृष्टि से किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। देर शाम अचानक मौसम में बदलाव के साथ बीती रात करीब दस बजे के बाद ओलावृष्टि का आलम शुरू हो गया। देखते देखते ही आंवला, वेर जैसे ओले गिरने लगे। करीब आधा घंटे ओलावृष्टि हुई, जिससे खेतों में चादर जम गई।

शुक्रवार देर रात क्षेत्र के गांव उनियारा खुर्द, कोटडी, लाम्बा खुर्द, कुहाडा बुजुर्ग, दतोब, संवारिया, मांदोलाई, भादो का खेडा, नयागांव, दाताजी, खेजडों का बास सहित आस-पास के गांवों में ओलावृष्टि हुई।

- **सबसे ज्यादा नुकसान गांव लाम्बा खुर्द, कोटडी में हुआ**



पश्चिमी विक्षोभ के बाद ओलों की बारिश हुई जिससे जमीन पर ओलो की चादर जमा हो गई।

ओलावृष्टि से किसानों की सरसों, गेहूं, चना आदि फसलें नष्ट हो गई। सैकड़ों बीघा खेतों में सरसों की फसल आड़ी पड गई, चना की फसल अंकुरित होने से साथ ही जमींदोज हो गए। ओलावृष्टि से सबसे ज्यादा नुकसान गांव लाम्बा खुर्द, कोटडी में बताया जा रहा है।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से ओलावृष्टि से फसलों के हुए नुकसान की गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि पहले से ही किसान खाद बीज से कर्जे में डूबा हुआ है, फिर प्राकृतिक आपदा ने किसानों की कमर तोड दी है।

दूसरी ओर विधायक प्रतिनिधि पत्नी राधा चौधरी ने ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्र के गांवों को दौरा कर जिला कलेक्टर से किसानों को मुआवजे की मांग की है। इस दौरान तहसीलदार सीताराम लक्षकार, प्रधान प्रतिनिधी व भाजपा नेता रामचंद्र गुर्जर, गिरदावर महेश कुमार जैन, हल्का पटवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधी मौजूद रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से ओलावृष्ट से किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए जिला कलक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है।

रात में हुई ओलावृष्टि पेड़ों पर बसेरा कर रहे पक्षियों के लिए मौत बन गई। इसी प्रकार जंगली जानवरों की भी अकाल मौत होने से जगह जगह पर मृत मवेशी व पक्षी दिखाई दे रहे हैं। ओलावृष्टि से बड़ी संख्या में पेड धराशायी हो गए।



अचरोल, कस्बे सहित निकट के ग्राम लबाना में गत रात्रि को मूसलाधार बारिश के साथ लेसवा की ढाणी में बिजली गिरने से एक कुआं जमीन में धंस गया। कुए के चारों तरफ लगभग 20 से 30 फीट गहरा व चौडा गड्ढा हो गया। पास ही खड़ी मिनी बस गड्ढे में समा गई।

## लठ्ठ से पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार


**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा कस्बे में आपसी विवाद होने पर पुत्र ने लठ्ठ से हमला कर पिता की हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगुन्दा कस्बे के मनारिया गांव में आपसी कहासूनी होने पर ताराचंद पुत्र हमेरा ने लठ्ठ से अपने पिता हमेरा पुत्र डालू के सिर पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एएसआई हरिसिंह ने मौके पर पहुंच कर उच्चाधिकारियों को घटना हालात की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रात में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था।

# चौमूं क्षेत्र में बारिश के साथ ओले गिरे

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं उपखण्ड में शुक्रवार देर रात अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ जो शनिवार सुबह करीब 9 बजे तक जारी रहा। इलाके के कई गांवों में चने के आकार के ओले भी गिरे।

उपखण्ड के कालाडेरा, आष्टीकलां, भूतेडा, किशनमानपुरा, हस्तेड़ा, आलीसर, बांसा, भोजलावा, कचौलिया, सामोद, महारकलां, मोरीजा, चीथवाड़ी में ओलावृष्टि हुई। खेतों में गेहूं, जौ, चना, सरसों के अलावा टमाटर, मटर, गोभी, लहसुन, प्याज सहित सब्जियों की फसल को भी नुकसान हुआ है। शनिवार सुबह स्थानीय विधायक रामलाल शर्मा ने क्षेत्र का जायजा लिया।



चौमूं उपखण्ड के सामोद गांव के खेत में ओलों को दिखाता किसान।

## मावठ ने बदला भाखड़ा सिस्टम का रेगूलेशन

**हनुमानगढ़,** (निसं)। भाखड़ा रेगुलेशन कमेटी की बैठक शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर नथमल डिडेल की अध्यक्षता में बैठक हुई। किसान प्रतिनिधि बीके अध्यक्ष विनोद कड़वासरा ने बताया कि फरवरी माह में गेहूं की पकाई के लिए पानी की आवश्यकता है और जनवरी माह में बारिश के कारण पानी फसलों को मिल चुका है। बैठक में किसान प्रतिनिधियों की सहमति से 28 जनवरी तक चलने वाले रेगुलेशन को 12 जनवरी तक रखने और फरवरी महीने में 2 फरवरी से 18 फरवरी तक 1200 क्यूसेक पानी स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। 12 जनवरी से 1 फरवरी तक नहरबंदी रखने और वार प्रभावित न होने के लिए 2 फरवरी से दोबारा रेगुलेशन जारी करना तय किया।

पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि दयाराम जाखड़ ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था भाखड़ा में पहली बार हुई है। जहां विधायक व कलेक्टर की मध्यस्ता से सिंचाई विभाग के अधिकारियों व नहर अध्यक्षों के साथ बैठक कर सूझबूझ से रेगुलेशन को व्यवस्थित ढंग से तैयार किया गया। बैठक में हनुमानगढ़ विधायक चौधरी विनोद कुमार, संगरिया विधायक गुरदीप सिंह शाहपीनी, जिला प्रमुख कविता मेघवाल, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि दयाराम जाखड़ सहित सिंचाई विभाग के अधिकारियों व किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## श्रीमाधोपुर में 55 एमएम बरसात

**श्रीमाधोपुर,** (निसं.)। चक्रवाती बादलों के दबाव के साथ शुक्रवार रात 9 बजे से ही बरसात जारी रही। तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत ने बताया कि रात से सुबह 8 बजे तक 55 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। बरसाती पानी के कारण मुख्य रास्तों हुए जलभराव से जगह-जगह कीचड़ की स्थिति बन गई। किसानों ने बताया कि यह बरसात रबी की फसलों के लिए लाभदायक है।

वहीं चाकसू विधानसभा क्षेत्र पश्चिम के गांवों में गत रात्रि बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि से किसानों की फसलें खराब हो गई। ओलावृष्टि से तामड़िया, भादीपुरा, थली खरेड़ा, खुमारियावास, वाटिका, बिलवा गांव में फसलों में नुकसान हुआ।

## अलवर में तेज बारिश, सड़कें लबालब

**अलवर,** (निसं)। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार अलवर जिले में रात को जोरदार बारिश हुई। कभी रुक-रुक कर तो कभी तेज बारिश का दौर सुबह तक जारी रहा। जिसके कारण अलवर शहर की सडक़ें पानी से लबालब हो गई। नालों के जरिए भी पानी सडक़ों पर आ गया। यही हाल खेतों का है खेतों में भी पानी भर गया। लोगों का कहना है कि मानसून के दौर में भी इतनी जोरदार बारिश नहीं हुई थी। किसानों का कहना है कि केवल बारिश से खेती में नुकसान नहीं है लेकिन तेजी से बार-बार बारिश से सरसों की अगेती खेती में नुकसान है। जानकारी के अनुसार अलवर जिले में एक-दो जगहों पर चने के आकार के ओले भी गिरे हैं।

- **सुबह तक सड़कों व खेतों में पानी-पानी हो गया**

जिले में दो दिन से घने बादल छाए हैं। एक दिन पहले बूंदाबांदी व हल्की बारिश थी। लेकिन रात को तेज बारिश हुई है। किसानों का कहना है कि आगे भी बारिश होती रही और मौसम नहीं खुला तो खेती में नुकसान होगा। जिले में अब अधिकतम तापमान 16 डिग्री के आस-पास है। आगामी दिनों में यह एक-दो डिग्री कम हो सकता है। जिसके कारण कुछ दिनों तक सर्दी का असर ज्यादा रहने का अनुमान है।

## ऑक्सीजन गैस से भरा टेंकर पलटा

**निवाई,** (निसं)। निवाई बाईपास पर शनिवार की दोपहर पहाड़ी कट के पास ऑक्सीजन गैस से भरे टेंकर के सामने सड़क पर गाय आ जाने से टेंकर पलट गया। सूचना मिलने पर बरोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बरोनी थानाधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे ऑक्सीजन गैस से भरा हुआ टेंकर पंजाब से भोपाल जा रहा था। इसी दौरान बाईपास पर पहाड़ी कट पर अचानक एक गाय टेंकर के सामने आ गई जिसे बचाने के लिए चालक ने तेज ब्रेक लगा दिए। टेंकर असंतुलित होकर सडक़ किनारे एक खेत में जाकर पलट गया। इस दुर्घटना में ड्राइवर बाल-बाल बच गया।

## तीन दर्जन गांवों में सरसों की फसल को हुआ नुकसान

**मालपुरा,** (निसं)। शुक्रवार की रात्री को चली तेज हवाओं के बाद तेज गर्जना के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि से मालपुरा व टोडारायसिंह क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक गांवों में सरसों की फसल में भारी नुकसान हुआ है। शनिवार को पंचायत समिति प्रधान सकराम चौपडा ने बैंक अधिकारियों, हल्का पटवारी, ग्राम सेवक व कृषि अधिकारियों के साथ एक दर्जन से अधिक गांवों में पहुंच खेतों में हुए भारी नुकसान का जायजा लिया।

टोडारायसिंह में विधायक प्रतिनिधि राधा चौधरी, डीआर रामचन्द्र गुर्जर सहित भाजपाईयों ने प्रशासनिक अमले के साथ दो दर्जन से अधिक गांवों का दोरा कर फसल खराबे जा जायजा लिया। किसानों व जनप्रतिनिधियों से मिली रिपोर्ट में ओलावृष्टि से सरसें की फसल में 40 से 50 प्रतिशत खराबा होना पाया गया है। किसानों ने आंकलन करवा मुआवजा राशि स्वीकृति करने की मांग की है। कृषि विभाग जिला मुख्यालय से कृषि अधिकारियों ने सोशल मीडिया के जरिए टॉल फ्री नम्बर वायरल कर जिन किसानों ने केसीसी के जरिए फसल बीमा करवाया है। उन किसानों से फसल खराबे का आंकडा 72 घंटों के भीतर फसल बीमा कम्पनी की वैबसाइट पर ऑनलाइन कर सीधा बैंक खातों के जरिए फसल बीमा सहायता राशि प्राप्त करने की अपील की।

# मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सीएमएचओ को लगाई लताड़



मंत्री शेखावत ने स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड नहीं करने को लाल फीताशाही बताया।

**जोधपुर,** (कासं)। स्थानीय सांसद और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जनसहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड करने की योजना में ढिलाई बरतने पर कड़ी नाराजगी जताई है। सीएमएचओ को खरी-खरी सुनाते हुए शेखावत ने कहा कि छह माह बाद भी आप स्वास्थ्य केंद्रों के अपग्रेड को लेकर गंभीर नहीं हुए हैं। यह रेड टेपजिम है।

कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने शनिवार को सर्किट हाउस में जिला प्रशासन, पुलिस और चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड करने का काम जनसहयोग से होना था और चिकित्सा विभाग का एक पैसा खर्च नहीं होना था। हमने धनराशि उपलब्ध कराने के प्रयास किए, लेकिन चिकित्सा विभाग छह माह बाद भी कोई काम नहीं कर पाया है। और तो और स्वीकृति देने में भी दिक्कत हो रही है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि जोधपुर में प्रशासन को मेरा जो भी सहयोग चाहिए, कहीं कोई दिक्कत हो, तत्काल प्रभाव से बताओ। केंद्र सरकार के स्तर पर आपको पूरा सकारात्मक सहयोग मिलेगा। यह मेरा दायित्व है। शेखावत ने जोधपुर जिले की स्थिति का जायजा और चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत सिंह, पुलिस आयुक्त जॉस मोहन, जोधपुर एम्स के निदेशक डॉ. संजीव मिश्रा, एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसएस राठौड, सीएमएचओ डॉ. बलवंत मंडा, एम्स के अधिकारी एनआर विश्नोई, महापौर दक्षिण वनिता सहित अनेक अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

## रायपुर में दलित परिवार पर हमले का मामला, पुलिस मौके पर पहुंची

**खैरथल,** (निसं)। समीपवर्ती गांव रायपुर मेवान में शुक्रवार शाम को दलित परिवार पर हमला करने व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना की सूचना मिलने पर खैरथल थाना पुलिस व किशनगढ़ बास सर्किल के डीएसपी अतुल अग्रे भी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और मौका निरीक्षण किया।

पीड़ित पक्ष की ओर से धनपाल पुत्र हरसुख मेघवाल निवासी रायपुर मेवान द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में परिवा पर अशोक कुमार उर्फ कालिया पुत्र रामनिवास यादव, ममता देवी पत्नी अशोक कुमार यादव, राजकुमार पुत्र अशोक कुमार यादव, पंकज कुमार उर्फ टिंडा दिलीप कुमार बंटी पुत्र राम रामावतार उर्फ राजू मेघवाल हमला करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि अशोक ने फर्सी से मोनिका के सिर पर वार किया जिससे उसका सिर फट गया। राजकुमार ममता बंटी पंकज अशोक कुमार ने मिलकर हमला किया तो पंकज उर्फ टिंडा ने टाचिया से रिंकू के सिर में मारी जिससे टिंकू का सिर फट गया।

# मेरा मकसद पूरे प्रदेश में भाजपा को नीचे तक मजबूत बनाना : डॉ. सतीश पूनिया

## 'प्रदेश के 60 लाख किसानों का 1 लाख 20 हजार करोड़ का कर्जा माफ करें तो मानेंगे कि अशोक गहलोत ने किसानों के साथ न्याय किया है'

**जयपुर / जैसलमेर,** (का.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने जैसलमेर में दूसरे दिन संगठनात्मक प्रवास पर जिला पदाधिकारियों, प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संवाद किया। डॉ. पूनिया ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि, मेरी कोशिश है कि प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के संगठन का विस्तार बहुत नीचे तक हो, क्योंकि हम सर्वव्यापी कार्य की बात करते हैं, साथी ही पार्टी के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि जिनसे योग्य फीडबैक मिल सके, उन सभी को भी सक्रिय कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार को तीन साल पूरे हो गए, प्रदेश भी अब चुनाव के मोड में चला जायेगा, हम पार्टी में तीन पक्षों से काम करते हैं, संगठन, सचनात्मक कार्य और यदि विपक्ष में हैं तो लोगों की उम्मीदों के मुताबिक मुद्दों पर सदन और सदन के बाहर संघर्ष करते हैं।

डॉ. पूनिया ने कहा कि, कोरोना कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री के लिये अवसर बनकर आया क्योंकि पिछले 1.5 वर्ष का कालखंड कोरोना प्रोटोकॉल और असमंजस में बीता। पहले जैसलमेर में 12 मंडल थे और अब विस्तार कर संगठनात्मक रूप से 24 मंडलों की हम लोगों ने संरचना की। उन्होंने कहा कि केवल 0.5 प्रतिशत 1.56 लाख वोटों से हम सत्ता से दूर रहे, लेकिन राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार आती है तो कभी 56 सीटें आती हैं तो कभी 21 आती हैं, इस बार 2023 में तो मोटरसाइकिल की सवारी लायक भी सीटें नहीं आएंगी।

इसका मतलब साफ है अशोक गहलोत पिछले दो टर्म से केवल जुगाड़ की सरकार चला रहे हैं। यह पहली सरकार थी जो 42 दिन बाड़े में बंद रही। डॉ. पूनिया ने कहा कि, कांग्रेस सरकार का आंकलन करूं तो राजस्थान की अब तक की सबसे निकम्मी, नकारा, अराजक ऐसे सरकार मैंने नहीं देखी। राहुल गांधी ने 2018 में प्रदेश की अनेकों सभाओं में यह कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार आयेगी तो हम लोग किसानों का पूरा कर्जा माफ कर देंगे, लेकिन कांग्रेस ने वादाखिलाफी की, झूठ बोला।

- **'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफिले की सुरक्षा में चूक सामान्य बात नहीं, देश का प्रधानमंत्री एक दल का नहीं होता है, पूरे देश का होता है'**

अशोक गहलोत कहते हैं कि, हमने किसानों का कॉपरेटिव बैंकों का लोन माफ किया, लेकिन मांग के हिसाब से प्रदेश के 60 लाख किसानों का 1 लाख 20 हजार करोड़ का कर्जा है, अगर यह माफ करें तो मानेंगे कि अशोक गहलोत ने किसानों के साथ न्याय किया।

कांग्रेस सरकार ने जिस तरीके से जयपुर में रीट के अभ्यर्थियों पर लाठियां चलवाई और उनको शांतिपूर्ण तरीके आंदोलन करने पर जबरन गिरफ्तार किया, बेरोजगारों के मामले में सरकार तानाशाही रवैया अपनाती है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सेवाओं में राजस्थान 17 वें पायदान पर है। प्रधानमंत्री सुरक्षा चूक मामले में अब जो घटनाएं सामने आ रही हैं, जो वीडियो जारी हुई हैं, वो बहुत चौंकाने वाले हैं।

## संक्षिप्त

### 907 रोगियों का हुआ उपचार

**निवाई।** राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय परिसर में स्थित बीसीएमएचओ कार्यालय पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। बीसीएमएचओ डॉ.शैलेंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में आयोजित किए गए मेडिकल कैंपों में रैफर किए रोगियों को ब्लॉक तथा जिला स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श और उपचार हेतु शनिवार को मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में जिला क्षय अधिकारी डॉ.हिमांशु मित्तल, रेडियोलॉजिस्ट डॉ.एल.सी.शर्मा, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक सालोदिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ मेघा सुलानिया, दंत रोग विशेषज्ञ, पंकज सिंहल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.श्रीराम कटारिया सहित ब्लॉक के सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर में रोगियों का उचित चिकित्सा परामर्श एवं उपचार कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के दौरान 907 रोगियों का उपचार किया गया।

### कोटपूतली में 21 पॉजिटिव मिले

**कोटपूतली।** ब्लॉक में कोरोना महामारी संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बीसीएमएचओ डॉ. रामनिवास यादव ने बताया कि शनिवार को क्षेत्र में 21 लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। वहीं क्षेत्र में कोरोना के अब तक 42 एक्टिव केस बताये जा रहे हैं। आपको बता दें कि शनिवार को बुचाहेड़ा मौहल्ले के वार्ड नं.32 में 6 लोग संक्रमित मिले हैं, ग्राम राजनौता में तीन, चतुर्भुज में एक, गोरधनपुरा में एक, गढ़ कॉलोनी में एक, सांगटेड़ा में एक, वार्ड नं.17 में एक, ग्राम देवता में दो, लक्ष्मी नगर में एक, वार्ड नं.30 मौहल्ला बड़ाबास में एक जने की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है।

### 285 छात्रों को टीके लगाए

**श्रीमाधोपुर।** महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल श्रीमाधोपुर में शनिवार को 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का प्रथम टीकाकरण किया गया । समन्वयक अक्षय सैनी ने बताया कि टीकाकरण शिविर के प्रथम चरण में शनिवार को 285 बच्चों का टीकाकरण किया गया। विद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा ,प्राचार्य कंवलजीत कौर व सीएचसी श्रीमाधोपुर के कर्मचारियों व विद्यालय स्टाफ की देखरेख में टीकाकरण कार्य संपन्न किया गया।

# बारिश फसल के लिए वरदान, लेकिन धूप नहीं निकली तो हो सकता है नुकसान


मंडावरी कस्बे के एक खेत में लहलहाती सरसों की फसल।

■ मौसम लगातार एक हफ्ते से खराब है

**मंडावरी, (निसं)।** क्षेत्र में आसमान से अमृत के रूप में बरस रहा पानी एक तरफ फसलों के लिए वरदान बनता नजर आ रहा है तो दूसरी ओर इसका फायदा धूप नहीं निकलने के अभाव में नुकसान की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है।

करीब एक हफ्ते से क्षेत्र में रुक-रुक कर तो कभी धीमी बूंदाबांदी का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश के बाद किसानों को उनकी फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई का पानी मिल तो गया है लेकिन लगातार एक हफ्ते से क्षेत्र में सूर्य देवता नहीं निकलने के कारण धूप के अभाव में किसानों के चेहरे पर पानी बरसने के बाद आई रोनक अब चिंता की लकीरों में बदलती जा रही है।

ऐसे में किसानों की फसल में पानी की पूर्ति तो हो गई लेकिन अगर समय पर सूर्य की धूप फसलों को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिली तो किसानों के द्वारा कड़ी मेहनत से तैयार की गई फसलों में नुकसान होना तय है। पिछले हफ्ते सर्दी के बाद क्षेत्र में कई जगहों पर फसलों पर पाले का असर पड़ा था। कई किसानों के खेतों में तेज ठंड के कारण पाला पड़ने से करीब 80 प्रतिशत तक फसल का खराब अभी हुआ था। जहां किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के मंडावरी स्थित निवास पर हुई जनसुनवाई में पाले से हुए फसल खराबे की गिरदावरी खराब किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग भी की गई थी।

**रींगस में बारिश से किसानो में खुशी की लहर :** रींगस क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तथा शनिवार अल सुबह झमाझम वर्षा हुई। जोरदार बारिश के बाद जगह-जगह पानी भर गया। वहीं अनेक स्थानों पर चने के आकार के ओलो भी गिरे। झमाझम वर्षा से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। अंचल में पिछले चार पांच दिनों से मेघ मेहरबान बने हुए हैं। शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह 9 बजे तक कभी झमाझम तो कभी रिमझिम बारिश हुई। अच्छी बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल गये। इससे रबी की फसल को व्यापक फायदा मिलेगा। वहीं बारानी भूमि में फसल उगाने वाले किसानों को जोरदार फायदा मिलने वाला है। यहां पर बोये गये तारमीरा,चने ,सरसों की बम्पर पैदावार होने का अनुमान है। यहा हुई अच्छी बारिश के बाद पानी की कमी नही रहेंगी।

**थानागाजी में मावठ से किसान खुशः** थानागाजी क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि से रूक-रूक कर हो रही मावठ से जहां किसान खुश हैं वहीं लोग बारिश के चलते घरों में सर्दी से बचाव हेतु अलाव का सहारा ले रहे हैं। सुबह हुई मूसलाधार बारिश से तहसील परिसर एवं उपखंड कार्यालय में पानी भर गया। पूरे दिन रुक रुक कर बारिश होने से रुपारेल नदी सहित आसपास के बरसाती नालों में पानी की आवक हुई।

## बाइक के फिसलने से युवक की मौत

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम छान्देल कला में ब्रेकर पर बाइक फिसलने से 22 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई, युवक की मौत होने पर ग्रामीण सड़क पर इकट्ठे हो गए। युवक की मौत के लिए सही प्रकार से ब्रेकर का निर्माण नहीं बनने को जिम्मेदार बताया और मौके पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को बुलाकर समस्या से अवगत करा कर समस्या समाधान की मांग रखी।

बीच सड़क पर मृतक का शव पड़ा होने एवं ग्रामीणों के इकट्ठे होने पर सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो गई

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर चाकसू थाना अधिकारी यशवंत सिंह जाब्ते के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश करते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर मौका स्थिति से अवगत करा यातायात सुचारू करवाया एवं एंबुलेंस से मृतक युवक के शव को मोर्चरी भिजवाया गया।

थानाधिकारी यशवंत सिंह ने बताया कि मून्दाडी निवासी भैरू राम पुत्र बद्री नारायण गुर्जर निजी काम से चाकसू की ओर जा रहा था जिसकी ब्रेकर पर बाइक फिसलने से हादसा घटित हो गया जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई।

# अलवर पुलिस के 50 जवान सम्मानित


अलवर पुलिस के 50 जवानों को एसपी तेजस्वनी गौतम ने सम्मानित किया।

■ एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर कहा मालखाना से लेकर क्राइम कंट्रोल में पुलिसकर्मियों ने अच्छा कार्य किया

**अलवर, (निसं)।** अलवर पुलिस के 50 जवानों को एसपी तेजस्वनी गौतम ने आज सम्मानित किया। इन सभी जवानों ने पुलिस के अलग-अलग सेक्टर में बेहतरीन कार्य किया।

एसपी तेजस्वनी गौतम ने कहा कि पुलिस रात दिन काम करती है। कांस्टेबल से लेकर डीजीपी तक हम लगे रहते हैं। प्रशस्ति पत्र मिलने से मोटिवेशन मिलता है। इसिलए हमने मालाखाना से लेकर क्राइम कंट्रोल करने वाले ऐसे 50 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। समय सिंह गुर्जर थाना अरावली विहार जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए समानित किया चाहे फाइल का डिस्पोजल हो या ऑफिस मैनेजमेंट करने वाले अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया है। आगे भी अच्छा माहौल बनाए रखने के लिए हर तीन से चार माह में पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते रहेंगे।

एसपी गौतम ने कहा कि पिछले साल के कामकाज के कारण हमारी रिकॉर्ड पेंडेंसी कम हुई है। जिसमें सब एसएचओ, आईओ, सुपरवाइजर सहित सभी सीओ का जबर्दस्त सहयोग मिला है। उन सबके प्रयासों की बदौलत ही रिकॉर्ड पेंडेंसी कम हो सकी है। इस समारोह के बाद एसपी ने पहली क्राइम मीटिंग भी ली। जिसमें सभी पुलिस ऑफिसर को निर्देश दिए गए जिले में क्राइम कंट्रोल करने में अच्छा कार्य करते आ रहे हैं। जिसे और बेहतर करना है। ताकि अलवर में क्राइम को कम किया जा सके।इस दौरान अलवर पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे।

## विवाहिता की हत्या कर शव सूखे कुएं में डाला

**बस्सी, (निसं)।** बस्सी कस्बे के तूंगा थाना इलाके में शनिवार को धनाऊ कला गांव में सूखे कुएं में एक विवाहिता की लाश मिलने का मामला सामने आया है।

आशंका जताई जा रही है कि विवाहिता की हत्या कर शव को कुएं में डाला गया है। शव की पहचान स्थानीय निवासी सीमा बैरवा उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी मुताबिक सूखे कुएं में एक विवाहिता की लाश मिलने की सूचना पर बस्सी एसीपी मेघचंद मीणा, तूंगा थाना इंचार्ज रमेश कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मय जाब्ते के साथ घटना स्थल मौके पर पहुंचे और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ भी एकत्रित हो गई।

पुलिस के मुताबिक सीमा बैरवा पिछले कई सालों से ससुराल न जाकर अपने पीहर रह रही थी। शुक्रवार शाम से वह लापता थी। शनिवार को उसका शव सुनसान इलाके में स्थित कुएं में पड़ा मिला। विवाहिता के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं।

कुएं से करीब 100 मीटर पहले पड़े पत्थरों पर खून के निशान पाए गए हैं और जमीन पर घसीटने के निशान हैं। संभवतया विवाहिता की पत्थरों से वार कर हत्या करने के बाद उसे कुएं में डाला गया है।

## सार-समाचार

### वैक्सीन सेन्टर का जायजा लिया



**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने शनिवार को वैक्सिनेशन अभियान का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरारी लाल शर्मा, उपखण्ड अधिकारी टोंक गिरधर, सीएमएचओ डॉ.अशोक कुमार यादव एवं आईसीडीएस उप निदेशक डॉ.धर्मवीर के साथ जिला मुख्यालय के इम्मानुअल सीनियर सैकण्डरी विद्यालय, सैय्यद फारूख अली एकेडमी में आयोजित वैक्सीन सेंटर का आवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सीएमएचओ एवं मेडिकल स्टॉफ से अब तक हुए वैक्सीनेशन की जानकारी प्राप्त की। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में 38 केन्द्रों पर आज 15-18 साल के बच्चों का वैक्सीनेशन हो रहा है। जिले में 7 जनवरी तक 15-18 वर्ष के 42 हजार 930 बच्चों के फर्स्ट डोज लग चुकी है। जो की लक्ष्य का 42.6 प्रतिशत है। जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ को जिले में वैक्सीनेशन बढाने के निर्देश दिए। साथ ही वैक्सीन की कमी न आए, इसके लिए समय रहते आवश्यक तैयारिया सुनिश्चित की जाएं।

### आरओ प्लांट व कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम प्रागपुरा स्थित महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में बालिकाओं को सरकार द्वारा प्रदत्त निशुल्क साइकिल, आरओ प्लांट सहित कंप्यूटर लैब उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह की अध्यक्षता व पावटा तहसीलदार मुकेश अग्रवाल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरलीधर यादव, प्रागपुरा थाना प्रभारी हवासिंह, सामाजिक कार्य कर्ता जगदीश मीणा, श्याम सुंदर शर्मा, मुकेश बंसल, घनश्याम बिडला, रमेश गुप्ता, पूर्व सरपंच कैलाश सैनी, सुशील गोयल, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, एयू स्मॉल बैंक से सत्यम सुरेलिया, अल्ट्रा ट्रेक कॉमुनिटी वेल फेयर फाउंडेशन कोटपुतली यूनिट सीमेंट कोटपुतली से सत्येंद्र सिंह, अरविंद अग्रवाल, राधा देवी, सागरमल चौधरी, इंद्र कुमार शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। विद्यालय की 43 बालिकाओं को इस योजना के अंतर्गत साइकिलें प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल विधायक इंद्राज गुर्जर ने फीता काटकर आरओ प्लांट सहित कंप्यूटर लैब उद्घाटन किया। वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर व आगंतुक अतिथियो सहित विद्यालय स्टाफ द्वारा 27 भामाशाहों को प्रतीक चिन्ह देकर समानित किया गया।

### टोंक बैडमिंटन टीम चैम्पियन बनी

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में उदयपुर में चल रही राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में टोंक टीम के खिलाड़ियों ने जयपुर टीम को हराकर कर टोंक टीम राजस्थान चैम्पियन बनी। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन टोंक के सचिव अनिल गुप्ता ने बताया कि टोंक टीम के खिलाड़ियों दीपांशु कुवाडिया, मुरली शर्मा, आदित्य राजोरिया, मोहित शर्मा, रोहित शर्मा, सीमा शर्मा, सुमन शर्मा, भावना शर्मा, शिमोन चौधरी, शैरिल चौधरी ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टोंक टीम को पहली बार राजस्थान का चैम्पियन बनाया। खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला बैडमिंटन संघ के चैयरमैन अजीतसिंह मेहता, मुख्य सरंक्षक राजेश सिंगोदिया, हरीश आहुजा, संघ के अध्यक्ष वृंदावन दास भगत, राईफल शूटिंग संघ के जिलाध्यक्ष फैसल सईदी व एथलेक्टिस संघ के सचिव कार्तिक शर्मा ने बधाई दी।

### प्रदेशाध्यक्ष का आभार जताया

**चाकसू।** भाजपा जयपुर दक्षिण देहात जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर के नेतृत्व में चाकसू विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपखंड क्षेत्र की नवीन कार्यकारिणी की गठन के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया एवं दौसा सांसद जसकौर मीना का आभार प्रकट किया और चाकसू नवनियुक्त शहर मण्डल अध्यक्ष केदार शर्मा एवं नवसृजित शिवदासपुरा मण्डल अध्यक्ष अमित जैन को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष पुनिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तीनों मण्डल अध्यक्षों को शुभकामनाएं दी और संकल्प किया कि जब तक 2023 में राजस्थान में भाजपा की सरकार नहीं आती है किसी प्रकार का स्वागत नहीं करवाएंगे। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर जांगिड़,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा शर्मा,देहात मण्डल अध्यक्ष भुनाराम गुर्जर,नगर मंडल अध्यक्ष केदार शर्मा, नवसृजित शिवदासपुरा मण्डल अध्यक्ष अमित जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एसडीएम ने अधिकारियों की बैठक ली

**चाकसू।** चाकसू उपखंड में लगातार बढ़ रहे कोरोना मरीजों की संख्या को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारी गोरधनलाल शर्मा ने उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की। जिसमें एसडीएम शर्मा ने कोरोना नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा जारी नवीन गाइडलाइन का शख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया एवं सोमवार को सभी विभाग मिलकर पंचायत समिति कार्यालय से तहसील कार्यालय तक कोरोना जागरूकता रैली निकालने के निर्देश दिया एवं जगह जगह ब्रीकेट्स लगाकर लोगों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए समझाइश करेंगे एवं उलंघन करने पर नियमानुसार चालान बनाएंगे।

### फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**बौंली।** क्षेत्र के विभिन्न तीन अलग-अलग मामलों में 1 वर्ष से फरार चल रहे तीन आरोपियों को बौंली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर किशन मीणा ने बताया कि रमेश चंद्र मीणा निवासी रामगढ पचवारा जिला दौसा जो कि 26 मार्च 2021 के दर्ज हथकडी देसी शराब के मामले में, दिनेश चंद मीणा निवासी रामनगर थाना रामगढ़ पचवारा को 16 मार्च 2021 के अवैध बजरी परिवहन के दर्ज मामले में एवं लोकेश कुमार मीणा निवासी पीपलवाड़ा को अवैध बजरी परिवहन व बजरी स्टॉक करने के दर्ज मामले में 1 वर्ष से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।

## 187 छात्राओं को साइकिल बांटी

**राजगढ़।** अलवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को दोपहर बाद क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा की मौजूदगी में 187 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विधायक ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया । इससे पूर्व विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से मुख्य अथिति विधायक जौहरी लाल मीणा , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल मीणा एसडीएमसी सदस्य खेम सिंह आर्य, सुरेश्वर दयाल, नगर पालिका राजगढ़ सन्त ज्ञानेश्वर, मदन लाल शर्मा, पुराना राजगढ़ प्रधानाचार्य जगमोहन शर्मा एवं अन्य का भावपूर्ण स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा ने क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# सड़क हादसे में महिला चिकित्सक की मौत

**कोटपूतली, (निसं)।** राजकीय बीडीएम अस्पताल में कार्यरत महिला चिकित्सक की शनिवार अल सुबह घर से मंदिर पूजा अर्चना करने जाते वक्त हाईवे पर श्याम मंदिर कट पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के 6 घण्टे बाद शव की पहचान उनके घर पर कार्यरत ग्राम मुसणौता, नांगल चौधरी निवासी कर्मचारी ने की। बीडीएम पुलिस चौकी प्रभारी भवानी सिंह ने बताया कि सुबह 4:35 बजे दुर्घटना में एक मृत महिला का शव अस्पताल की मोर्चरी में शिनाख्त के लिए रखा गया था। महिला की मृत्यु राजमार्ग के कट पर हुई थी। घटना इतनी दर्दनाक थी कि शव पर से कई वाहनों के गुजर जाने के कारण शव क्षत-विक्षप्त हो गया था। अस्पताल में ही कार्यरत डॉ. विशम्भर दयाल गुप्ता के यहां कार्यरत कर्मचारी विनोद कुमार निवासी ग्राम मुसणौता, नांगल चौधरी (हरियाणा) ने रोजमर्रा की तरह उनके घर पर आकर देखा तो डॉ. बृजबाला गुप्ता नहीं मिली। मोबाईल फोन बंद आ रहा था जो कि दुर्घटना में टुट चुका था। लगभग 10 बजे अस्पताल में आकर पीएमओ डॉ. अश्वनी गोयल से जानकारी की तो उन्होंने महिला चिकित्सक डॉ. बृजबाला गुप्ता के आज अस्पताल में नहीं आना बताया। विनोद को किसी से सूचना मिली कि आज सुबह दुर्घटना में किसी महिला की मृत्यु हुई है। इस पर उसने पुलिस चौकी प्रभारी भवानी सिंह से जानकारी ली। वहीं अस्पताल की मोर्चरी में रखे शव की शिनाख्त करते हुए कपडों को देखकर महिला चिकित्सक बृजबाला गुप्ता की पहचान की। वे जयपुर के महेश नगर की मूल निवासी थी।

## कालीबाई भील स्कूटी योजना में आवेदकों की आक्षेप पूर्ति 11 तक

**टोंक, (निसं)।** कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 हेतु कालीबाई भील स्कूटी योजना के आवेदन भरवाये गये थे।

प्राचार्य डॉ. वीना मेहरा ने बताया कि कई छात्राओं ने अंतिम तिथि तक आक्षेपों की पूर्ति नहीं की तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा ऐसे आवेदन पत्र नोडल महाविद्यालय को समय पर अग्रेषित नहीं किये।

इन छात्राओं के हित में वर्ष 2020-21 का पोर्टल 8 जनवरी से पुनः खोला गया है। टोंक जिले के समस्त राजकीय तथा निजी महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि आवेदक छात्राऐं 11 जनवरी 2022 तक आक्षेपों की पूर्ति कर सकती हैं।

# मन्दिर की भूमि के पट्टे के लिए प्रस्ताव पारित करने की मांग

■ मन्दिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने पालिका अधिशाषी अधिकारी के नाम दिया ज्ञापन

**फुलेरा।** फुलेरा नगर पालिका के वार्ड 7 में स्थित श्री सीताराम जी मन्दिर की सेवा समिति के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिसर पहुंचकर मन्दिर की भूमि के पट्टे के लिए प्रस्ताव पारित कर भिजवाने की मांग को लेकर कनिष्ठ अभियंता हरीश बंसिया को अधिशाषी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राजपूत समाज के स्थानीय लोगों द्वारा सीतराम जी का पुख्ता मन्दिर बना रखा है। आसपास के लोग यहां पूजा अर्चना करते हैं। कुछ दिनों से यहां मन्दिर की जमीन पर अनाधिकृत कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। मन्दिर की जमीन पर कब्जे का हवाला देते हुए पट्टे के लिए आवेदन भी किया गया। इसके बाद राजपूत समाज के लोगों ने आपत्ति लगाकर आवेदन को खारिज भी करवा दिया है। अब सीताराम जी मन्दिर सेवा समिति के नाम से उक्त जमीन व मन्दिर की पैमाइश करवाके पट्टा बनवाने के लिए पालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित करवाकर पत्रावली को सम्बंधित अधिकारी एवं विभाग को भिजवाया जाकर पट्टा दिया जाए। ज्ञापन देने के दौरान किशन सिंह, बजरंग सिंह, लाल सिंह, राजेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, दुर्गा सिंह, प्रेम सिंह, सोहन सिंह, अजय राठौड़, फतेह सिंह, मूलसिंह सहित राजपूत समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं: विधायक गुर्जर


विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने विभिन्न गांवों में लगभग करोड़ों रुपये की लागत से करवाए जा रहे विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगभग करोड़ों रुपये की लागत से करवाए जा रहे विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

संतोषी माता मंदिर राजनौता से सीमावता का तिबारा सड़क का शिलान्यास इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व कारोली सरपंच श्रवण सिंह शेखावत की अध्यक्षता व पावटा पंचायत समिति उप प्रधान राजेंद्र सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में, लुहाकाना खुर्द से देवीपुरा-बनियाकाबास सड़क का शिलान्यास इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व प्रधान पंचायत समिति विराटनगर बूंदी गुर्जर की अध्यक्षता व प्रधान पंचायत समिति विराटनगर कौशल्या देवी यादव, जिला पार्षद विमला यादव, जिला पार्षद हरफूल कसाना, सरपंच ग्राम पंचायत लुहाकना कलां धर्मेंद्र कुमार मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में व लुहाकाना खुर्द से धूलकोट सड़क का शिलान्यास इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व प्रधान पंचायत समिति विराटनगर बूंदी गुर्जर की अध्यक्षता व प्रधान पंचायत समिति विराटनगर कौशल्या देवी यादव, जिला पार्षद विमला यादव, जिला पार्षद हरफूल कसाना, सरपंच ग्राम पंचायत लुहाकना कलां धर्मेंद्र कुमार मीणा, सरपंच किशनपुरा कमलेश कुमारी बुनकर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इसी प्रकार एनएच 8 से खातोलाई सडक का शिलान्यास किया गया।

इस दौरान विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि गांव ढाणियों को मुख्य सड़को से जोड़कर आवागमन को और सुलभ बनाया जा सके इसके लिए विराटनगर में सड़को के जाल बिछाने का कार्य प्रगति पर है। जनता से किये गए हर एक वादे को पूरा करने के लिए वचनबद्ध हूं। क्षेत्र में करोडों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं और हर कार्य पर पूरी निगरानी रखी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी विकास कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि विधायक इंद्राज गुर्जर सहित गणमान्य अतिथियों का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विराटनगर सरपंच संघ अध्यक्ष शिशराम दायमा, करोडी सरपंच उदयवीर सिंह, राजनौता सरपंच दीपक धानका, पाछूडाला सरपंच निर्मल सिंह, लाडाकाबास सरपंच प्रतिनिधि मदन यादव, प्रेमनगर सरपंच श्रीराम चौधरी, मंढा सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह, राजनौता उपसरपंच नरपत सिंह, आरटीओ धर्मपाल, देशराज सिंह, उदय सिंह, महेश मीणा सहित जनप्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मुखय रूप से उपस्थित रहे।

# बारिश से निर्माणाधीन नाला ध्वस्त, दुकानदारों में रोष


नारायणपुर के मुख्य बाजार में 3 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा नाला बारिश से धराशाही हो गया।

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के मुख्य बाजार में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 3 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा नाला निर्माण के 15 दिन बाद ही मावठ की बारिश से धराशाही हो गया। जिससे स्थानीय दुकानदारों में रोष बना हुआ है। दुकानदारों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की देखरेख में ठेकेदार द्वारा मुख्य बाजार में नाला निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया तथा एस्टेमेट के मुताबिक कार्य नही किया जा रहा।

इससे गत रात्री को आई हल्की बारिश में ही नाला मुख्य बाजार में तीन जगह से करीब 300 फीट की दूरी में क्षतिग्रस्त हो गया। नाला टूटने से दुकानदारों के दुकानों के बेसमेंट में पानी भरने से दुकानदारों का सामान भीग गया। जिससे दुकानदारों का कार्यकारी एजेंसी व ठेकेदार के प्रति रोष व्याप्त है।

वहीं शनिवार को जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ग्राम पंचायत कोलाहेडा में सीसी सडक उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत के बाद पुरुषोत्तम मार्केट से गुजरते समय दुकानदारों ने घटिया सामग्री से बनाया गया क्षतिग्रस्त नाला की शिकायत की तो उन्होंने फोन पर उच्च अधिकारियों से बात की और जल्द जांच एजेंसी से क्षतिग्रस्त नाले की जांच कराने की बात कही। दुकानदारों ने बताया कि जल्द ठेकेदार द्वारा एस्टेमेट के अनुसार निर्माण कार्य नही किया गया तो आन्दोलन किया जाएगा। इस मौके पर विजयपुरा सरपंच मोहन लाल वर्मा, उमराव लाल यादव, मुकेश गोठवाल, कन्नू सोनी सहित बड़ी संख्या में दुकानदार मौजूद थे ।



हमें अभी चुनौतीपूर्ण मुकाबले का सामना करना है और इसमें मंगलवार से शुरु हो रहा अगला टैस्ट भी शामिल है। हमें अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना होगा और महत्वपूर्ण यह होगा कि खिलाड़ी कैस प्रतिक्रिया देते हैं।

डीन एल्गार

दक्षिण अफ्रीका टैस्ट टीम के कप्तान, भारत के विरुद्ध खेले जाने वाले तीसरे टैस्ट को लेकर




**आज का खिलाड़ी** नाओमी ओसाका



पूर्व विश्व नंबर एक महिला टेनिस खिलाडी जापान की नाओमी ओसाका ने शनिवार को पेट की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म अप टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। ओसाका ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म अप टूर्नामेंट मेलबोर्न समर सेट के सेमीफाइनल में वेरोनिका कुडरमेतोवा से भिडने वाली थी। ओसाका ने शनिवार को ट्वीट में लिखा, आज के अपने मैच से चोट के कारण पीछे हटना दुखद है। मेरे शरीर को ब्रेक के बाद एक के बाद एक तीव्र मैच खेलने से झटका लगा। पिछले हफ्ते आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आराम करने की कोशिश करूंगी और जल्द ही आपसे मिलूंगी।

क्या आप जानते हैं ?... वीरेन्द्र सहवाग पहले भारतीय बल्लेबाज है जिन्होंने टैस्ट मैच में तिहरा शतक लगाया।

# ख्वाजा का दोनों पारियों में शतक, इंग्लैंड को मिला 388रन का मुश्किल लक्ष्य

सिडनी, 8 जनवरी। फॉर्म में चल रहे उस्मान ख्वाजा ने अपनी वापसी को सही साबित करते हुए चौथे एशेज टेस्ट की दूसरी पारी में भी शानदार शतक (नाबाद 101) बनाया जिसकी बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे मैच के चौथे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 265 रन पर घोषित कर मेहमान टीम के सामने 388 रन का मुश्किल लक्ष्य रख दिया जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड ने स्टंप्स तक बिना कोई विकेट खोये 30 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड को सीरीज का स्कोर 1-3 करने के लिए अभी 358 रन की जरूरत है जबकि ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में स्कोर 4-0 पहुंचाने के लिए सभी 10 विकेट की जरूरत है।



इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी को सात विकेट पर 258 रन से आगे बढ़ाया। जानी बेयरस्टो ने 103 और जैक लीच ने चार रन से आगे खेलना शुरू किया। लीच 29 गेंदों में 10 रन बनाकर ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का शिकार बन गए। बेयरस्टो अपने स्कोर में 10 रन का ही इजाफा कर पाए और 158 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 113 रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर आउट हुए।

बोलैंड ने फिर स्टुअर्ट ब्रॉड को 15 के स्कोर पर आउट कर इंग्लैंड की पारी 294 रन पर समेट दी। इंग्लैंड ने अपने स्कोर में 36 रन का इजाफा कर अपने शेष तीन विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया को इस तरह पहली पारी में 122 रन की बढत मिली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बोलैंड ने 36 रन पर चार और लियोन ने 88 रन पर दो विकेट लिए। पैट कमिंस को 68 रन पर दो विकेट मिले जबकि मिशेल स्टार्क और कैमरून ग्रीन को एक-एक विकेट मिला।

बढ़त के साथ दूसरी पारी में खेलने उतरे ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 86 रन तक जाते जाते अपने चार विकेट गंवा दिए। पहली पारी में 137 रन बनाने वाले ख्वाजा ने दूसरी पारी में भी मोर्चा संभाला और ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को संकट से बाहर निकालकर मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में डेविड वार्नर तीन, मार्क्स हैरिस 27, मार्नास लाबुशेन 29 और स्टीवन स्मिथ 23 रन बनाकर आउट हुए। अगस्त 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट खेल रहे ख्वाजा ने अपना 10वां शतक बनाया और 138 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 101 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। ग्रीन ने 122 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रन बनाये। एलेक्स कैरी शून्य पर आउट हुए और उनके आउट होते ही कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी आठ विकेट पर 265 रन पर घोषित कर दी।

इंग्लैंड की तरफ से लीच ने 84 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए जबकि मार्क वुड को 65 रन पर दो विकेट मिले। इंग्लैंड ने 388 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टंप्स तक बिना कोई विकेट खोये 30 रन बना लिए हैं। जैक क्रौली 32 गेंदों में 22 और हसीब हमीद 34 गेंदों में आठ रन बनाकर क्रीज पर हैं।

# आखिरी एशेज टेस्ट में नहीं खेलेंगे हेजलवुड

सिडनी, 8 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड समय पर चोट से न उबर पाने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ 14 जनवरी से होबार्ट में खेले जाने आखिरी एशेज टेस्ट में नहीं खेलेंगे। चोट के कारण वह ब्रिस्बेन में पहले टेस्ट के बाद एशेज सीरीज से बाहर हो गए थे। हेजलवुड की अनुपस्थिति का मतलब है कि स्कॉट बोलैंड ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाई रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, दुर्भाग्यवश जोश वापसी नहीं कर पाए। उम्मीद है कि वह सफेद गेंद क्रिकेट के लिए सही होंगे। यह उनके लिए सच में मुश्किल रहा है, क्योंकि वह हर किसी की तरह इस एशेज श्रृंखला में खेलना चाहते हैं, लेकिन चोट के कारण वह तीन मैचों से चूक गए। हमारे प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक का श्रृंखला से बाहर रहना, मुझे लगता है कि यह इंग्लैंड के प्रमुख तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को मिस करने जैसा है। हमने जोश को बहुत ज्यादा याद किया है। इस बीच इंग्लैंड के सामने अपने पहली और दूसरी पसंद के विकेटकीपर जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो के हाथ में चोट लगने के कारण संकट खडा हो गया है। बेयरस्टो ने मौजूदा चौथे एशेज टेस्ट की पहली पारी में दर्द से जूझने के बावजूद बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के लिए पहला शतक तो बनाया, लेकिन उनके दाएं अंगूठे पर चोट ने उनके टीम में बने रहने पर संदेह खडा कर दिया है।



## कार्यालय ग्राम. पंचायत फागी पं.स. फागी


आपत्ति नोटिस पत्रावली

| क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | जाति | वि.वि | क्र.सं. | नाम | पिता/पति का नाम | जाति | वि.वि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजेश कुमार शर्मा | कन्हैयालाल शर्मा | बारागांव | पट्टा | 107 | तारा देवी | ऋषिकेश शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 2 | पाची देवी पत्नि हनुमान | रामप्यारी पत्नि ब्रजमोहन | बारागांव | -"--- | 108 | ऋषिकेश शर्मा | लल्लू नारायण शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 3 | राजेश कुमार | बद्रीनारायण जाट | जाट | -"--- | 109 | देवेन्द्र शर्मा | ऋषिकेश शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 4 | रोहित कुमार जैन | कमलेश कुमार जैन | जैन | -"--- | 110 | ऋषिकेश शर्मा | लल्लूनारायण शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 5 | कृष्णकान्त शर्मा | मोहन लाल शर्मा | शर्मा | -"--- | 111 | शिल्पा शर्मा | देवेन्द्र शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 6 | संतोषी देवी | रामफूल मीणा | मीणा | -"--- | 112 | शिल्पा शर्मा | देवेन्द्र शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 7 | गजानन्द बिरदीचन्द | मोहनलाल रैगर | रैगर | -"--- | 113 | तारा देवी | ऋषिकेश शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 8 | गणेश रैगर | मोहनलाल रैगर | रैगर | -"--- | 114 | देवेन्द्र शर्मा | ऋषिकेश शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 9 | सुरेश जैन | नेमीचन्द जैन | जैन | -"--- | 115 | अशोक कुमार | भंवर लाल जैन | जैन | -"--- |
| 10 | संतोष देवी | गोपाल तेली | तेली | -"--- | 116 | पारस कुमार | भंवरलाल जैन | जैन | -"--- |
| 11 | महरियम | सलीम | मुसलमान | -"--- | 117 | मधुसुदन गोविन्दनारायण | जगदीश नारायण | दाधीच | -"--- |
| 12 | गिरधारी लाल | हनुमान प्रसाद सैन | नाई | -"--- | 118 | ओमप्रकाश खाती | कल्याण खाती | ख़ाती | -"--- |
| 13 | कन्हैयालाल | आनन्दीलाल शर्मा | शर्मा | -"--- | 119 | गोपाल कंकाल | गोविन्द नारायण | कंकाल | -"--- |
| 14 | देवनारायण गुर्जर | जगदीश गुर्जर | गुर्जर | -"--- | 120 | विश्राम देवी | गोपाललाल शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 15 | मुन्नीदेवी | कन्हैयालाल | शर्मा | -"--- | 121 | शुभम अकित शर्मा | सुरेश शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 16 | गोपाल तिवाडी | नारायण तिवाडी | तिवाडी | -"--- | 122 | भूदेव जयदेव शर्मा | कैलाश नारायण शर्मा | शर्मा | -"--- |
| 17 | केदार सैन | पुरोशोत्तम सैन | नाई | -"--- | 123 | सीताराम खटीक | | | -"--- |
| 18 | चौसर देवी | भूरा राम गुर्जर | गुर्जर | -"--- | 124 | जगदीश बावरिया | श्योजीराम बावरिया | बावरिया | -"--- |
| 19 | कन्हैयालाल | आनन्दीलाल शर्मा | शर्मा | -"--- | 125 | श्योजी राम | | | -"--- |
| 20 | साबीर हुसैन | पीर मोहम्मद | मुसलमान | -"--- | 126 | चन्दा बावरिया | श्योजीराम | बावरिया | -"--- |
| 21 | दुर्गालाल प्रजापत | जगनाथ प्रजापत | कुम्हार | -"--- | 127 | गजानन्द हरिओम | बोदूराम चिन्दौला | चिन्दौला | -"--- |
| 22 | अनिता देवी | हरिनारायण | रैगर | -"--- | 128 | मन्नीदेवी | बोदूराम चिन्दौला | चिन्दौला | -"--- |
| 23 | हरिनारायण तिवाडी | नारायण तिवाडी | तिवाडी | -"--- | 129 | हरिनारायण | सीताराम | लखेरा | -"--- |
| 24 | बनवारी जोगी | श्योजीराम जोगी | जोगी | -"--- | 130 | रणजीत बैरवा | रामकिशोर बैरवा | बेरवा | -"--- |
| 25 | रामप्रसाद वर्मा | नाथूराम वर्मा | रैगर | -"--- | 131 | गोगचन्द रैगर | डालूराम रैगर | रैगर | पट्टा पुनः वेद |
| 26 | रामचन्द्र तिवाडी | नारायण तिवाडी | तिवाडी | -"--- | 132 | कैलाशचन्द | रतनलाल बैरवा | बैरवा | -"--- |
| 27 | इद मोहम्मद | मो. उमर | मुसलमान | -"--- | 133 | सुरेन्द्र झुन्झ | चिरंजीलाल | हरिजन | -"--- |
| 28 | सलमा बैगम | इद. मोहम्मद | मुसलमान | -"--- | 134 | कालूराम | माघोलाल व्यास | व्यास | पट्टा पुनः वेद |
| 29 | नूर बानो | शकील अहमद | मुसलमान | -"--- | 135 | केशव मीणा | सुरज करण मीणा | मीणा | -"--- |
| 30 | शकील अहमद | भूरेखां देशावली | मुसलमान | -"--- | 136 | मंगलचन्द व्यास | कल्याण व्यास | व्यास | -"--- |
| 31 | पूरणमल बलाई | केसरा बलाई | बलाई | -"--- | 137 | रामस्वरूप शर्मा | गोपीराम व्यास | व्यास | -"--- |
| 32 | श्रवण कृष्ण रामगोपाल | मंगलचन्द्र शर्मा | बारागांव | -"--- | 138 | सोहन लाल | नाथूलाल झण्डा | जैन | |
| 33 | हरिनारायण तिवाडी | गोपाल तिवाडी | बारागांव | -"--- | 139 | कैसर लाल | घासीराम | रैगर | |
| 34 | लक्ष्मण प्रजापत | गोपीराम प्रजापत | कुम्हार | -"--- | 140 | नैना देवी | अम्बालाल | रैगर | |
| 35 | गणेश जाट | हनुमान प्रसाद | जाट | -"--- | 141 | सुनीता | श्योजीराम मेहराण | बारागांव | |
| 36 | कजोड राम बैरवा | मांगूराम बैरवा | बैरवा | -"--- | 142 | मन्नी देवी | रामपाल | रैगर | |
| 37 | बद्रीनारायण | नानगराम बैरवा | बैरवा | -"--- | 143 | राधा देवी | पुरूषोत्तम शर्मा | शर्मा | |
| 38 | प्रहलाद कैलाश | मोतीलाल तिवाडी | तिवाडी | -"--- | 144 | मीरा देवी | शिवजीराम वैष्णव | स्वामी | |
| 39 | श्रवण लाल | रामकरण रैगर | रैगर | -"--- | 145 | शंकर स्वरूप शर्मा | श्री नाथूलाल शर्मा | शर्मा | पुनर्विद पट्ठा पुनःवैद |
| 40 | जहूरी बानो | स्व. हुसैन खां | मुसलमान | -"--- | 146 | हरि शर्मा | ओम प्रकाश शर्मा | बारागांव | -"--- |
| 41 | राजुली देवी | रमेशचन्द जैन | जैन | -"--- | 147 | राघव प्रकाश शर्मा | ओम प्रकाश शर्मा | बारांगाव | -"--- |
| 42 | मोना देवी | ज्ञानचन्द जैन | जैन | -"--- | 148 | सुनिल शर्मा | ओमप्रकाश शर्मा | बारागांव | -"--- |
| 43 | नीलम जैन | दीपक चन्द जैन | जैन | -"--- | 149 | रतन सिंह नरूका | कल्याण सिंह | राजपूत | |
| 44 | ज्ञानचन्द जैन | रमेशचन्द जैन | जैन | -"--- | 150 | सन्तरा देवी | रतन गुर्जर | गुर्जर | |
| 45 | दीपक चन्द | रमेश चन्द जैन | जैन | -"--- | 151 | हनुमान गुर्जर | छीतर गुर्जर | गुर्जर | |
| 46 | रामनिवास | विजय लाल | जांगिड | -"--- | 152 | तेजाराम | हनुमान गुजीर | गुर्जर | |
| 47 | पूजा देवी | महावीर प्रसाद | खटीक | -"--- | 153 | अशोक कुमार जैन | चान्दमल जैन | जैन | |
| 48 | विमला देवी | जयप्रकाश | खटीक | -"--- | 154 | भरत लाल अग्रवाल | चांदमल अग्रवाल | जैन | |
| 49 | तहसलीम बानो | जमील खां | मुसलमान | -"--- | 155 | ममता देवी | भरत अग्रवाल | जैन | |
| 50 | मनोज विष्णु बैरवा | बिरदीचन्द बैरवा | बैरवा | -"--- | 156 | कमला देवी | अशोक कुमार जैन | जैन | |
| 51 | लाली देवी | गणेश शर्मा | शर्मा | -"--- | 157 | गोपाल लाल कंकाल | गोविनारायण कंकाल | शर्मा | |
| 52 | श्याम बिहार जांगिड | रामेश्वर प्रसाद | जांगिड | -"--- | 158 | रामदेव गुर्जर | श्री किशनगुर्जर | गुर्जर | |
| 53 | रघुवीर जोशी | सूरजमल जोशी | जोशी | -"--- | 159 | गोपाल लाल जाट | नारायण जाट | जाट | |
| 54 | बाबुलाल शर्मा | बाबुलाल | बारागांव | -"--- | 160 | रामकिशन जाट | नारायण जाट | जाट | |
| 55 | बंशीलाल | कैलाशचन्द | प्रधान | -"--- | 161 | लाली देवी | हजारी लाल जाट | जाट | |
| 56 | टीना देवी | जितेन्द्र कुमार | जैन | -"--- | 162 | लालाराम जाट | नारायण लाल जाट | जाट | |
| 57 | अनुराग जैन | सुरेश चन्द जैन | जैन | -"--- | 163 | पाँचूलाल | ग्यारसीलाल कुम्हार | कुम्हार | |
| 58 | सुरेश चन्द | भंवर लाल जैन | जैन | -"--- | 164 | शंकर लाल | सुभाष चन्द तेली | तेली | |
| 59 | मनोज कुमार जैन | महावीर प्रसाद | जैन | -"--- | 165 | शंकर लाल | सांवता मीणा | मीणा | |
| 60 | श्रवण लाल शर्मा | मगला राम शर्मा | बारागांव | -"--- | 166 | श्योजीराम | सावता मीणा | मीणा | |
| 61 | दुर्गालाल शर्मा | सीताराम शर्मा | शर्मा | -"--- | 167 | रामचन्द्र गुर्जर | माधु गुर्जर | गुर्जर | |
| 62 | तारा देवी | केदार प्रसाद तिवाडी | तिवाडी | -"--- | 168 | रामकरण गुर्जर | माधु गुर्जर | गुर्जर | |
| 63 | केदार प्रसाद | जगदीश नारायण | तिवाडी | -"--- | 169 | श्योजीराम गुर्जर | कल्याण गुर्जर | गुर्जर | |
| 64 | शकील अहमद | अब्दुल शकुर | मुसलमान | -"--- | 170 | कजोड गुर्जर | कल्याण गुर्जर | गुर्जर | |
| 65 | मेहनाज बानो | महबूब अली | मुसलमान | -"--- | 171 | विनोद कुमार | महावीर प्रसाद जैन | जैन | |
| 66 | रामलाल माली | सूरजमल माली | माली | -"--- | 172 | कमल कुमार | महावीर प्रसाद जैन | जैन | |
| 67 | श्वेस्न निशा | स्व. अहमद अली | मुसलमान | -"--- | 173 | विनोद कुमार, कमल कुमार | महावीर प्रसाद जैन | जैन | |
| 68 | बदाम देवी | कालू राम | माली | -"--- | 174 | पिन्टू | सीताराम लखेरा | लखेरा | |
| 69 | जगदीश प्रसाद | देवीलाल सैन | नाई | -"--- | 175 | दर्शना देवी | हजारी बलाई | बलाई | |
| 70 | कन्हैयालाल | रामगोपाल शर्मा | शर्मा | -"--- | 176 | धनेश कुमार | लक्ष्मीनारायण | | |
| 71 | मोहम्मद इशाक | अब्दुल बहाव | मुसलमान | -"--- | 177 | रामकन्या देवी | कालूराम तिवाडी | बलाई | |
| 72 | रतनलाल | नाथूराम बैरवा | बैरवा | -"--- | 178 | अयोध्या शर्मा | अशोक कुमार प्रधान | बारागांव | |
| 73 | मनभर देवी | लक्ष्मण लाल बेरवा | बैरवा | -"--- | 179 | रामचन्द्र | नारायण तिवाडी | बारागांव | |
| 74 | छीतर मल | कल्याण राणा | राजावत | -"--- | 180 | संजय | कृष्ण लाल पटेल | बारागांव | |
| 75 | ईकबाल अहमद | अब्दुल शंकुर | मुसलमान | -"--- | 181 | सीता मनभर | कृष्ण लाल | बारागांव | |
| 76 | मगलचन्द व्यास | कल्याणमल व्यास | बारागांव | -"--- | 182 | लाडा | गणेश नारायण चिन्दौला | बारागांव | |
| 77 | ओमप्रकाश | गोस्लाल | भाट | -"--- | 183 | लाला | गणेश नारायण चिन्दौला | | |
| 78 | नीकू देवी | ओमप्रकाश | भाट | -"--- | 184 | रामफुल देवी | सीताराम बैरवा | | |
| 79 | राजेश कुमार | कन्हैयालाल | कुम्हार | -"--- | 185 | कुलदीप | भगवान सहाय जोशी | | |
| 80 | रामधन | मांगीलाल | कुम्हार | -"--- | 186 | अवधैश | भगवान सहाय जोशी | | |
| 81 | सम्पत देवी | श्रवण लाल | कुम्हार | -"--- | 187 | हिरालाल | चिरंजीलाल चिन्दोला | | |
| 82 | सोहन लाल | मांगीलाल | कुम्हार | -"--- | 188 | महेन्द्र | दुर्गालाल बहममर | | |
| 83 | जगदीश जाट | भोमाराम जाट | जाट | -"--- | 189 | गणेश | रामेश्वर प्रसाद मडमुडपा | | |
| 84 | रामगोपाल | श्रवणलाल | हरिजन | -"--- | 190 | रामलाल | नाथूलाल गोगी | | |
| 85 | जगदीश गुर्जर | बोदूराम गुर्जर | गुर्जर | -"--- | 191 | कानी देवी | मांगीलाल जोगी | | |
| 86 | राजेश गुर्जर | जगदीश गुर्जर | गुर्जर | -"--- | 192 | मन्नी देवी | रामपाल रैगर | | |
| 87 | पूरणमल | केसरा बलाई | बलाई | -"--- | 193 | लाडा देवी | गोपाल गुर्जर | | |
| 88 | अनिता देवी | हरिनारायण रैगर | रैगर | -"--- | 194 | भगवान सहाय प्रधान | सत्यनारायण प्रधान | | |
| 89 | मजीत खा | कल्लु खां | मुसलमान | -"--- | 195 | राधा देवी | भगवान सहाय प्रधान | | |
| 90 | इमामुदीन | हुसैन खां | मुसलमान | -"--- | 196 | रामबाबू प्रधान | सत्यनारायण प्रधान | | |
| 91 | कालुराम | रामा बलाई | बलाई | -"--- | 197 | अशोक प्रधान | सत्यनारायण प्रधान | | |
| 92 | गोपाललाल | गोविन्दनारायण | कंकाल | -"--- | 198 | सूरता देवी | रामपाल बैरवा | | |
| 93 | गोपाल लाल | गोविन्द नारायण | कंकाल | -"--- | 199 | कृष्ण अवतार शर्मा | सीताराम शर्मा | | |
| 94 | कृष्ण कुमार | रामगोपाल शर्मा | भांकरी | -"--- | 200 | रामवतार शर्मा | सीताराम शर्मा | | |
| 95 | हनुमान तिवाडी | जगदीश तिवाडी | तिवाडी | -"--- | 201 | राधेश्याम नाई | रामगोपाल नाई | | |
| 96 | सीताराम तिवाडी | जगदीश तिवाडी | तिवाडी | -"--- | 202 | प्रेम देवी | सुवा लाल बैरवा | | |
| 97 | लालाराम महेराण | स्व. घासीराम | मेहराण | -"--- | 203 | सत्यनारायण गुर्जर | नवरत्न गुर्जर अजयसिंह पुत्र गोपाल गुर्जर | | |
| 98 | सत्यनारायण प्रधान | सीताराम प्रधान | प्रधान | -"--- | 204 | राजेश, हदैश तिवाडी | सत्यनारायण तिवाडी | | |
| 99 | सत्यनारायण प्रधान | सीताराम प्रधान | प्रधान | -"--- | 205 | राजेश हुदैश तिवाडी | सत्यनारायण तिवाडी | | |
| 100 | बाबूलाल कुम्हार | सीताराम कुम्हार | कुम्हार | -"--- | 206 | बदाम | कालूराम माली | | |
| 101 | मुकेश कुम्हार | सीताराम कुमहार | कुम्हार | -"--- | 207 | हीरा लाल | चिरंजीलाल चिन्दौला | | |
| 102 | रमेश चन्द | लल्लुराम शर्मा | चिन्दौला | -"--- | 208 | महेन्द्र कुमार | दुर्गा लाल भार | | |
| 103 | मुकेश शर्मा | लल्लूराम शर्मा | चिन्दौला | -"--- | 209 | कृष्ण कुमार | रामगोपाल शर्मा | भांकरी | वि.वि. |
| 104 | संतोष | मुकेश शर्मा | शर्मा | -"--- | 210 | सीता शर्मा | सत्यनारायण शर्मा | बारागांव | |
| 105 | माया | रमेशचन्द शर्मा | शर्मा | -"--- | | | | | |
| 106 | रामप्रसाद शर्मा | रामप्रताब शर्मा | शर्मा | -"--- | | | | | |



# जोकोविच के वकीलों का दावा की सरकार ने देश में प्रवेश की अनुमति दे दी थी

मेलबोर्न, 8 जनवरी। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाडी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा उन्हें ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश न देने के फैसले के खिलाफ कोर्ट में दायर याचिका पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पिछले महीने कोरोना की चपेट में आने के बाद उन्हें ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश के लिए अप्रवासन मंजूरी मिल गई थी। ऑस्ट्रेलियन



ब्रॉडकास्टिंग निगम (एबीसी) ने शनिवार को पुष्टि की कि जोकोविच के वकीलों ने उनके ऑस्ट्रेलिया से निर्वासन को चुनौती देते हुए अदालत में जानकारी दी है कि जोकोविच पिछले महीने कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। वीजा रद्द होने के मामले में सोमवार को अदालत की सुनवाई से पहले उनके वकीलों ने कहा है कि जोकोविच को ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजक टेनिस ऑस्ट्रेलिया से छूट मिली थी। इतना ही नहीं ऑस्ट्रेलिया के गृह विभाग के एक पत्र में कहा गया था कि जोकोविच को देश में प्रवेश की अनुमति दे दी गई है।

जोकोविच ने अदालत में जमा एफिडेविट में मेलबोर्न एयरपोर्ट पर हिरासत में लिए जाने के अनुभव के बारे में कहा, मैंने बताया था कि मैं दिसंबर 2021 में कोरोना संक्रमित हुआ था और इस आधार पर मैं ऑस्ट्रेलियाई सरकार के नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार चिकित्सा छूट का हकदार था। जोकोविच का कहना है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल (एबीएफ) के अधिकारियों से कहा था कि उन्होंने अपनी ऑस्ट्रेलियाई यात्रा घोषणा सही ढंग से की थी। इसके अलावा अपने वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में कानूनी रूप से प्रवेश करने के लिए सभी आवश्यक आवश्यकताओं को पूरा किया। अदालत में जमा किए गए एफिडेविट में कहा गया है कि जोकोविच 16 दिसंबर को पहली बार पॉजिटिव पाए गए थे, लेकिन 30 दिसंबर को पिछले 72 घंटों में उन्हें कोरोना का कोई लक्षण और सांस लेने में कोई दिक्कत नहीं थी। एफिडेविट के मुताबिक एक जनवरी को जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्रालय से एक दस्तावेज मिला जिसमें बताया गया था कि उनके जवाबों से संकेत मिलता है कि वह ऑस्ट्रेलिया में क्वारंटीन मुक्त आगमन की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इस एफिडेविड के आधार पर संघीय अदालत ने गृह मंत्रालय को रविवार तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गृह मंत्रालय की इकाई ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने इस पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना 21वां ग्रैंड स्लैम जीतने की उम्मीद में वैक्सीन छूट के दावे के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचे नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जोकोविच तीसरे दिन शनिवार को भी मेलबोर्न में अप्रवासियों के लिए बने डिटेंशन होटल में रहे। दरअसल यह मसला अब एक कूटनीतिक मुद्दा बन गया है, क्योंकि सर्बिया का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया जोकोविच के साथ एक कैदी जैसा बर्ताव कर रहा है। यह दुनिया भर में वैक्सीन की अनिवार्यता के विरोधियों के लिए भी ज्वलंत मुद्दा बन गया है। इस बीच शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने आई एक अन्य टेनिस खिलाड़ी चेक गणराज्य की रेनाटा वोराकोवा को भी उनका वीजा रद्द करने के बाद उसी डिटेंशन होटल में भेजे जाने की जानकारी सामने आई, जहां जोकोविच मौजूद हैं वह भी उसी वैक्सीन छूट के तहत ऑस्ट्रेलिया आईं थी।

## वैक्सीन अनिवार्यता के बिना फ्रेंच ओपन में खेल सकेंगे जोकोविच

पेरिस, 8 जनवरी। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच के वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत से पहले विवादों में होने के बीच फ्रांस की खेल मंत्री रोक्साना मारासिनेनु ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है।

सुश्री रोक्साना ने कहा है कि जोकोविच को वैक्सीन अनिवार्यता के बिना भी फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी जाएगी। जोकोविच ऑस्ट्रेलिया में फिलहाल वैक्सीन अनिवार्यता को लेकर अप्रवासी डिटेंशन सेंटर में हैं। उल्लेखनीय है कि टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने पहले तो जोकोविच को बिना वैक्सीन अनिवार्यता के ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने की अनुमति दी थी, लेकिन इस पर कई देशों के आपत्ति जताने के बाद ऑस्ट्रेलियाई सरकार को इस पूरे मामले में कडा निर्णय लेना पडा। फ्रांस की खेल मंत्री ने इस मामले में ऑस्ट्रेलियाई सरकार से उलट फैसला लेते हुए कहा, जोकोविच अगर किसी बडे टूर्नामेंट में भाग लेना चाहेंगे तो उन्हें विशेष अनुमति के साथ फ्रांस में प्रवेश की इजाजत होगी। एक खिलाडी जिसने वैक्सीन नहीं लगवाई है, वह भी उस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का हकदार हैं, क्योंकि टूर्नामेंट में कडे बायो-बबल में रहकर भाग लेना होता है। उल्लेखनीय है कि जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद मई-जून में फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट खेला जाना है। जोकोविच काफी से वैक्सीन की स्थिति को लेकर विवाद में रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ओपन के लिए ऑस्ट्रेलिया आने से पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया द्वारा उन्हें विशेष चिकित्सा छूट दिए जाने की जानकारी दी थी, लेकिन उनके ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद ऑस्ट्रेलिया सीमा बल (एबीएफ) ने जोकोविच का वीजा रद्द करते हुए उन्हें ऑस्ट्रेलिया से वापस सर्बिया भेजने का फैसला किया है, जबकि जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी है।

## दो खिलाडी कोरोना संक्रमित

काजा (हिमाचल प्रदेश), 8 जनवरी। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के काजा में खेली जा रही महिला आइस हॉकी चैंपियनशिप में दो खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। काजा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) मोहन दत्त शर्मा ने यूनीवार्ता को बताया कि चैंपियनशिप की मेजबानी करना हिमाचल के लिए बडे गर्व और सम्मान की बात है, लेकिन टूर्नामेंट में दो खिलाड़ी कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं और उन्हें तुरंत क्वारंटीन में भेज दिया गया है।

## मोहन बागान और ओडिशा एफसी के बीच होने वाला मैच स्थगित

कोलकाता, 8 जनवरी। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने एटीके मोहन बागान और ओडिशा एफसी के बीच खेले जाने वाले आईएसएल मैच को स्थगित करने का फैसला किया है। यह मैच शनिवार को फातोरदा के पीजेएन स्टेडियम में खेला जाना था।

## नंबर चार के स्टार बल्लेबाज हैं रॉस टेलर

वेलिंग्टन, 8 जनवरी। 18,145 कुल अंतर्राष्ट्रीय रनों के साथ रॉस टेलर ने सभी अंतर्राष्ट्रीय प्रारूपों में न्यूजीलैंड के लिए पिछले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की तुलना में 2679 अधिक रन बनाए हैं। टेलर वर्तमान घरेलू अंतर्राष्ट्रीय सीजन के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। बंगलादेश के खिलाफ आगामी सीरीज़ में वह आखिरी बार टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे। इसके बाद घर पर ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स के खिलाफ वह अंतिम बार वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। टेलर ने न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज की तुलना में अधिक टेस्ट रन, वनडे रन, वनडे शतक और कुल शतक बनाए हैं। यह एक ऐसे करियर को परिभाषित करता है जिसने लंबी उम्र को शानदार रन-स्कोरिंग के साथ जोडा है। उन्हें हमेशा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में नहीं गिना जाता है लेकिन यह किसी भी तरह से न्यूजीलैंड क्रिकेट में उनके समग्र योगदान को कम नहीं करता है। टेलर के टेस्ट करियर को तीन चरणों में बांटा जा सकता है। 2011 तक वह एक सक्षम, लेकिन असाधारण नहीं, मध्यक्रम के बल्लेबाज़ थे, जिनका औसत 33 मैचों में 40.81 था। वह 49.62 के औसत से घरेलू परिस्थितियों में शानदार थे, लेकिन विदेशी दौरों पर यह 32.58 पर आ गया। इसी तरह, 2018 की शुरुआत के बाद से उनकी वापसी प्रभावशाली नहीं रही है। औसत घटकर 34.36 हो गया है और घर से दूर उनका औसत केवल 25.82 है। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उन दो चरणों के बीच के छह साल था। 2012 और 2017 के बीच टेलर 50 टेस्ट में 54.24 के औसत से दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजों में से थे, जो केन विलियमसन और जो रूट से थोडा अधिक था। घर पर उनका औसत 64.92 था, जबकि विदेश में औसत बढकर 48.31 हो गया। उन्होंने इस अवधि के दौरान ज़िम्बाब्वे के खिलाफ आउट हुए बिना 486 रन बनाए (122 , 173 , 124 , 67 ), लेकिन बेहतर टीमों के खिलाफ उनकी कुछ महत्वपूर्ण पारियां भी थीं।

## पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच डेविड हेम्प कोरोना संक्रमित

लंदन, 8 जनवरी। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच डेविड हेम्प कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। परिणामस्वरूप उनके ब्रिटेन से पाकिस्तान लौटने में देरी हुई है।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक हेम्प में वायरस के कोई लक्षण नहीं हैं। वह कोरोना नेगेटिव आने के बाद अगले हफ्ते कराची में टीम से जुड़ेंगे। समझा जाता है कि हेम्प को न्यूजीलैंड में आगामी आईसीसी महिला वनडे विश्व कप की तैयारी के हिस्से के रूप में आज से कराची के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर की कमान संभालनी थी, लेकिन अब उनकी अनुपस्थिति में गेंदबाजी कोच अरशद खान शिविर के प्रभारी होंगे।

उल्लेखनीय है कि शिविर का हिस्सा बनने वाले 36 खिलाडियों को 18-18 सदस्यों की दो टीमों में बांटा जाएगा, जो 10 जनवरी से शुरू होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलेंगी, जिसमें कराची की अंडर-16 ब्वॉएज टीम भी शामिल होगी। प्रशिक्षण शिविर में इन मैचों के प्रदर्शन को विश्व कप के लिए अंतिम टीम बनाने के लिए ध्यान में रखा जाएगा। पाकिस्तान महिला टीम छह मार्च, 2022 को भारत के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी।



*राजधानी जयपुर में बीते दो दिन से थम-थमकर हो रही बारिश और ओलावृष्टि ने जहां सर्दी बढ़ा दी हैं, वहीं किसानों को भी बर्बाद करने का काम किया है। शुक्रवार देर रात हुई तेज बारिश से कूकरखेड़ा मंड़ी में पानी भर गया जिससे खुले में रखी मूंगफली की बोरियां भीग गईं। किसान यहां मूंगफली बेचने के लिए लाये थे, लेकिन खरीद नहीं होने के कारण इन्हें खुले आसमान के नीचे रखा गया था। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि मंडी परिसर में खुले में रखी मूंगफली की हजारों बोरियां बारिश के पानी में पड़ी है और इनमें रखी मूंगफलियां खराब हो रही हैं।*

# मु.मंत्री चन्नी के चंद महीनों के कार्यकाल में तीसरी बार डी.जी.पी. बदले गये

## पंजाब सरकार ने चुनाव तारीखों की घोषणा होते ही आनन-फानन में डी.जी.पी. बदलने का फैसला किया

चंडीगढ़, 8 जनवरी। पंजाब विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डी.जी.पी.) सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय को पद से हटा दिया है। पंजाब सरकार ने डी.जी.पी. के पद पर आइ.पी.एस. अधिकारी वी.के. भवरा को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डी.जी.पी.) नियुक्त किया है। भवरा चन्नी सरकार के कार्यकाल के चंद महीनों में कार्यभार संभालने वाले तीसरे डी.जी.पी. हैं।

वी.के.भवरा ने कार्यवाहक डी.जी.पी. सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय का स्थान लिया है। माना जा रहा है कि 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक मामले के बाद चट्टोपाध्याय पर कार्रवाई की गई है। चन्नी सरकार की ओर से जारी सरकारी आदेश में कहा गया है कि वीरेश कुमार भवरा का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से कम से कम दो साल के लिए होगा। इससे पहले संघ लोक सेवा आयोग ने राज्य में शीर्ष पुलिस पद के लिए पूर्व डी.जी.पी. दिनकर गुप्ता, भवरा और प्रबोध कुमार समेत तीन नामों का पैनल राज्य सरकार को भेजा था।

- **उल्लेखनीय है कि, यू.पी.एस.सी. की ओर से 4 जनवरी को पंजाब में स्थायी डी.जी.पी. की नियुक्ति के लिए तीन अफसरों का पैनल भेज दिया गया था। सूत्रों के अनुसार गुरुवार रात मुख्यमंत्री ने पैनल पर विचार किया।**

कार्यभार संभालने के बाद नवनियुक्त डी.जी.पी. ने कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 करीब हैं और पंजाब पुलिस चुनाव का सुचारु संचालन सुनिश्चित करेगी। चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस यह भी सुनिश्चित करेगी कि चुनाव प्रलोभन मुक्त तरीके से हो। उनका ध्यान राज्य से नशीली दवाओं के खतरे और आतंकवाद को खत्म करने पर होगा। पीपल सेंट्रिक पुलिसिंग और लोक सेवा वितरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

उल्लेखनीय है कि यू.पी.एस.सी. की ओर से 4 जनवरी को पंजाब में स्थायी डी.जी.पी. की नियुक्ति के लिए तीन अफसरों का पैनल भेज दिया गया था। सूत्रों के अनुसार गुरुवार रात मुख्यमंत्री ने पैनल पर विचार किया। रात एक बजे बुलाई बैठक में मुख्यमंत्री चन्नी के अलावा उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी आदि मौजूद थे।

| | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चौथा चरण | पांचवा चरण | छठा चरण | 7 वां चरण |
| | | पंजाब | | | मणिपुर | मणिपुर | |
| | | उत्तराखण्ड | | | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | |
| | | गोवा | | | | | |
| अधिसूचना | 14.1.2022 | 21.1.2022 | 25.1.2022 | 27.1.2022 | 1.2.2022 | 4.2.2022 | 10.2.2022 |
| की तिथि | शुक्रवार | शुक्रवार | मंगलवार | मंगलवार | मंगलवार | शुक्रवार | गुरुवार |
| नामांकन की | 21.1.2022 | 28.1.2022 | 01.2.2022 | 03.2.2022 | 08.2.2022 | 11.2.2022 | 17.2.2022 |
| अंतिम तिथि | शुक्रवार | शुक्रवार | मंगलवार | गुरुवार | गुरुवार | शुक्रवार | गुरुवार |
| नामांकनों की | 24.1.2022 | 29.1.2022 | 2.2.2022 | 4.2.2022 | 9.2.2022 | 14.2.2022 | 18.2.2022 |
| सूक्ष्म जाँच | सोमवार | शनिवार | बुधवार | शुक्रवार | बुधवार | सोमवार | शुक्रवार |
| नाम वापसी की | 27.1.2022 | 31.1.2022 | 4.2.2022 | 7.2.2022 | 11.2.2022 | 16.2.2022 | 21.2.2022 |
| अंतिम तिथि | गुरुवार | सोमवार | शुक्रवार | सोमवार | शुक्रवार | बुधवार | सोमवार |
| मतदान तिथि | 10.2.2022 | 14.2.2022 | 20.2.2022 | 23.2.2022 | 27.2.2022 | 03.3.2022 | 07.3.2022 |

## पार्षद के घर में सड़क

डीडवाना, 8 जनवरी (निसं)। नगर पालिका के कारनामों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। वह पहले से बनी हुई सड़कों का दोबारा निर्माण नहीं करती, बल्कि अब पार्षदों के घरों में भी सड़कों का निर्माण करने लगी है। नगर पालिका डीडवाना ने कुछ समय पूर्व ऐसा ही कारनामा अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा पालिका बोर्ड के सत्ता पक्ष के एक पार्षद के घर के चौक में सड़क का निर्माण कर दिया गया। यही नहीं इस सड़क का भुगतान भी नगर पालिका कोष से किया गया है। इस पार्षद का मकान फतेहपुरी गेट क्षेत्र में है और वह वार्ड संख्या 35 का निवासी है। हैरत की बात है कि इस मामले की जानकारी सत्ता पक्ष व विपक्ष को भी है, लेकिन कोई भी इस मामले को नहीं उठा रहा है। इस संबंध में भाजपा नेता एडवोकेट आसिफ खोखर ने नगर पालिका पर भ्रष्टाचार व अनियमितता को बढ़ावा देने और पार्षदों के निजी हितों के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

- **डीडवाना नगर पालिका ने सत्ता पक्ष के पार्षद के घर के चौक में सड़क बना दी और इसका भुगतान नगर पालिका कोष से किया गया है।**

# प्रदेश में शनिवार को एक ही दिन में चार हजार से ज्यादा नए करोना संक्रमित मिले

## जयपुर के अलावा अन्य जिलों में भी नए संक्रमितों की संख्या बढ़ने लगी है

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 8 जनवरी । प्रदेश में शनिवार को एक ही दिन में चार हजार से ज्यादा नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 1866 नए रोगी पाए गए हैं। इस बीच प्रदेश में ओमक्रॉन के 82 नए मामले भी सामने आए हैं। राज्य में संक्रमण दर बढ़कर 6.45 फीसदी पर हो गई है। इधर करोना से अलवर और जोधपुर में दो लोगों की मौत होने के साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 14 हजार से अधिक हो गए हैं।

प्रदेश के 31 जिलों में शनिवार को करोना संक्रमण के 4108 नए मामले मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 3300 रोगी पाए गए थे। राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 1866 नए मरीज मिले हैं। वहीं जयपुर के अलावा अब अन्य जिलों में भी नए संक्रमितों की संख्या तेज गति से बढ़ने लगी है। इनमें आठ जिलों में सौ से अधिक नए संक्रमित पाए गए हैं। इसके चलते जोधपुर में 515, उदयपुर में 225, अजमेर में 191, अलवर में 167, बीकानेर में 149, भरतपुर में 144, कोटा में 107, चित्तौड़गढ़ में 83, सीकर में 79, बाड़मेर में 78, सवाईमाधोपुर में 67, भीलवाड़ा में 55, सिरोही में 54, पाली में 51, राजसमंद में 43, झालावाड़ में 39, बांसवाड़ा में 34, टोंक में 28, प्रतापगढ़ में 27, धौलपुर में 23, जैसलमेर में 20, हनुमानगढ़ में 15, डूंगरपुर में 14, बूंदी में 13, नागौर में 9, दौसा में 6, चूरू व बारां में 2-2 तथा गंगानगर व झुंझुनूं में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं दो जिलों करौली और जालोर संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है।

- **राज्य के 8 जिलों में सौ से अधिक नए संक्रमित पाए गए हैं।**
- **प्रदेश में शनिवार को ओमक्रॉन के 82 और मामले सामने आए हैं।**
- **राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से दो लोगों की मौत हो गई है, वहीं एक्टिव केस बढ़कर 14 हजार के पार हो गए हैं।**

उधर प्रदेश में ओमक्रॉन के मामले बढ़ते ही जा रहे है। शनिवार को आई जीनोम सिक्वेंसिंग रिपोर्ट में 82 नए मामलों की पुष्टि हुई है।

इनमें सर्वाधिक 69 मरीज जयपुर जिले के हैं। इसके अलावा अलवर में 3, सीकर में 2, धौलपुर, करौली, जोधपुर और चित्तौड़गढ़ में 1-1 ओमक्रॉन संक्रमित मिला है। वहीं चार रोगी अन्य राज्यों के मिले है। इन सभी को ओमक्रॉन डेडिकेट वार्ड में भर्ती कराया गया है।

राज्य में अब तक इस वैरिएंट के कुल 373 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 275 संक्रमित जयपुर के है।

राज्य में लगातार नए मामलों में हो रही वृद्धि के चलते संक्रमण दर बढ़कर 6.45 फीसदी हो गई है। वहीं नए संक्रमितों के मुकाबले काफी कम रिकवरी होने से स्वस्थ होने की दर घटकर 97.61 प्रतिशत पर आ गई है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 227 मरीज ही ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 14 हजार 166 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 7545 मामले जयपुर में है। इसके अलावा जोधपुर मे 1758, अलवर में 675, अजमेर में 559, उदयपुर में 548, बीकानेर में 475, कोटा में 399, भरतपुर में 342, भीलवाड़ा में 258, सवाईमाधोपुर में 145, सीकर 141, बाड़मेर में 129, प्रतापगढ़ में 117 और सिरोही में 109 तथा अन्य कई जिलों में इससे कम सक्रिय मरीज हैं।

प्रदेश में शनिवार को करोना से अलवर और जोधपुर में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही अब तक इस बीमारी से 8971 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## स्टेशन डवलपमैंट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का रीडेवलपमेंट हो चुका है उनके लिए यात्रियों से 10 रुपए से 50 रुपए तक का चार्ज वसूला जाएगा। यात्रियों से ऐसे स्टेशनों से ट्रेन में चढ़ने या उतरने दोनों पर (एस.डी.एफ.) लिया जाएगा और इसको यात्रा टिकट में जोड़ा जाएगा, जिससे टिकट महंगे होंगे। यह कदम रेलवे को और स्टेशनों के रीडेवलपमेंट के लिए पैसा जुटाने में मदद करने के लिए है।

अनरिजर्व्ड पैसेंजरों के लिए यह फीस 10 रुपए होगी। इसी तरह रिजर्व्ड नॉन-एसी यात्रियों के लिए 25 रुपए, रिजर्व्ड एसी पैसेंजर्स के लिए 50 रुपए होगी। इतना ही नहीं प्लेटफॉर्म टिकट खरीदने वालों को भी इसके लिए 10 रुपए चुकाने होंगे। उतरने वाले यात्रियों के लिए यह राशि उक्त दरों की 50 होगी। अगर कोई यात्री ऐसे किसी रेलवे स्टेशन से चढ़ता है और ऐसे ही स्टेशन पर ही उतरता है तो उस स्थिति में एस.डी.एफ. एप्लिकेबल रेट का 1.5 गुना होगा। रेलवे कई स्टेशनों को रिडेवलप (पुनर्विकसित) करने की योजना पर काम कर रहा है। इन स्टेशनों पर उपलब्ध सुविधाओं के लिए यात्रियों को हवाई अड्डों पर लगने वाले यूजर डेवलपमेंट फीस (एस.डी.एफ.) की तरह अलग से शुल्क देना होगा।

## बयाना में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर उनकी विशेष पकड़ थी। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा की मैरिट सूची में भी स्थान पाया था। वह कई बार स्कूली संसद के प्रसिडेंट भी चुने गए तथा इतने बड़े पद पर होते हुए भी बचपन की भांति अब भी वह व्यवहार कुशल है। गत दिनों लम्बे अंतराल बाद जब वह अपने पिता के निधन पर बयाना आए थे तो उन्होंने बचपन के कई लम्हों को ताजा किया था। उनकी पत्नी अंजली भावरा भी एक आईएएस अफसर है। वहीं छोटा भाई योगेश भावरा स्वतंत्र पत्रकार है।

# दागी नेताओं को टिकट देने का कारण सार्वजनिक करना होगा

## चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को ऐसा करने के लिए निर्देश दिया

नई दिल्ली, 8 जनवरी (वार्ता)। आपराधिक मामले में फंसे लोगों को टिकट देने वाले दलों को अब 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक रूप से बताना होगा कि उन्होंने ऐसे व्यक्ति को किस कारण से टिकट दिया और क्या उन्हें ऐसा कोई प्रत्याशी नहीं मिला जिस पर अपराध का कोई आरोप न हो।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित पांच राज्यों में होने जा रहे चुनाव के कार्यक्रम और व्यवस्थाओं की घोषणा करते हुए कहा कि पार्टियों को ऐसे प्रत्याशी के गुण और उपलब्धियों की पार्टी के पोर्टल पर जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में 'जीतने की संभावना' उस प्रत्याशी के चयन का आधार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायलय के 13 फरवरी 2020 के आदेश के मद्देनजर राजनीतिक दलों को केंद्र और राज्य स्तरीय चुनावों में ऐसे प्रत्याशियों पर मामलों की सूचना, अभियोग पत्र की स्थिति आदि के बारे में पोर्टल पर डालनी होगी। इसकी सूचना भारतीय भाषा के स्थानीय अखबार और एक राष्ट्रीय अखबार में प्रकाशित कराने के साथ-साथ पार्टी के ट्वीटर और फेसबुक पेज पर भी डालना होगा। दलों को ऐसे प्रत्याशी का चयन करने के 72 घंटे के अंदर इन निर्देशों के अनुपालन की जानकारी देनी होगी। पार्टियों को अपने पोर्टल के होम पेज पर आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रत्याशी शीर्षक एक कालम रखना होगा।

- **आपराधिक प्रवृति वाले उम्मीदवारों अथवा दागी नेताओं को टिकट देने की सूचना भारतीय भाषा के स्थानीय अखबार और एक राष्ट्रीय अखबार में प्रकाशित कराने के साथ-साथ पार्टी के ट्विटर और फेसबुक पेज पर भी डालनी होगी।**

## दिल्ली और महाराष्ट्र में करोना का कहर

नई दिल्ली, 8 जनवरी। ओमक्रॉन वैरिएंट के खतरे के बीच भारत में करोना के नए मामलों में तेजी से उछाल देखा जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई अन्य राज्यों में करोना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी जारी है।

दिल्ली में शनिवार को पिछले 24 घंटों के अंदर 20 हजार से अधिक नए मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में करोना वायरस के 41 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। देशभर में करोना का नया वैरिएंट ओमक्रॉन भी लगातार बढ़ता जा रहा है। देश के 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ओमक्रॉन के कुल 3,071 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 1,203 मरीज ठीक हो चुके हैं। इस नए वैरिएंट के सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र से आ रहे हैं। शनिवार शाम दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को 20,181 करोना के नए मामले सामने आए।

# 'चीन ने "सेफ व सुरक्षित" विन्टर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बीजिंग के विन्टर ओलम्पिक्स को लेकर अमेरिका और उसके कुछ सहयोगियों के "राजनैतिक रूख" को नकारने में चीन तत्पर रहा है और बदला लेने की धमकी दे चुका है। वह बदला किस प्रकार से लेगा, यह अब भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन अमेरिका की भांति ही उसने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं।

बीजिंग 2022 खेलों की प्रवक्ता यान जिआरोंग ने अमेरिका द्वारा की गई सार्वजनिक आलोचना से आहत होते हुए कहा कि ओलंपिक और खेलों का इस्तेमाल राजनीतिक औजार के रूप में नहीं होना चाहिए और खेलों का राजनीतिकरण सिर्फ विभाजन ही पैदा कर सकता है।

लेकिन डब्ल्यू.एच.ओ. के आपातकालीन विभाग के निदेशक माइकल रेयान ने अब कहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्वास्थ्य एजेंसी ने खेलों की सुरक्षित मेजबानी को लेकर एक तकनीकी मशविरा देने के लिए इन्टरनैशनल ओलम्पिक कमेटी (आई.ओ.सी.) के साथ मिलकर काम किया है।

उन्होंने कहा कि "चीन की सरकार ने इसके संबंध में कठोर उपाय किए हैं और उसने विभिन्न प्लेबुक्स की एक शृंखला जारी की है। हम आई.ओ.सी. के साथ इन प्लेबुक्स की समीक्षा कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा कि "उपलब्ध जानकारी के आधार पर मैं इसके प्रति आश्वस्त हूँ कि खेलों के लिए किए गए उपाय काफी कठोर व मजबूत हैं और इस संदर्भ में हमें बीमारी के संक्रमण का कोई बड़ा जोखिम नज़र नहीं आता।"

नैशनल ओलम्पिक कमेटीज़, बीजिंग 2022 के आयोजकों, इन्टरनैशनल फैडरेशन्स और आई.ओ.सी. के बीच बंद कमरे में हुई एक मीटिंग में इस विचार को खारिज कर दिया गया कि "4 से 20 फरवरी तक आयोजित हो रहे इन खेलों को वैश्विक महामारी के मद्देनज़र स्थगित कर दिया जाए।"

चीन में वर्ष 2019 के अंत में इस वायरस का उद्भव हुआ था, लेकिन उसने कोविड-19 को लेकर "ज़ीरो-टॉलरैन्स" की नीति अपनाई है और वह विन्टर ओलम्पिक्स और इसके बाद होने वाले पैरालम्पिक्स पर इस वैश्विक महामारी का कम से कम प्रभाव पड़ना सुनिश्चित कर रहा है।

इस बीच चीन के "ग्लोबल टाइम्स" के बीजिंग 2022 खेलों की प्रवक्ता के हवाले से कहा है कि कोविड-19 महामारी की रोकथाम व नियंत्रण तैयारियों, सर्विस एश्योरैंस, सिस्टम, इन्फ्रास्ट्रक्चर और खेल स्थलों के निर्माण सहित सभी पहलुओं को लेकर चीन पूर्ण चौकस रहा है।

खेलों की प्रवक्ता ने कहा कि विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इस प्रकार के अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी करना अपने आप में चुनौतीपूर्ण है और बीजिंग ने इन खेलों की तैयारी के दौरान वायरस के म्यूटेशन और वैश्विक आलोचनाओं के बावजूद अपना आत्मविश्वास कामय रखा है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिन्पिंग ने अपने नववर्ष संबोधन में कहा भी है कि "विश्व की नज़रे अब चीन पर टिक रही है और चीन तैयार है।"

ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक्स में हर बार अच्छे परिणाम दे चुकी चीन की टीम को शीतकालीन खेलों के इतिहास में अब भी किसी कामयाबी की तलाश है। पिछले विन्टर गेम्स में चीन के एथलीट्स ने कुल 13 स्वर्ण पदक जीते थे और इनमें से अधिकांश पदक शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में मिले थे। अपने देश में होने जा रहे आगामी विन्टर ओलम्पिक्स को टीम चाइना के लिए कामयाबी के एक सर्वश्रेष्ठ मौके के तौर पर देखा जा रहा है।

## कोलकाता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लोग संक्रमित मिले।

कोलकाता की बात करें तो बीते एक सप्ताह में संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ी है। तीन जनवरी में शहर में 2801 नए केस मिले थे और चार लोगों की मौत हुई थी।

इसके अगले तीन दिनों में यह संख्या दोगुनी होकर 6569 तक पहुंच गई। बुधवार को कोलकाता में 6170 नए केस मिले थे और पांच लोगों की करोना से मौत हुई।

चिकित्सकों व विशेषज्ञों का कहना है कि कोलकाता में ज्यादा मरीज मिलने की वजह बेकाबू भीड़ मुख्य है। महानगर में भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय बेअसर साबित हो रहे हैं। हाल ही में हुए कोलकाता नगर निगम के चुनाव, क्रिसमस व नए साल के जश्न के कार्यक्रमों ने भी संक्रमण दर बढ़ाई है।

कोलकाता के अलावा पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले में भी बड़ी संख्या में करोना मरीज मिल रहे हैं। यहां बीते 24 घंटे में 3118 करोना संक्रमित मिले और 18 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ राज्य में मरने वालों की संख्या बढ़कर 19,864 तक पहुंच गई।

# दस मार्च को 690 विधानसभा सीटों के नतीजे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भाजपा सरकार के लिये एक शक्तिशाली चुनौती के रूप में सामने आ चुके हैं। भाजपा सत्ता में बने रहने के लिये कोई भी कसर बाकी नहीं छोड़ रही हैं तथा सपा तथा अन्य विपक्षी दलों को कमजोर करने के लिये, भले-बुरे सभी तरीकों को काम में ले रही है। भाजपा के पास जबरदस्त संसाधन हैं तथा पिछले दो महीने से सभी अग्रणी अखबारों एवं टी.वी. समाचार चैनलों में बड़े पैमाने पर विज्ञापन दे रही हैं। संसाधनों के मामले में, अन्य पार्टियाँ भाजपा की तुलना में कहीं नहीं ठहरतीं।

पंजाब में, कांग्रेस बँटे हुये विपक्ष के चलते, सत्ता में बने रहने के लिये सत्ता-विरोधी मानसिकता को परास्त करने के लिये जी-तोड़ कोशिश कर रही है। पंजाब में विपक्षी दल इस प्रकार हैं- शिरोमणि अकाली दल (एस.ए.डी.) आम आदमी पार्टी, शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिन्दर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस। ज्ञातव्य है कि अमरिन्दर सिंह की पार्टी भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। उल्लेखनीय है कि शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) मुद्दों तथा नेतृत्व संबंधी मदभेदों के कारण मुख्य दल से अलग हो गया था।

उत्तराखंड में कांग्रेस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में चुनाव मैदान में उतर रही हैं। यहाँ भाजपा की स्थिति कमजोर हैं। दरअसल, भाजपा सत्ता विरोधी मानसिकता से तो पीड़ित है ही, पार्टी हाई कमान राज्य में तीन मुख्यमंत्री बदल चुकी हैं।

गोवा, जहाँ तृणमूल कांग्रेस और आप बड़े जोर-शोर से चुनाव मैदान में उतर रही हैं, में मुख्य चुनावी लड़ाई सत्तारूढ़ भाजपा तथा कांग्रेस के बीच है। मणिपुर में भाजपा का मुकाबला कांग्रेस और टी.एम.सी. से है।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चन्द्रा ने कहा कि जहाँ उत्तर प्रदेश में चुनाव 10 फरवरी से लेकर 7 मार्च तक सात चरणों में होंगे, वहीं उत्तराखंड और गोवा के चुनाव एक ही चरण में, 14 फरवरी को होंगे। उधर, मणिपुर में दो चरणों में होने वाले चुनाव 27 फरवरी एवं 3 मार्च को होंगे। मतगणना 10 मार्च हो होगी।

- **यू.पी. में कठिन चुनावी संघर्ष के कारण योगी व मोदी के बीच तनाव व वर्चस्व की लड़ाई "बैक ग्राउण्ड" में चली गयी है।**

इन पाँच राज्यों के मतदाता 690 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डालेंगे। इनमें से 403 विधानसभा सीट उत्तर प्रदेश में, 117 सीट पंजाब में, 70 सीटी उत्तराखंड में, 60 सीट मणिपुर में तथा 40 सीट गोवा में है।

सी.ई.सी. ने कहा कि कोविड की स्थिति को देखते हुये, 15 जनवरी तक इन राज्यों में किसी प्रकार का कोई रोड-शो, पद-यात्रा, साईकिल/बाइक रैली तथ जुलूस आदि आयोजित नहीं हो सकेंगे। इसके बाद स्थिति की समीक्षा होगी तथा नये निर्देश उसके बाद जारी किये जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मॉडल कोड ऑफ कनडक्ट (एम.सी.सी.) चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही लागू हो गया है।

सी.ई.सी. ने कहा कि राजनैतिक दलों के लिये यह अनिवार्य है कि वे अपने वैबसाइट्स पर उन लोगों से संबंधित विचाराधीन क्रिमिनल केसों की विस्तृत जानकारी अपलोड करेंगे, जो चुनावों में उम्मीदवार बनने के लिये चयनित किये गये हैं।

राजनैतिक दलों को यह भी बताना होगा कि उन्हें उसी उम्मीदवार विशेष का चयन क्यों किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने आगे कहा, "हमारा लक्ष्य पाँचों राज्यों में कोविड की दृष्टि से सुरक्षित चुनाव कराना है, जिनमें अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी हो तथा चुनावों की व्यापक तैयारियाँ की जायें। सभी मतदान केन्द्रों पर सैनिटाइजर एवं मास्क सहित सभी कोविड-न्यूनीकरण सुविधाएँ एवं व्यवस्थाएँ होंगी। इस बार मतदान केन्द्रों की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

कोविड-19 केसों का हवाला देते हुये, कांग्रेस ने घोषणा कर दी है कि वह उत्तर प्रदेश में कोई जनसभा आयोजित नहीं करेगी। कांग्रेस ने प्रधानमं.ी नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी अनुरोध किया है कि वे भी राज्य में विशाल सार्वजनिक सभाएं करने से बचें।

इस बीच, गोवा में सभी सार्वजनिक सभाएं एवं जन एकत्रीकरण भवनों के अन्दर 50 प्रतिशत क्षमता तथा खुले स्थानों पर 100 की संख्या तक सीमित रहेंगे।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यह घोषणा शुक्रवार को ही कर दी थी क्योंकि इस समुद्रतटीय राज्य, जहाँ शीघ्र ही चुनाव होने थे, में कोविड-19 केसों में जबरदस्त वृद्धि दर्ज हो चुकी थी।

## राजनीतिक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जरिये, पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी सरकार पर निशाना साध रहा है। यादव ने कहा, "ऐसा पहली बार हो रहा है कि यह सरकारी विभाग राजनैतिक विज्ञापन जारी कर रहा है। भाजपा सरकार के वल प्रचार/दुष्प्रचार तथा झूठे विज्ञापनों के आधार पर चल रही है।"

# मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी संस्था के लिए विदेशी फंडिंग बहाल की केन्द्र सरकार ने

## अभी दो हफ्ते पहले ही इस संस्था को विदेशों से मिल रहे फंड को गड़बड़ी की आशंका के चलते रोक दिया गया था

नई दिल्ली 8 जनवरी (वार्ता)। मिशनरीज ऑफ चैरिटी का विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम (एफ.सी.आर.ए.) पंजीकरण शनिवार को बहाल कर दिया गया। विदेशी फंडिंग प्राप्त करने के लिए वैध प्रमाणीकरण वाले संगठनों की सूची में इसका नाम फिर से जुड़ गया है।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि मिशनरीज ऑफ चैरिटी के लिए एफ.सी.आर.ए. के तहत नवीनीकरण के आवेदन को प्रतिकूल इनपुट के कारण अस्वीकार कर दिया गया था। गौरतलब है कि मिशनरीज ऑफ चैरिटी एफ.सी.आर.ए. के तहत पंजीकृत है। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने ट्वीट किया, प्यार की शक्ति।संत मदर टेरेसा के मिशनरीज ऑफ चैरिटी का एफ.सी.आर.ए. पंजीकरण पुनः बहाल हो गया है। 'प्रतिकूल इनपुट' ने बहुतों को परेशान किया, जो दो सप्ताह बाद समाप्त हो गया। प्यार की शक्ति 56 इंच की ताकत से अधिक मजबूत है। मिशनरीज ऑफ चैरिटी कोलकाता और उसके आसपास के विभिन्न घरों में बड़ी संख्या में बेघर, अनाथ और कुष्ठ रोगियों को मुफ्त भोजन, आश्रय और चिकित्सा उपचार प्रदान करता है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक जनवरी को 5,900 से अधिक संगठनों को एफ.सी.आर.ए. सूची से हटा दिया था। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने फरवरी 2021 में राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि 2016 से 2020 के बीच 6600 से अधिक गैर सरकारी संगठनों और संघों के एफ.सी.आर.ए. पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908